# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 13 मई 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 348 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1648 :** दिल्ली में लाल किले का निर्माण पूरा हुआ।

**1918 :** भारत ने राजस्थान के पोखरण में दो परमाणु परीक्षण किये।

**1952 :** स्वतंत्र भारत की पहली संसद का सत्र शुरू हुआ।

**1962 :** सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने।


**1978 :** देश का पहला ध्वजवाहक जहाज आईएनएस दिल्ली सेवामुक्त हुआ।

2000 : मिस इंडिया लारा दत्ता ने साइप्रस में सम्पन्न प्रतियोगिता में मिस यूनीवर्स का खिताब जीता।

### पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को किया संबोधित

# मां-बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को हमने मिटाया : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार रात देश को संबोधित किया। अपने 22 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और पीओके पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों व बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात से 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानें एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर उसे बहुत घमंड था।

# कांके रोड में बनेगा झारखंड के मुख्यमंत्री का नया आवास, हेमंत ने रखी आधारशिला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के कांके रोड में नया मुख्यमंत्री आवास बनाया जाएगा। इसके लिए आज सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धर्मपत्नी और विधायक कल्पना सोरेन के साथ कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और नए मुख्यमंत्री आवास निर्माण की आधारशिला रखी।

## 10 लाख का इनामी खालिस्तानी आतंकवादी काश्मीर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** मोतिहारी पुलिस और एनआइए की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 10 लाख के इनामी खालिस्तानी आतंकवादी काश्मीर सिंह गलवड्डी उर्फ बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नगर थाना क्षेत्र से हुई है। काश्मीर सिंह गलवड्डी उर्फ बलबीर सिंह लुधियाना का मूल निवासी है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 121, 121-ए और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 17, 18, 18-बी और 38 के तहत मामला दर्ज है। आतंकी से एनआइए, आरएडब्ल्यू और आइबी की टीम पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक बलबीर सिंह के पास से 6 से ज्यादा बैंक अकाउंट एवं करोड़ों की फंडिंग के सबूत भी मिले हैं। अमेरिका में भी निवेश की बात सामने आ रही है।

## टेलरिंग वर्कशॉप का हुआ समापन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू (रामगढ़)।** टाउनशिप स्कूल, पीवीयूएनएल परिसर में स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा आयोजित तीन माह की टेलरिंग वर्कशॉप का सफल समापन हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 10 महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हें सिलाई, कटिंग, मेजरमेंट जैसे विभिन्न टेलरिंग कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को सिलाई मशीनें एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समिति की अध्यक्षा रीता सिंह ने महिलाओं के सीखे गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है, बल्कि इससे उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर समिति की अन्य सदस्याएं, प्रशिक्षिकाएं एवं प्रशिक्षार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने समाज में महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल प्रस्तुत की है, जो स्थानीय समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

# अलग-अलग हादसों में चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गुमला।** गुमला जिले में चार अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी। जबकि तीन लोग घायल हो गये। बिशुनपुर में डीजे लदी गाड़ी की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हुई। सिसई में ऑल्टो कार पलटने से एक युवक की जान चली गयी। जबकि तीन घायल हैं। इधर सिसई में एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। वहीं घाघरा में संदेहास्पद स्थिति में एक वृद्ध की मौत हो गयी। चारों मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पहली घटना में रविवार की शाम डीजे साउंड लदे गाड़ी की चपेट में आने से बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बनारी निवासी 60 वर्षीय महावीर साहू की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल को बिशुनपुर सीएचसी लाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बनालात से एक डीजे साउंड लदा 407 गाड़ी आ रहा था। जिसके दोनों छोर में डीजे बांधने का फ्रेम निकला हुआ था। जिसके चपेट में आने से यह घटना हुई है।

दूसरी घटना में सिसई थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे बाइपास लकेया नदी के समीप कल रविवार की देर रात एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि तीन युवक घायल है। मृतक की पहचान करौंदी गांव निवासी 32 वर्षीय स्वरूप साहू के रूप में हुई है। घायलों में करौंदी के पप्पू साहू, सोनू साहू व देवेंद्र साहू शामिल है। जानकारी के अनुसार घटना रविवार रात करीब 1 बजे की है। चिकित्सकों ने स्वरूप साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं पप्पू साहू की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया।

तीसरी घटना में सिसई थाना क्षेत्र के सैंदा टुकूटोली गांव निवासी टूना उरांव के 16 वर्षीय पुत्र आनंद उरांव ने रविवार की रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर सिसई थाना पुलिस ने शव को बरामद कर सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिये गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक आनंद उरांव, इंटर का छात्र था। रविवार को आनंद और उसका छोटा भाई आशीष उरांव (7) दोनों कमरे में एक साथ सोये थे। सुबह देर होने पर पिता टूना उरांव दोनों को उठाने के लिए आवाज दिया। तब आशीष की नींद खुली। नींद खुलते ही उसने आंनद को फंदे से लटके देखा और चीखते हुए दरवाजा खोला, जब पिता ने अंदर जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी।

चौथी घटना में घाघरा थाना क्षेत्र के टोटांबी गांव में सड़क किनारे एक अज्ञात विक्षिप्त वृद्ध की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त वृद्ध व्यक्ति की मानसिक स्थिति सही नहीं थी और वह दो दिनों से टोटांबी गांव में एक बोरा में बिस्तर लेकर घूम रहा था। लोगों ने उससे पूछताछ भी की थी, लेकिन बुजुर्ग ने कुछ नहीं बताया। रविवार की देर शाम तक गांव में वृद्ध को घूमते देखा गया था। सोमवार की सुबह मुख्य पथ टोटांबी में सड़क किनारे लेटा हुआ था और वह काफी देर होने के बाद भी नहीं उठ रहा था। पास जाकर लोगों ने देखा तो, उसकी मौत हो गयी थी।

## दुर्घटना में दंपति समेत चार की मौत

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के काराकाट थाना अंतर्गत इटवां गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार दंपति समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बड़हरी थाना क्षेत्र के लडुई निवासी रमेश साह 36 वर्ष, उनकी पत्नी तेतरी देवी उर्फ कंचन देवी 32 वर्ष, उनकी आठ वर्षीय पुत्री आराधना कुमारी और छह वर्षीय पुत्र आर्यन शामिल हैं। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सभी शवों के साथ सड़क जाम कर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। बीडीओ राहुल कुमार सिंह, सीओ डॉ. रितेश कुमार और थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने उन्हें समझाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन लोगों ने उनकी एक न सुनी। ग्रामीणों के अनुसार रमेश साह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक से अपने ससुराल करूप आ रहे थे। इस बीच डिहरी से बिक्रमगंज की ओर जा रही अनियंत्रित यात्री बस ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। इस घटना में पति, पत्नी और बच्ची आराधना की मौके पर मौत हो गई जबकि आर्यन की सांसें चल रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायल आर्यन को बेहतर इलाज के लिए बिक्रमगंज स्थित निजी क्लीनिक ले गई। पति-पत्नी और बच्ची को सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

# पेड़ से टकराई बारातियों से भरी गाड़ी, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** बारात से वापस लौट रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में दो बारातियों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना गिरिडीह डुमरी पथ के जोड़ा पहाड़ी के पास की है। मृतकों में पीरटांड़ थाना इलाके के कुम्हरलालो निवासी 36 वर्षीय संतोष कुमार वर्मा और मुफ्फसिल थाना इलाके के पालमो पंचायत निवासी विनोद दास शामिल हैं। जबकि घायलों में कुम्हरलालो निवासी 44 वर्षीय खीरू वर्मा, 40 वर्षीय पप्पू वर्मा, 45 वर्षीय बबलू वर्मा, 40 वर्षीय प्रदीप वर्मा एवं 20 वर्षीय सोनू कुमार शामिल हैं। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि रविवार के दिन कुम्हरलालो से बारात बेलडीह गई थी। सोमवार सुबह लगभग चार बजे जैसे ही वाहन बदडीहा से आगे बढ़ी तभी ड्राइवर को झपकी लग गई और गाड़ी पेड़ से टकरा गई। अंधेरा होने के कारण बहुत लोग मौके पर जुट नहीं सके लेकिन मामले की जानकारी पुलिस को मिल गई। इसकी सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने अपनी टीम को घटनास्थल पर भेजा। इस बीच वाहन पर सवार सभी घायलों कों सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने दो को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल चार में से लोगों को रेफर कर दिया गया है।



सदर अस्पताल में मृतक के परिजन

# रांची में दो युवकों की हत्या पहचान में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र में रविवार रात गला रेतकर दो युवकों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव बरामद कर लिए हैं लेकिन उनकी पहचान नहीं हो पाई है। हटिया डीएसपी समेत कई पुलिस अफसर मामले की जांच कर रहे हैं। दरअसल रविवार देर रात धुर्वा पुलिस को सूचना मिली थी कि धुर्वा के बालसिरिंग स्थित पुल के पास दो युवकों के शव देखे गए हैं। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पहुंची। उसके बाद पुलिस ने देखा कि दोनों मृतकों की हत्या को किसी धारदार हथियार से अंजाम दिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों की हत्या किसी दूसरी जगह पर की गई है जबकि शवों को यहां लाकर फेंका गया है। डबल मर्डर की सूचना पाकर हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा भी वारदात स्थल पर पहुंचे। काफी जांच और आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद भी दोनों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। स्थानीय लोग भी उनके शवों को पहचान नहीं पाए हैं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि जहां से शव बरामद किए गए हैं, वह काफी सुनसान इलाका है, वहां बहुत कम लोग ही आते जाते हैं।

# महंगा हुआ दूध, झारखंड मिल्क फेडरेशन ने दो रुपए प्रति लीटर बढ़ाए दाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मिल्क फेडरेशन ने सोमवार 12 मई से अपने मेधा ब्रांड के दाम में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। महंगाई के इस दौर में मेधा दूध के दाम में बढ़ोतरी का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। झारखंड मिल्क फेडरेशन के एमडी जयदेव विश्वास ने मेधा दूध के दाम में बढ़ोतरी को सामान्य बढ़ोतरी बताते हुए कहा कि लंबे समय से मेधा दूध के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई थी, इसलिए झारखंड मिल्क फेडरेशन को अपने लिक्विड आइटम (दूध) के दाम में बढ़ोतरी करनी पड़ी है। फेडरेशन से मिली जानकारी के मुताबिक मेधा ब्रांड के अलग-अलग दूध के दाम में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद एक लीटर मेधा डबल टोंड दूध 46 में और आधा लीटर का पैकेट अब 23 रुपये में मिलेगा। वहीं, एक लीटर मेधा टोंड दूध (ताजा) के लिए उपभोक्ता को 53 रुपये और आधा लीटर के लिए 27 रुपये चुकाने होंगे। एक लीटर मेधा स्टैंडर्ड (शक्ति) की कीमत बढ़कर 59 रुपये और आधा लीटर पैकेट की कीमत 30 रुपये हो गई है। इसी तरह दूध की कीमत में प्रति लीटर 2 रुपये की बढ़ोतरी के बाद एक लीटर मेधा स्टैंडर्ड दूध (शक्ति स्पेशल) की कीमत 60 रुपये और आधा लीटर की कीमत 31 रुपये हो गई है। आधा लीटर के पैक में आने वाला मेधा गाय का दूध, इसकी कीमत अब 28 रुपये हो गई है। 6 लीटर के पैक में आने वाले मेधा स्टैंडर्ड दूध (शक्ति- खोवा दूध) की कीमत अब 348 रुपये और मेधा टोंड दूध (ताजा-छेना दूध) के छह लीटर के पैकेट की कीमत अब 312 रुपये हो गई है। फेडरेशन के प्रबंध निदेशक जयदेव विश्वास ने बताया कि वर्तमान में झारखंड में प्रतिदिन दो लाख 50 हजार लीटर दूध का संग्रह होता है, जबकि प्रतिदिन दो लाख 30 हजार लीटर दूध की बिक्री मेधा के विभिन्न मिल्क पार्लरों के माध्यम से होती है। उन्होंने बताया कि मेधा के अन्य उत्पादों जैसे पनीर, गुलाब-जामुन, घी और रबड़ी के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

> ■ **दूध छोड़ अन्य उत्पादों के मूल्य में नहीं की गई है कोई वृद्धि**

## शहीद इम्तियाज के परिजनों से मिलेंगे सीएम नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मंगलवार को छपरा जायेंगे। वह वहां ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मो इम्तियाज के परिजनों से मिलेंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार की तरफ से 21 लाख रुपया परिजनों को देंगे। बता दें कि मो. इम्तियाज छपरा जिले के नारायणपुर गांव के रहने वाले थे। इम्तियाज जम्मू-कश्मीर के आर.एस. पुरा सेक्टर में तैनात थे। 10 मई को पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में दुश्मन की गोली उनको लग गई। जिसमें वे शहीद हो गए। इम्तियाज के शहीद होने की खबर जैसे ही नारायणपुर गांव पहुंची, गांव में मातम पसर गया। उनके निधन पर पूरे गांव के साथ- साथ राज्यवासियों में भी शोक की लहर है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

## भोजपुर में महिला समेत 2 लोगों की मौत : तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा

■ मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना इमादपुर के विशुनपुरा गांव की है। ओवर स्पीड ट्रक ने घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी एक महिला कुचल दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। मृतका की पहचान रीता देवी(53) के तौर पर हुई है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर वाहन की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुनीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घंटों मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। दूसरी घटना सहार थाना क्षेत्र के नासरीगंज सकड्डी स्टेट हाईवे की है। धवरी गांव के पास ट्रैक्टर के नीचे दबने से ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक की पहचान ओझवलिया निवासी धनजी सिंह के पुत्र प्रकाश चंद्रवंशी(18) के तौर पर हुई है। हादसे के बाद भाकपा (माले) नेता उपेन्द्र भारती, मदन सिंह के नेतृत्व में लोगों ने सड़क जाम कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार मौके पर पहुंचे। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीण अड़े रहे। काफी समझाने के बाद बीच सड़क से हटने को तैयार हुए।



## 15 मई को फिर बिहार आ रहे राहुल गांधी !

■ 5 महीने में चौथा दौरा, गया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलेंगे




**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसी हफ्ते बिहार आएंगे। उनका दौरा गया में प्रस्तावित है। उनके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के कई नेता भी इसी हफ्ते राज्य के दौरे पर आएंगे। राहुल गांधी गया में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। सूत्रों के अनुसार उनका दौरा 15 मई को संभावित है। 5 महीने में ये चौथा बिहार दौरा होगा। इससे पहले 7 अप्रैल को बेगूसराय में कन्हैया कुमार की %पलायन रोको, नौकरी दो% यात्रा में शामिल हुए थे। उससे पहले पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में भी हिस्सा लिया था। बीते महीने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी बक्सर में चुनावी रैली को संबोधित किया था। कांग्रेस पार्टी बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जोर-शोर से जुटी है। इसके लिए राहुल गांधी लगातार बिहार का दौरा कर रहे हैं। हाल ही में कांग्रेस ने बिहार के सभी 40 जिलों के अध्यक्षों को बदला है।

## दरभंगा में बीपीएससी टीचर की मौत

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बीपीएससी टीचर को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना दरभंगा-सुपौल-बेनीपुर मुख्य मार्ग की है। मृतक की पहचान घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के कसरौड़ निवासी ललन यादव के पुत्र रविंद्र यादव(29) के तौर पर हुई है। केवटी प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय में पोस्टिंग थी। परिजनों ने बताया कि रविन्द्र यादव रेलवे की नौकरी को छोड़कर 2024 में बीपीएससी परीक्षा पास करके टीचर बने थे।

# एनडीए चुनाव में पूरी ताकत से उतरेगा

## पाकिस्तान को करारा जवाब मिला है : आनंद मोहन सिंह



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में 17 मई को शहीद सूर्य नारायण सिंह की 119वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोगों को घूम-घूमकर आमंत्रित कर रहे हैं। रविवार को घनश्यामपुर के पाली में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने पाग, माला, चादर और तलवार देकर सम्मानित किया। आनंद मोहन सिंह ने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव और उनके परिवार के लोग मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। लालू यादव कह रहे हैं कि इस बार दुनिया की कोई ताकत तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनने से नहीं रोक सकती। यह लोकतंत्र की भाषा नहीं, अहंकार की भाषा है। सबको सपना देखने का अधिकार है। समय आने दीजिए, जनता फैसला करेगी। एनडीए एक बार फिर पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरेगा। 2025 का चुनाव एनडीए के लिए और आसान हो गया है। देश की सेना से जिस तरह से पाकिस्तान को करारा जवाब मिला है। उससे यह साफ हो गया है कि भारत अब सामरिक और आर्थिक शक्ति बन रहा है। कोई युद्ध नहीं चाहता। हम प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं। युद्ध हमें डिस्टर्ब करता है। ऐसे में युद्धविराम हो गया है। अगर पाकिस्तान ईमानदारी से इसका पालन करता है तो स्वागत है। अगर ऐसा नहीं करता है तो उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

### सीएम नीतीश कुमार ने दिया सम्मान

वहीं, मिथिलांचल की धरती को प्रणाम करते हुए उन्होंने कहा कि शहीद सूर्य नारायण सिंह को मरणोपरांत सम्मान मिलना चाहिए था, जो नहीं मिला। उनके साथ रहने वाले लोगों को सम्मान मिला, लेकिन शहीद सूर्य नारायण सिंह उपेक्षित रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें सम्मान देते हुए उनके गांव में सूर्य नारायण सिंह हॉल के सौंदर्यीकरण के लिए लाखों रुपए दिए। रामविलास पासवान ने उनके नाम पर डाक टिकट जारी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीतीश प्रभाकर चौधरी ने की। इस मौके पर मुकेश सिंह, मनोज सम्राट, दिलीप सिंह, सागर सिंह, विनोद मिश्रा, निसार अहमद, वरुण झा, विकास शर्मा, श्याम बाबू, अजय मिश्रा, ललित झा और शेखर झा समेत कई लोग मौजूद रहे।



## दहेज के लिए गला दबाकर पत्नी की हत्या, पति फरार

**बांका, एजेंसी।** बांका में दहेज हत्या का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। शंभूगंज थाना क्षेत्र के करहरिया गांव में 24 वर्षीय बबली देवी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। दो दिन बाद रविवार शाम उसका शव नरौन बहियार की झाड़ी से बरामद हुआ। मृतका के परिजनों ने पति सोमदेव सिंह पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। बबली की शादी मई 2023 में असरगंज (मुंगेर) के सती स्थान निवासी सोमदेव सिंह से हुई थी। दोनों का एक साल का बेटा बंटी है। बबली शुक्रवार को बेटे के साथ करहरिया आई थी। उसी दिन उसने अपनी बड़ी बहन प्रियंका देवी को फोन कर बताया कि उसका पति दहेज की मांग को लेकर मारपीट करता है। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। शनिवार को प्रियंका जब बबली के ससुराल पहुंची तो घर में सिर्फ उसका दिव्यांग ससुर मिला। पति, बच्चा और बबली गायब थे। पड़ोसियों से पूछताछ करने पर हत्या की आशंका जताई गई। रविवार को पुलिस को नरौन बहियार के झाड़ियों में महिला का शव मिला। शव की पहचान बबली के रूप में हुई। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## भीषण गर्मी में नहीं होगी बिजली की किल्लत, बिहार सरकार ने बनाया यह प्लान




**पटना, एजेंसी।** बिहार के लोगों को निर्बाध बिजली देने के लिए कंपनी ने खुले बाजार से बिजली खरीदने का निर्णय लिया है। बिजली कंपनी ने इस बाबत विनियामक आयोग के समक्ष एक याचिका दायर की थी। आयोग ने याचिका पर मंजूरी दे दी है। इसके तहत कंपनी सितम्बर तक जरूरत के अनुसार बाजार से बिजली की खरीदारी करेगी। कंपनी अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष बिहार को चार नई यूनिटों से 1820 मेगावाट बिजली मिलनी है। इसमें नॉर्थ कर्णपुरा से 297 मेगावाट, बक्सर के चौसा की पहली इकाई से 561 मेगावाट और दूसरी इकाई से 561 मेगावाट, जबकि बाढ़ स्टेज एक की तीसरी इकाई से 401 मेगावाट बिजली मिलनी है। इन इकाइयों को मई-जून में ही शुरू हो जाना था, लेकिन कतिपय कारणों से इन यूनिटों से विधिवत बिजली उत्पादन में समय लग सकता है। ऐसे में कंपनी ने डीप पोर्टल और खुले बाजार से बिजली की खरीद करने का निर्णय लिया है। कंपनी ने मार्च में ही आयोग के समक्ष याचिका दायर की थी। उस याचिका में उपरोक्त इकाइयों के विलंब का हवाला देते हुए बाजार से और डीप पोर्टल से बिजली खरीदारी का अनुरोध किया गया था। कंपनी ने अपनी याचिका में कहा था कि बिहार के लोगों को जरूरत के अनुसार बिजली देने के लिए बाजार से खरीद करनी होगी। हालांकि डीप पोर्टल से बिजली खरीदने में कंपनी को जुलाई में 9.68 रुपए प्रति यूनिट, अगस्त में 9.84 रुपए प्रति यूनिट और सितम्बर में 9.79 रुपए यूनिट तक खर्च करने होंगे। यही नहीं, कभी-कभी तो अचानक ओपेन एक्सचेंज से बिजली खरीदने पर कंपनी को 11-12 रुपए यूनिट तक खर्च करना पड़ता है जो सामान्य दर से दोगुना से भी अधिक होता है।

### इस वर्ष खपत नौ हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना

लोगों को निर्बाध बिजली देने के लिए कंपनी पूर्व के वर्षों में भी बिजली की खरीदारी करती रही है और इस वर्ष भी यह सिलसिला जारी रहेगा। बिहार में अभी अधिकतम 8005 मेगावाट बिजली की खपत हो चुकी है। इस वर्ष इसके नौ हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। वैसे सामान्य दिनों में हर रोज सात हजार मेगावाट बिजली की खपत होती है।

## बिहार विधानसभा चुनाव : 25 प्रतिशत ईवीएम रहेंगे सुरक्षित

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी गयी है। बूथों पर जरूरत के अतिरिक्त 25 प्रतिशत ईवीएम सुरक्षित (रिजर्व) रखी जाएंगी। इनका उपयोग चुनाव के प्रारंभ होने के पूर्व मॉक पोल के दौरान या बाद में किसी भी ईवीएम में तकनीकी खराबी या गड़बड़ी पर किया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसकी तैयारी कर ली है। चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव को लेकर अतिरिक्त ईवीएम उपलब्ध करा दिया है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ईवीएम के तहत 25 प्रतिशत अतिरिक्त बैलेट यूनिट (बीयू), 25 प्रतिशत अतिरिक्त कंट्रोल यूनिट (सीयू) और 35 प्रतिशत अतिरिक्त वीवी पैट के इंतजाम किए गए हैं।



### चुनाव में सिर्फ ईसीआईएल की ईवीएम का होगा इस्तेमाल

इस बार के चुनाव में सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल), हैदराबाद की ही ईवीएम का इस्तेमाल होगा। हालांकि, देश में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बेल) भी ईवीएम का निर्माण करती है। इस बार चुनाव में उपयोग के लिए 1.75 लाख ईवीएम उपलब्ध कराई गई है। इनकी प्राथमिक चरण की जांच के लिए ईसीआईएल की ओर से इंजीनियर भी जिलों में भेजे जा रहे हैं। चरणबद्ध तरीके से राज्य के सभी जिलों में जिलाधिकारी के अनुरोध पर कंपनी द्वारा इंजीनियरों को भेजा जाएगा। जून तक सभी ईवीएम की जांच की जानी है। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह द्वारा की जा रही है।

### 15 से अधिक उम्मीदवार होने पर दो ईवीएम का इस्तेमाल

जिन निर्वाचन क्षेत्रों में 15 से अधिक उम्मीदवार होंगे वहां दो ईवीएम का इस्तेमाल होगा। हरेक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में 16 बटन दिए गए हैं। इसमें 15 बटन उम्मीदवारों के लिए होंगे। एक बटन उपरोक्त में से कोई नहीं, यानी नोटा का होगा। चुनाव के पूर्व और मतदान शुरू होने के दौरान भी ईवीएम के इस्तेमाल की जानकारी मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों को दी जाएगी।

## चैंबर सभागार में 17 को मनेगी सुशील मोदी की पुण्यतिथि

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जवाहरलाल रोड स्थित चैंबर सभागार में 17 मई को पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रविवार को चैंबर सभागार में बैठक हुई। कार्यक्रम के सह संयोजक दीपक बंका ने कहा कि जिनकी बदौलत प्रदेश और पार्टी का विकास हुआ, उनकी याद में यह कार्यक्रम हो रहा है। पंचायतीराज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में सुशील मोदी के मार्गदर्शन की चर्चा की। वहीं, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने सुशील मोदी को अपना अभिवावक बताया। भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने सुशील मोदी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी ने कहा कि सुशील मोदी की प्रेरणा से ही व्यवसाय के साथ-साथ राजनीति क्षेत्र में आया। मेयर निर्मला साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष रंजन कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविन्द सिंह, परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसरिया, अशोक सिंह, प्रियांशू मोदी ने विचार रखे। मौके पर देवीलाल, रंजन साहू, देवांशु किशोर, भोला चौधरी, केशव चौबे, दीपक पोद्दार, सज्जन शर्मा, गरीबनाथ बंका, सुरेश खेतान, मदनमोहन कृष्णा, भारत भूषण, डॉ. मोना, राजीव रंजन, अशोक शर्मा आदि थे।

## बिहार के लाल शहीद मोहम्मद इम्तियाज को पटना एयरपोर्ट पर श्रद्धांजलि



**पटना, एजेंसी।** जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में क्रॉस बॉर्डर फायरिंग में देश की रक्षा करते हुए अपना बलिदान देने वाले बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर पटना लाया गया। बिहार के लाल सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज ने सीमा पर आतंकवादियों के छक्के छुड़ा दिए थे। भारत मां की सेवा करते-करते बिहार के छपरा जिले के बहादुर जवान मोहम्मद इम्तियाज ने अपनी जान गंवा दी। इंडिगो के विमान संख्या 6ई 2769 से शहीद मोहम्मद इम्तियाज का शव पटना एयरपोर्ट पहुंचा। पटना एयरपोर्ट पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजनीतिक हस्तियों के अलावा कई अन्य लोगों ने भी शहीद मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि दी है। पटना एयरपोर्ट पर शहीद मोहम्मद इम्तियाज की एक झलक पाने के लिए काफी लोग मौजूद थे। तिरंगे में लिपटे उनके शव को देख हर कोई गमगीन था। मोहम्मद इम्तियाज के बेटे मोहम्मद इमरान रजा ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में बिलखते हुए कहा- आई एम प्राउड ऑफ माई फादर (मुझे अपने पिता पर गर्व है।) बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, मंत्री श्रवण कुमार, जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी है।

शहीद को श्रद्धांजलि देने के बाद बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि देश के लिए शहादत देने में बिहारी सबसे आगे रहते हैं। सारण के इम्तियाज ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। देश उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगा। अनेक होकर भी हम एक हैं। जब बात देश की हो तो हमसब एक हो जाते हैं। बता दें कि शहीद सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तेयाज छपरा जिले के गड़खा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के रहने वाले थे। वे जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बॉर्डर पार से गोलाबारी के दौरान घायल हो गए थे।

उनके साथ अन्य सात जवान भी जख्मी हुए थे जिन्हें इलाज के लिए आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बाद में इम्तियाज की शहादत हो गई। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद इम्तेयाज बीएसएफ सीमा चौकी का नेतृत्व करते हुए शहीद हुए। उनके पुत्र इमरान सूचना मिलते ही जम्मू के लिए रवाना हो गए थे। रविवार को वो फ्रंटियर मुख्यालय, जम्मू (पलौरा) में पूर्ण सम्मान के साथ माल्यार्पण समारोह के बाद पार्थिव शरीर को लेकर जवान घर के लिए निकल चुके थे। यहां भी अफसरों व जवानों ने उनके बलिदान को याद कर श्रद्धांजलि दी थी। शहीद मोहम्मद इम्तियाज के पार्थिव शरीर को उनका गांव लाया जाएगा। यहां पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।




## बड़ा रेल हादसा टला, नई दिल्ली- दरभंगा संपर्क क्रांति के इंजन में घुसा ड्रिलर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नई दिल्ली से दरभंगा आ रही बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट में रविवार को बड़ा हादसा होने से टल गया। गाजियाबाद साइट पर चल रहे मरम्मत कार्य स्थल से एक ड्रिल मशीन छिटक कर इंजन के पावर कार के टैंक में घुस गई। इससे डीजल का भारी रिसाव होता रहा। गाजियाबाद से अलीगढ़ आउटर पर ट्रेन पहुंचने पर चालक को इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद ट्रेन को रोका करीब दो घंटे के आपरेशन के बाद ट्रेन को अलीगढ़ से रवाना किया गया। इस हादसे में रेलवे की भारी लापरवाही उजागर हुई है। यह ड्रिलर पहिये के नीचे आता तो ट्रेन पलट भी सकती थी।

नई दिल्ली से ट्रेन रवाना होने के बाद गाजियाबाद में इंजन पावर कार के डीजल टैंक में पत्थर तोड़ने और दीवार में छेद करने वाला ड्रिलर घुस गया। पायलट और गार्ड को पता भी नहीं चल पाया। ट्रेन दिल्ली से अलीगढ़ पहुंची तक लोको पायलट ने सूचना दी, जिसके बाद अलीगढ़ में ड्रिलर को निकाल कर कपड़े से ट्रैंक बंद करने की कोशिश की गई।

पर तेल नहीं रुका। बाद में अधिकारियों के आदेश पर डीजल टैंक से 1050 लीटर डीजल निकालकर खाली कराया गया। इस हादसे से ट्रेन करीब दो घंटे अधिक प्रभावित रही। शाम पांच बजे ट्रेन को रवाना किया गया। ट्रेन के लोको पायलेट केएन शुक्ला ने बताया उन्हें नहीं पता कि यह ड्रिलर टैंक में कब घुसा।

गाड़ी नई दिल्ली से थ्रू आ रही थी। आरपीएफ ने एलटी मशीन यानी ड्रिलर को कब्जे में ले लिया है। मशीन का निरक्षण किया तो पता चला मशीन बृजेश नाम के व्यक्ति का है। बृजेश ने बताया कि यह मशीन मेरी ही है, मैं आज छुट्टी पर हूं। हमारा काम ग़ाज़ियाबाद स्टेशन पर चल रहा है। मेरी गैर हाजरी में मेरा काम धर्मपाल मुंशी द्वारा किया जा रहा है।

धर्मपाल ने बताया कि हमारा काम रेलवे फाउंडेशन तोड़ने का है। ग़ाज़ियाबाद स्टेशन के 200 मीटर पूर्वी यार्ड में अलीगढ़ की तरफ चल रहा है। जहां लंच पर जाते वक्त मशीन छूट गई थी।


### अधिकारी का बयान

बिहार संपर्क क्रांति हादसे की जानकारी नहीं है। पर इसमें गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के स्तर पर लापरवाही नजर आ रही है। मामले की जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। -शशिकांत त्रिपाठी, सीपीआरओ

# दोस्तों ने मिलकर की दोस्त की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो दोस्तों ने मिलकर अपने ही साथी की पत्थर से कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के तालापाड़ा निवासी रविंद्र भुइयां के रूप में हुई है, जो चैनपुर के ईटको इलाके में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। हत्या के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए हैं।




**रविंद्र के लापता होने की सूचना के बाद पुलिस जांच में जुटी**

पुलिस के अनुसार, रविवार को रविंद्र भुइयां के परिजनों ने चैनपुर थाने में उस के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और लापता मजदूर की तलाश में जुट गई। सोमवार को चैनपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि शव रविंद्र भुइयां का है, जिसकी ईंट-पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या की गई थी।

**पोस्टमार्टम के लिए शव मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज भेजा**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि रविंद्र रविवार को अपने दो दोस्तों के साथ ईंट भट्ठे से घूमने निकला था। सोमवार को उसका शव बरामद हुआ। जांच में पता चला कि उसके साथ गए दोस्तों ने ही उसकी हत्या की है।

**आरोपित लातेहार के मनिका के निवासी, पुलिस तलाश में जुटी**

पुलिस ने बताया कि हत्या के दोनों आरोपी लातेहार जिले के मनिका के रहने वाले हैं और रविंद्र के साथ ही ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों फरार हो गए हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है और मामले की गहन जांच कर रही है।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

घटना की सूचना मिलते ही रविंद्र के परिजन मौके पर पहुंचे। बेटे की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि रविंद्र और दोनों आरोपी लंबे समय से एक साथ काम कर रहे थे, लेकिन उन्हें आपसी रंजिश का कोई अंदाजा नहीं था।

**पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

चैनपुर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा और हत्या के कारणों का खुलासा किया जाएगा। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है और लोग स्तब्ध हैं कि दोस्ती में ऐसा विश्वासघात कैसे हो सकता है।

# सीमा कुमार की साहित्यिक शुरुआत, हिंदी साहित्य में नई संवेदनशील आवाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिंदी साहित्य जगत में एक नई और संवेदनशील स्वर के रूप में उभरीं लेखिका सीमा कुमार ने अपनी प्रथम पुस्तकों एक एहसासः मेरी आकांक्षा और दक्ष काव्य संग्रह के साथ पाठकों का ध्यान आकर्षित किया है। साहित्य 24 पब्लिकेशन, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित ये पुस्तकें लेखिका के जीवनानुभवों, भावनात्मक गहराई और सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति हैं। समीक्षक अम्बरीश श्रीवास्तव ने इन रचनाओं को आत्मचिं दद्द्वधद्न'द्धदथ से आत्मप्रकाश की यात्रा करार दिया है। एक एहसासः मेरी आकांक्षा 24 कहानियों का मार्मिक संग्रह है, जो मातृत्व, प्रेम, पीड़ा और आध्यात्मिकता जैसे विषयों को आत्मीयता के साथ प्रस्तुत करता है। पुस्तक का आवरण चित्र लेखिका ने स्वयं बनाया है, जबकि भीतर के चित्र उनके बच्चों की कलाकृतियाँ हैं, जो इसे एक पारिवारिक प्रेम-प्रस्ताव बनाता है। मीठा दर्द, सुकून, निशब्द और गणपति बप्पा मोरया जैसी कहानियाँ पाठकों को भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तर पर छूती हैं।






वहीं, दक्ष काव्य संग्रह लेखिका की कोमल और सच्ची कविताओं का संकलन है, जो प्रेम, आशा और आत्मावलोकन जैसे विषयों को सरलता से व्यक्त करता है। ये कविताएँ अलंकारों के बोझ से मुक्त, हृदय से हृदय तक संवाद करती हैं। पटना में जन्मीं और इतिहास में स्नातक सीमा कुमार एक सुजोक चिकित्सक, लायंस क्लब फ़ेमिना और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की सक्रिय सदस्य हैं। बचपन से कहानियां सुनाने वाली सीमा ने पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच लेखन को फिर से अपनाया और इन पुस्तकों के माध्यम से अपनी आवाज़ को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया।

समीक्षक के अनुसार, कुछ कहानियों में कथानक को और ठोस करने की गुंजाइश है, लेकिन लेखिका की ईमानदारी और भावनात्मक गहराई इन्हें विशिष्ट बनाती है। साहित्य में संवेदनशीलता और आत्मीयता की तलाश करने वाले पाठकों के लिए सीमा कुमार की रचनाएँ प्रेरणादायक हैं।

सीमा कुमार की यह साहित्यिक शुरुआत नारी शक्ति और पारिवारिक मूल्यों को समर्पित है। जैसे-जैसे वे अपने लेखन को परिष्कृत करेंगी, वे हिंदी साहित्य में एक सशक्त हस्ताक्षर बन सकती हैं। इन पुस्तकों को साहित्य 24 पब्लिकेशन से प्राप्त किया जा सकता है।

# पलामू: हुसैनाबाद के बराही गांव में बनेगा विश्व का सबसे ऊंचा 551 फीट का दुर्गा मंदिर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत बराही गांव में विश्व का सबसे ऊंचा मां दुर्गा मंदिर बनने जा रहा है। यह मंदिर 551 फीट ऊंचा होगा और इसके साथ ही 151 फीट ऊंचा एक भव्य नवग्रह मंदिर भी निर्मित किया जाएगा। बराही धाम, जो सोन नदी के तट पर स्थित है, पहले से ही 105 फीट ऊंची दक्षिणमुखी हनुमान प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है। सोन नदी के दूसरी ओर बिहार के रोहतास जिले में गुप्ता धाम स्थित है।

**चीन और बेंगलुरु के आर्किटेक्ट तैयार कर रहे डिजाइन**

मंदिर का डिजाइन चीन और बेंगलुरु के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट्स द्वारा तैयार किया जा रहा है। करीब 10 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इस मंदिर परिसर में गुरुकुल और अस्पताल भी स्थापित किए जाएंगे। गुरुकुल में गरीब बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा और अस्पताल में सस्ता इलाज उपलब्ध होगा।

**14 मई को होगा भव्य भूमि पूजन समारोह**

मंदिर निर्माण के लिए 14 मई 2025 को भव्य भूमि पूजन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, कई संत-महात्मा और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

**अधिकारियों और विधायक ने लिया तैयारियों का जायजा**

सोमवार को पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, छतरपुर एसडीपीओ प्रसाद यादव, आईपीएस दिव्यांश शुक्ला, प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन सिंह, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, पार्वती कुमारी और हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने हेलीपैड और आयोजन स्थल का जायजा लिया तथा आयोजकों से तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह (टूटू सिंह) और शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह भी मौजूद रहे।

शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए आवश्यक एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बराही धाम में खुदाई के दौरान मां दुर्गा की मूर्ति प्राप्त हुई थी, जिसे चमत्कारिक माना जाता है। बराही का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है और इसका नाम भगवान विष्णु के वाराह अवतार से भी जुड़ा है।


रणधीर सिंह ने कहा, इस मंदिर के निर्माण से बराही धाम वैश्विक धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर स्थापित होगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

बराही धाम में स्थापित 105 फीट ऊंची दक्षिणमुखी हनुमान प्रतिमा विश्व की पहली ऐसी प्रतिमा है। यहां प्रतिदिन झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पिछले ढाई वर्षों से हर मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि झारखंड के पर्यटन और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सैराज ने स्वर्ण पदक जीतते हुए तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**बिहारशरीफ।** महाराष्ट्र के भारोत्तोलक सैराज राजेश परदेशी ने यहां राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सोमवार को 81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतते हुए अपने ही नाम दर्ज तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ डाला। सैराज ने कुल 312 किग्रा (140 किग्रा स्नैच . 172 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाया। उन्होंने इससे पहले दोहा, कतर में दिसंबर 2024 में हुए एशियन चैंपियनशिप में 139 किग्रा (स्नैच), 171 किग्रा (क्लीन एंड जर्क) और 311 किग्रा (कुल वजन) के रिकॉर्ड बनाए थे। आंध्र प्रदेश के एम. तरुण ने कुल 287 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश के आयुष राणा ने 264 किग्रा के साथ कांस्य पदक हासिल किया। 2024 से पटियाला स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में कोच अल्केश बरुआ के मार्गदर्शन में 2024 से प्रशिक्षण ले रहे सैराज अपने विरोधियों से काफी आगे रहे। उन्होंने चेन्नई में पिछले साल इसी वजन वर्ग में जीता गया स्वर्ण पदक सफलतापूर्वक बचाया। इससे पहले 2023 में इंदौर में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उन्होंने 73 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था। सैराज को 2021 में साई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, औरंगाबाद में शामिल किया गया था, जहां उन्होंने कोच डी.डी. शर्मा से प्रशिक्षण लिया। सैराज ने कहा. ल्लशुरुआत में मेरा लक्ष्य रिकॉर्ड तोड़ना नहीं था। मैं एक-एक





लिफ्ट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था, लेकिन जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ी, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का निश्चय किया। मैं अपने परिवार, कोचों और सरकार का धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरा सपना है कि मैं ओलंपिक में भारत के लिए पुरुष भारोत्तोलन में पहला पदक जीतूं। कर्णम मल्लेश्वरी और मीराबाई चानू ने तो यह कर दिखाया है, लेकिन भारतीय पुरुष अब तक ओलंपिक में पदक नहीं जीत पाए हैं मैं यह बदलना चाहता हूं। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के अगले महीने भार वर्गों में बदलाव की योजना के तहत, सैराज अब अधिक वजन वर्ग में जाने की योजना बना रहे हैं। 17 साल के सैराज कहते हैं, मैं अब 88 किग्रा वर्ग में जाना चाहता हूं, क्योंकि आईडब्ल्यूएफ के नियमों में यह बदलाव होने की संभावना है। अधिक शरीर के वजन के साथ मैं अपनी लिफ्टिंग और बेहतर कर सकता हूं। एनसीओई का हिस्सा बनने के कारण मुझे विश्वस्तरीय कोचिंग, प्रशिक्षण सुविधाएं और रिकवरी सपोर्ट मिलता है, जो एक भारोत्तोलक के लिए बेहद जरूरी है। इसके अलावा, मुझे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए सभी खर्चों की सुविधा मिलती है। मैं खेल मंत्रालय और साई का आभार प्रकट करता हूं। अरुणाचल प्रदेश के तायर रोनिक ने 73 किग्रा वर्ग में 154 किग्रा का क्लीन एंड जर्क उठाकर राज्य के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। इन खेलों में अरुणाचल प्रदेश का पहला स्वर्ण पदक है। उन्होंने कुल 267 किग्रा वजन उठाया, जो असम के हेमंता दोइमारी से सिर्फ एक किलोग्राम अधिक था। मध्य प्रदेश के हिमांशु कुशवाहा ने 255 किग्रा के साथ कांस्य पदक जीता। तायर ने कहा, यह मेरी पहली खेलो इंडिया पदक है और मैं बेहद खुश हूं। मैंने पिछले तीन राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक नहीं जीता था, जिससे मैं काफी निराश था। मैं पिछले साल अक्टूबर के नेशनल्स के बाद अपने गांव तक नहीं गया और खुद से वादा किया कि जब तक मैं पदक नहीं जीतूंगा, तब तक घर नहीं जाऊंगा। युवा बालिका वर्ग 64 किग्रा में, आंध्र प्रदेश की गुज्जाला वर्षिता ने कुल 174 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। यह ओडिशा की टिकी मोहिनी मलिक से दो किलोग्राम अधिक था। वर्षिता, ओलंपिक पदक विजेता कर्णम मल्लेश्वरी के गृहनगर श्रीकाकुलम से आती हैं और उनका लक्ष्य है कि वह राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करें।

# मंडप प्रतिष्ठित कर जैन धर्मावलंबियों ने की सिद्ध प्रभु की आराधना







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** संप्रति समंतभद्र श्रमण 108 मुनि श्री विशल्य सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से नवादा जिला मुख्यालय स्थित दिगम्बर जैन मंदिर के श्री 1008 महा सिद्धिकारक सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन चरणबद्ध ढंग से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। जैन समाज के दीपक जैन ने बताया कि सोमवार को प्रातः नवादा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में यंत्राभिषेक व जाप्य अनुष्ठान आयोजित किए गए। पूरे विधि-विधान के साथ मंडप को प्रतिष्ठित किया गया एवं जिनाभिषेक व महा शांति धारा कर विश्व शांति एवं प्राणिमात्र के कल्याण की मंगलकामना की गई। देव, शास्त्र, गुरू की भक्तिमय पूजा-अर्चना के पश्चात दिगम्बर जैन संत 108 श्री विशल्य सागर जी महाराज के परम पावन प्रेरणा व सानिध्य में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान प्रथम पूजन की भक्ति संगीतमय आराधना की गई एवं सिद्ध प्रभु के चरणों में आठ अर्घ्य समर्पित किए गए। संगीतमय अष्ट सिद्ध प्रभु की विशेष आराधना के दौरान महामंडल विधान कार्यक्रम में उपस्थित जैन श्रद्धालु भक्तिरस का भरपूर आनंद लिया, जिसके आलोक में सर्व मंगलकारी मंत्रोचार एवं जिनेंद्र प्रभु व मुनिश्री के जयघोष से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा।

विधानाचार्य मुकेश जैन शास्त्री के निर्देशन में आयोजित इस सर्वमंगलकारी श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में संतोष पांड्या, सुनीता बड़जात्या, लक्ष्मी जैन, चंदा बड़जात्या, मधु जैन, खुशबू जैन, सुनीता जैन, रीता सेठी, राजुल गंगवाल, संतोष छाबड़ा, सुमति गंगवाल, वीणा काला, रजनी काला, शीला जैन, नीतू काला, स्विटी गंगवाल, ममता काला, सपना गंगवाल, रजनी पांड्या, लक्की गंगवाल व विनीता बड़जात्या के साथ ही अभय बड़जात्या, उदय बड़जात्या, राजेश जैन, भीमराज गंगवाल, विनोद काला, अनिल गंगवाल, जय कुमार छाबड़ा, अशोक कुमार जैन, रौशन जैन व नितेश गंगवाल सहित दर्जनों विधानकर्ताओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम में जैन समाज के दीपक जैन, मनोज जैन, महेश जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन व लक्की जैन सहित भारी संख्या में स्थानीय अन्य जैन श्रद्धालुओं ने सक्रिय तौर शिरकत किया।

## भक्ति की तपिश में तपने से होती है अनंत सौंदर्य की प्राप्तिः विशल्य सागर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रसिद्ध दिगंम्बर जैन संत 108 श्री विशल्य सागर जी महाराज ने कहा है कि वर माला जहां जीवन में फ़ेरा डालने का काम करता है, वहीं सिद्ध प्रभु की माला जीवन का उद्धार करने में महती भूमिका अदा करती है। मुनिश्री आज नवादा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ये बात कही।

मुनिश्री ने कहा कि भक्ति सिद्धम रूपम यानि सुंदर बनने के लिए सौंदर्य प्रसाधन की नहीं, बल्कि अनंत सिद्ध प्रभु के भक्ति रस में डूबने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोयला कभी उजला नहीं होता। उसे उजला बनने के लिए तपना पड़ता है। उसी प्रकार स्वयं को भक्ति की तपिश में तपाने के पश्चात ही मानव अनंत सौंदर्य को प्राप्त करता है। उन्होंने स्वयं को रूप से नहीं, अपितू भक्ति भाव के स्वरूप से सुंदर बनाने की बात कही। मुनिश्री ने कहा कि भूमि में रोपित एक बीज फल बनता है, तो मुंह में रोपित बीज मल बनता है। यह मानव के चरित्र पर निर्भर करता है कि उसे बीज को फल का स्वरूप देना है अथवा मल का। उन्होंने कहा कि सिद्धचक्र विधान अनंत सिद्धों की आराधना का नाम है। उन्होंने अनंत सिद्धों की भक्ति गंगा में डुबकी लगा स्वयं की जीवन को कृतार्थ करने का आह्वान किया। सामाजिक एकता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि माला की एक भी मोती बिखर जाए, तो वह खंडित हो जाती है। ऐसी व्यवस्था हो कि सामाजिक माला की एक भी मोती बिखरने न पाए। उन्होंने उत्थान के लिए भेदभाव रहित सामाजिक समरसता की भावना को अपने व्यवहारिक जीवन में आत्मसात कर का स्थानीय जैन समाज से जुड़े लोगों का आह्वान किया।

# ऑपरेशन शक्ति ने भारतीयों में गर्व और राष्ट्रीय पहचान की जगाई भावना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** संध्या चरखा पार्क परिसर के निकट नागरिक परिषद, मोतिहारी द्वारा डॉ0 अतुल कुमार के संयोजकत्व में सामर्थ्य शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद पूर्व केंद्रीय कृराजू बैठा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 11 मई को भारत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाता है। यह दिन 11 मई और 13 मई, 1998 को पोखरण में किए गए सफल परमाणु परीक्षण का सम्मान करता है। इन परीक्षणों को सामूहिक रूप से ऑपरेशन शक्ति के रूप में जाना जाता है, जिसने भारत की तकनीकी और वैज्ञानिक क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित किया और देश को एक परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया। श्री सिंह ने कहा कि 11 मई 1998 को भारत ने राजस्थान के थार रेगिस्तान में पोखरण परीक्षण रेंज में भूमिगत परमाणु परीक्षणों की एक श्रृंखला आयोजित की। यह भारत का दूसरा परमाणु परीक्षण था। 13 मई 1998 को दो और विखंडन बमों का विस्फोट किया गया और प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भारतीय सरकार ने भारत अपनी परमाणु शक्ति का प्रदर्शन करने और खुद को परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए ऑपरेशन शक्ति का प्रदर्शन किया और भारत को पूर्ण परमाणु




राज्य घोषित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन शक्ति का सबसे उल्लेखनीय पहलू यह था कि भारत ने पूरी तरह से स्वदेशी प्रयासों के माध्यम से परमाणु हथियारों का विकास और परीक्षण किया। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन शक्ति ने कई भारतीयों में गर्व और राष्ट्रीय पहचान की भावना जगाई। यह विश्व मंच पर भारत की संप्रभुता, आत्मनिर्भरता और तकनीकी कौशल के दावे का प्रतीक था। इसने दक्षिण एशियाई भू-राजनीतिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित किया।

भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष पर श्री सिंह ने कहा कि आईएसआई से करीबी संबंध रखने वाले मुरीदों के, बहावलपुर के आतंकी शिविरों पर हमला करके भारत ने जो संदेश दिया है, वह यह है कि हमने अपनी निगाह नहीं खोई है और हम आपको मुख्यालय पर ही निशाना बनाएंगे। हम छोटे शिविरों पर हमला नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर तीनों लक्ष्य हासिल किए। सैन्य उद्देश्य यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था 'मिट्टी में मिला देंगे, बहावलपुर, मुरीद के और मुजफ्फराबाद कैंप को मिट्टी में मिला दिया।'

मौके पर विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद, डॉ0 आशुतोष शरण, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, डॉ0 अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, राजीव शंकर वर्मा, डॉ0 मृगेंद्र कुमार, अमित सेन, मीना मिश्रा, संगीता चित्रांश, सुधांशु रंजन, गुलरेज शहजाद, साजिद रजा, गुलरेज शहजाद, विनोद कुशवाहा, पप्पू पाण्डेय, ऋषभ झा, सुधीर गुप्ता, बसंत कुमार सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थानों एवं संगठनों के लोग उपस्थित थे।

# महिला संवाद कार्यक्रम के 23वें दिन 4532 महिलाएं शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले में चल रहे महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएं बड़ी संख्या में भाग ले रही हैं और खुलकर अपनी समस्याएं तथा सुझाव रख रही हैं। आज संवाद कार्यक्रम के 23वें दिन दोनों पालियों में कुल 4532 महिलाओं की भागीदारी दर्ज की गई। यह कार्यक्रम 18 अप्रैल 2025 से जिले में प्रतिदिन संचालित किया जा रहा है।



जिले के 26 स्थानों पर प्रतिदिन दो पालियों में संवाद आयोजित किए जा रहे हैं, जिसे 13 संवाद रथों के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। इन संवाद रथों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सरकारी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में दिखाई जा रही हैं। साथ ही ऑडियो-वीडियो के माध्यम से दी जा रही जानकारी को महिलाएं सरलता से समझ पा रही हैं, जिससे संवाद का प्रभाव और अधिक व्यापक हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को योजनाओं से संबंधित जानकारी वाले लीफलेट भी वितरित किए जा रहे हैं। इन लीफलेटों के माध्यम से महिलाएं सरकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से समझ रही हैं। मुख्यमंत्री का संदेश भी इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को सुनाया जा रहा है। अब तक जिले के 578 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित हो चुका है, जिसमें 1 लाख से अधिक महिलाओं ने भागीदारी निभाई है। संवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त कुल 13,963 आकांक्षाओं को मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज किया गया है।

इन आकांक्षाओं में मुख्य रूप से बुनियादी सुविधाओं, सामुदायिक सेवाओं के विस्तार तथा उनमें सुधार की मांगें प्रमुख रही हैं। कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलावों को साझा किया और बताया कि वे किस प्रकार इन योजनाओं के माध्यम से स्वयं तथा अपने परिवार को सशक्त बना रही हैं। इससे समाज के निचले पायदान पर खड़ी महिलाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

CMYK

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 12-05-2025 22:21 Page 1



# तिरंगा अपमान के आरोप में एक गिरफ्तार

- देश विरोधी मानसिकता फैलाने में लगा था बिट्टू
- देशद्रोह का चल सकता है मुकदमा : अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच इंटरनेट मीडिया का गलत इस्तेमाल कर देश विरोधी मानसिकता फैलाने की कोशिश करने के आरोप में बक्सर के एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक की गिरफ्तारी रविवार देर शाम शहर के स्टेशन रोड से की गई है। आरोपित युवक इंटरनेट मीडिया पर लगातार तिरंगे को अपमानित करने वाले पोस्ट डाल रहा था।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि 20 सूत्री के सदस्य सह भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने इंटरनेट मीडिया पर बिट्टू अंसारी नामक युवक के फेसबुक प्रोफाइल पर तिरंगे को अपमानित करते डाले गए पोस्ट का स्क्रीनशॉट भेजकर इसकी जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया था।

फेसबुक पोस्ट की जांच और सत्यापन के क्रम में पाया गया कि इस्माइलपुर निवासी बिट्टू अंसारी नामक युवक गत कुछ दिनों से ऐसे पोस्ट लगातार प्रसारित कर रहा था। उसके हर पोस्ट में भारतीय तिरंगे को अपमानित करती तस्वीरें और आतंकवादियों का महिमामंडन करती तस्वीरें शामिल रहती थीं।

वहीं, नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सत्यापन के क्रम में पता चला कि इस्माइलपुर निवासी सलमान अंसारी का पुत्र सिंटु अंसारी अपने भाई बिट्टू अंसारी के नाम का फेसबुक आईडी बनाकर देश विरोधी मानसिकता फैलाने में लगा था। इस मामले में आरोपित सिंटु अंसारी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करते हुए रविवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया गया।

उसपर आरोप है कि वह लगातार देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वाली सामग्री इंटरनेट मीडिया पर साझा कर रहा था। बताया जाता है कि आरोपित युवक गत कुछ दिनों से विभिन्न इंटरनेट मीडिया अकाउंट्स के द्वारा भारत के खिलाफ लगातार आपत्तिजनक पोस्ट और वीडियो शेयर कर रहा था।

आतंकवादियों का महिमामंडन करते हुए बनाए गए वीडियो और राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान से जुड़ी पोस्ट उसके अकाउंट से पाए जाने के बाद पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि देश विरोधी गतिविधियों को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सभी प्रकार के इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म की पुलिस द्वारा लगातार निगरानी की जा रही हैं, जिससे देशद्रोही मानसिकता फैलाने वालों को सबक सिखाया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि अगर उन्हें किसी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट नजर आए, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# बिहार में औद्योगिक क्रांति लेने लगी उड़ान

- जिले में 18 नई यूनिटों को मिली मंजूरी
- खुलेंगे विकास के द्वार, मिलेगा रोजगार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद ने जिले में 18 नई यूनिट को मंजूरी दी है। इसमें बियाडा एरिया बेला व मोतीपुर दोनों जगह पर यूनिट की स्थापना की जाएगी।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। खासतौर पर मुजफ्फरपुर जिले में 18 नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी गई।

बैठक में उन परियोजनाओं को विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई, जिनमें बेकरी उत्पादों का निर्माण, अलमारी निर्माण, प्लास्टिक की बोतलें, जैविक खाद्य उत्पाद और मनोरंजन पार्क जैसी विविध क्षेत्रों के उद्योग शामिल हैं। इन नई परियोजनाओं से जिले में करीब 10,000 नए रोजगार अवसर पैदा होंगे, जो खासतौर पर स्थानीय युवाओं के लिए बेहतर साबित होंगे। इसके साथ ही इन परियोजनाओं से जिले के कृषि आधारित उद्योगों को भी लाभ होने की संभावना है।

जैसे, जैविक खाद्य उत्पाद परियोजना से स्थानीय किसानों को जैविक कृषि के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और उनके उत्पादों को स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर बाजार मिलेगा।

इसी तरह, बेकरी और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थानीय उत्पादों का प्रसंस्करण करेंगी, जिससे किसान और स्थानीय व्यवसायियों को लाभ होगा।

विभाग के अनुसार, बिहार औद्योगिक नीति 2025 के तहत बिहार में निवेश को आकर्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में यह कदम एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले भी मोतीपुर बियाडा इलाके में पशु आहार की यूनिट लगेगी।

# बस की टक्कर से बाइक सवार दंपती सहित चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट।** थाना क्षेत्र के इटवां गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार दंपती समेत चार लोगों की मौत हो गई।

मृतकों में बड़हरी थाना क्षेत्र के लडुई निवासी रमेश साह 36 वर्ष, उनकी पत्नी तेतरी देवी उर्फ कंचन देवी 32 वर्ष, उनकी आठ वर्षीय पुत्री आराधना कुमारी और छह वर्षीय पुत्र आर्यन शामिल हैं।इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सभी शवों के साथ सड़क जाम कर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। बीडीओ राहुल कुमार सिंह, सीओ डॉ. रितेश कुमार और थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने उन्हें समझाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन लोगों ने उनकी एक न सुनी।

वे वरीय अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार रमेश साह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक से अपने ससुराल करूप आ रहे थे।

इस बीच डिहरी से बिक्रमगंज की ओर जा रही अनियंत्रित यात्री बस ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया।

इस घटना में पति, पत्नी और बच्ची आराधना की मौके पर मौत हो गई। जबकि आर्यन की सांसें चल रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायल आर्यन को बेहतर इलाज के लिए बिक्रमगंज स्थित निजी क्लीनिक ले गई। जबकि पति-पत्नी और बच्ची को सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

इस बीच इलाज के दौरान आर्यन ने भी दम तोड़ दिया। इस घटना से गुस्साए ग्रामीण सड़क पर उतर आए और करूप बाजार पर चारों शवों को रख राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। कुछ पल बाद ही जामस्थल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम लगाने वाले लोगों का कहना था कि यात्री बस द्वारा दूसरे लेन में जाकर उनकी बाइक में टक्कर मारी गई है। उस बस का नम्बर भी नोट कर लिया गया है। समझाने की कोशिश कर रही पुलिस को उनका विरोध भी झेलना पड़ा। जामकर्ता नो इंट्री में भी भारी वाहनों को घुसने का जिम्मेदार पुलिस को ही ठहरा रहे थे।

# आज शहीद के परिजन से मिलेंगे सीएम

## देंगे मुआवजा राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल छपरा जायेंगे। वह वहां ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मो इम्तियाज के परिजनों से मिलेंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार की तरफ से 21लाख रुपया परिजनों को देंगे।

इम्तियाज छपरा जिले के नारायणपुर गांव के रहने वाले थे। इम्तियाज जम्मू-कश्मीर के आर.एस. पुरा सेक्टर में तैनात थे। 10 मई को पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में दुश्मन की गोली उनको लग गई, जिसमें इम्तियाज शहीद हो गए। इम्तियाज के शहीद होने की खबर जैसे ही नारायणपुर गांव पहुंची, गांव में मातम पसर गया।

शहीद इम्तियाज के बेटे इमरान रजा ने कहा कि खबर मिली थी कि पापा घायल हो गये हैं। उनसे बात हुई तो मैं पटना से रवाना हो गया, लेकिन वहां जाने पर पता चला कि मेरे पिता देश के लिए शहीद हो गये।

मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर सोमवार सुबह पटना लाया गया। पटना एयरपोर्ट के स्टेट हैंगर में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई, जिसके बाद उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव ले जाया गया। गांव में पार्थिव शरीर पहुंचते ही इम्तियाज जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगने लगे।

उनके घर पर न सिर्फ नारायणपुर बल्कि आसपास के कई गांव के लोग जमा हो गये थे। रह-रहकर ग्रामीण नारे लगाते रहे। फिर नम आँखों से उन्हें राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्दे-खाक किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल छपरा जाएंगे और वहां वह मोहम्मद इम्तियाज के परिवार से मिलेंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री शहीद मो इम्तियाज के परिजनों को राज्य सरकार की तरफ से 21 लाख रुपये देंगे।

# सीमा सुरक्षा का लिया जायजा

**पूर्णिया।** प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने सोमवार को किशनगंज में सीमा सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने डीएम विशाल राज और पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के साथ-साथ अन्य कई विभागों के जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि किशनगंज एक सीमा से सटा हुआ जिला है। इसके सीमावर्ती क्षेत्रों में सभी बॉर्डर प्वाइंट पर 24७7 चेकिंग शुरू की जाएगी। ब्लैकआउट के दौरान सायरन सिस्टम में पाई गई कमियों को दूर किया जाएगा। बीएसएफ और एसएसबी की समस्याओं की भी समीक्षा की गई। नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान ने सिविल डिफेंस की तैयारियों पर जोर दिया। आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि 2024 में बाढ़ से 18 पक्के मकान और 173 झोपड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। प्रभावितों को राहत राशि का भुगतान शुरू कर दिया गया है।

वहीं, आयुक्त राजेश कुमार ने किशनगंज के प्रसिद्ध लाइन बूढ़ि कालीबाड़ी मंदिर पहुंच मां काली की पूजा अर्चना की।

# श्री विष्णु महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

## श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के रजौर रामभद्रपुर पंचायत के रमौल गांव में श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ को लेकर कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राम जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर के कुआं से 101 श्रद्धालुओं ने जल भरकर गाजे बाजे के साथ गांव का भ्रमण किया। उसके बाद यज्ञ मंडप में जाकर सभी कलश को स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। इस यात्रा में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

भक्तों के जयकारा से पूरा गांव भक्तिमय बना हुआ था।महायज्ञ समिति अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्त ग्रामवासी के सहयोग से उक्त विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया गया है। कलश शोभा यात्रा के बाद 13 मई से यज्ञ प्रारंभ होगा और 21 मई को यज्ञ की पूणाहुति होगी।

यज्ञ मंडप परिसर में संध्या 5 बजे से वृंदावन धाम के कथावाचक साध्वी अनामिका किशोरी जी द्वारा भागवत कथा का प्रवचन होगा। उसके बाद वृंदावन धाम से आए कलाकारों द्वारा भव्य रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा।महायज्ञ परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सैकड़ो देवी देवताओं की मूर्ति स्थापित की गई है और बच्चों और भक्तों के मनोरंजन के लिए भव्य मेला और टावर झूला ब्रेक डांस, मौत कुंआ आदि लगाया गया है। मौके पर वीरेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, मुख्य वर्ती सित कुमार , प्रदीप कुमार सिंह,सुभाष कुमार ,डॉ बिनोद कुमार सिंह, नितीश कुमार ,मिथुन कुमार, पवन कुमार ,संजय कुमार,अरुण कुमार सिंह, रोहित मंडल, पप्पू कुमार, कमला शरण सिंह ,आदि मौजूद थे।

# स्नान के दौरान डूबने से मौत

**सीवान।** जिले के सहलौर गांव से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पहले दादी की मौत और फिर गंगा स्नान के दौरान 16 वर्षीय पवन शर्मा की डूबकर मौत हो जाने से पूरे गांव में शोक की लहर है।

जानकारी के मुताबिक, यह मामला सराय थाना क्षेत्र का है। जहां सहलौर निवासी मोहन शर्मा की मां का निधन हो गया था। हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम क्रिया संपन्न करने के बाद सोमवार को पूरा परिवार दरौली स्थित गंगा नदी में स्नान के लिए गया था। इसी दौरान पवन शर्मा और एक अन्य बच्चा गहरे पानी में चले गए।

इस दौरान स्थानीय मछुआरों और गोताखोरों की मदद से एक बच्चे को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन पवन का कुछ देर तक कोई पता नहीं चला। लगभग 30 मिनट की मशक्कत के बाद जब पवन को बाहर निकाला गया, तब तक वह अचेत हो चुका था। उसे तुरंत स्थानीय पीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पटना में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

- जटिल अंगों की हो सकेगी सटीक सर्जरी
- थ्री-डी तस्वीर भी देखते रहेंगे सिविल सर्जन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के निर्देश पर मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल आइजीआइएमएस को एसजीपीजीआई लखनऊ व पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में कार्य शुरू हो गया है। आने वाले कुछ माह में यहां आधुनिकतम चिकित्सा तकनीक रोबोटिक सर्जरी से उपचार शुरू हो जाएगा।

संस्थान में निमार्णाधीन छह नए स्टेट ऑफ आर्ट ऑपरेशन थिएटर में से दो या तीन को रोबोटिक ऑपरेशन थिएटर बनाया जाएगा। शुक्रवार को इस बाबत निदेशक प्रोफेसर डॉ. बिंदे कुमार, चिकित्साधीक्षक डॉ. मनीष मंडल, डीन प्रो. डॉ. ओम कुमार, प्रो. डॉ. राजेश कुमार तिवारी आदि के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गई।

चिकित्साधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी को जल्द शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। बताते चलें कि संस्थान में अभी 12 ऑपरेशन थिएटर हैं, इस कारण रोगियों को 15 दिन से दो माह तक का नंबर सर्जरी की जटिलता को देखते हुए दिया जाता है।

संक्रमित रोगियों की सर्जरी सिर्फ शुक्रवार को एक ओटी में की जाती है, क्योंकि उसे इसके बाद दो दिन तक विसंक्रमण के लिए बंद करना पड़ता है।

छह नए स्टेट ऑफ आर्ट ऑपरेशन थिएटर में से दो या तीन रोबोटिक सर्जरी, दो या तीन जीआई सर्जरी और एक हेपेटाइटिस-एचआईवी समेत अन्य संक्रमित रोगियों के लिए बनाई जा रही है। इनके शुरू होने से संस्थान में 18 ऑपरेशन थिएटर हो जाएंगे हैं।

डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि नई बन रही छह ओटी को भी कॉरिडोर से पुराने 12 ऑपरेशन थिएटर से जोड़ दिया जाएगा। इससे सभी ओटी का एक अलग ब्लॉक बन जाएगा। ऑपरेशन थिएटर में जिसका रोगी होगा, उनके स्वजन की मानसिक व शारीरिक मनोदशा को ध्यान में रखते हुए 200 लोगों की क्षमता वाले एक पूर्ण वातानुकूलित वेटिंग हॉल का उद्घाटन पहले ही हो चुका है।

इसमें चाय-काफी, नाश्ता, ठंडा पानी के साथ एलईडी टीवी लगा है। मरीज के स्वजन को बुलाने के लिए माइक सिस्टम व यहां टेलिफोन रहेगा।

ओपेन, लैप्रोस्कोपिक, इंडोस्कोपिक के बाद अब सर्जरी की आधुनिक तकनीक रोबोटिक सर्जरी है। रोबोटिक हथियार इतने सूक्ष्य व सटीक होते हैं कि जटिल सर्जरी में भी बहुत कम नुकसान होता है। सटीक कट व कम चीरे से रक्तस्राव बहुत कम होता है।

कम चीरे से घाव जल्द भरते हैं और कम ऊतक क्षतिग्रस्त होने के कारण रोगी को दर्द भी कम होता है। रोगी को अस्पताल में बहुत कम समय तक रहना पड़ता है और वह अपने काम में भी जल्दी लौट सकता है। इस तकनीक में संक्रमण की आशंका बहुत कम हो जाती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, रोबोटिक आर्म्स ओपेन, लैप्रोस्कोपक व इंडोस्कोपिक की तुलना में अधिक तीव्र व सटीक गति से सर्जरी कर सकते हैं।

सर्जन मॉनिटर पर लगातार हाई डिफिशियंसी वाली थ्री-डी तस्वीर देख सकते हैं जिससे जटिल संरचना वाले अंगों की सटीक सर्जरी कम से कम नुकसान में करना संभव हो जाता है।

# अज्ञात शव बरामद

**शिवाजीनगर।** थाना क्षेत्र के परबन्ना गांव समीप सड़क किनारे एक खेत में एक 28 वर्षीय युवक का संदिग्ध अवस्था में शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए ।रिजनों से पूछ ताछ कर कानूनी प्रक्रिया में जुट गई। मृतक की पहचान डुमरा मोहन पंचायत दूबेपुर गांव के तेज नारायण सिंह के 28 वर्षीय पुत्र शशि कांत कुमार के रूप में हुआ है ।स्थानीय लोगों ने बताया कि रामभद्रपुर और परबन्ना गांव के बीच सड़क किनारे एक खेत में युवक का शव लोगो ने देखा ।जिसके बाद शिवाजी नगर पुलिस को सूचना दिया गया। और शव की पहचान होने के बाद परिजनों को भी जानकारी दिया गया। लोगो ने बताया कि मृतक युवक शशि कांत के नाक और मुंह से झाग नुमा निकल रहा था। और बगल खेत में एक बोतल में नीले रंग का पानी रखा हुआ था। इधर सूचना मिलते घटना स्थल पर पहुंची परिजन शव को देखने के बाद शव से लिपटकर फुट फुट कर रो रहे थे। घटना स्थल पर मौजूद मृतक युवक के पिता तेज नारायण सिंह सहित अन्य परिवार के लोगों ने जानकारी दी गयी।

# गर्मी का प्रचंड प्रहार, लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रदेश के मौसम में बदलाव लगातार जारी है। पटना सहित गोपालगंज, पूर्वी व पश्चिम चंपारण,भागलपुर, शेखपुरा, छपरा एवं बांका जिले में लू (हीट वेव) को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। शेष जिलों में गर्म और आर्द्र दिन को लेकर चेतावनी है। इन जिलों में लू जैसे हालात बने रहने की संभावना है। पछुआ के कारण प्रदेश का मौसम शुष्क बना रहेगा।

तीखी धूप के साथ गर्म पछुआ हवा का झोंका लोगों को झुलसा कर रख दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 40.07 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 31.00 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पशु-पक्षी भी गर्मी से बेचैन हैं। पशुपालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग ने अगले चार दिन तक गर्म दिवस रहने की संभावना जताई है। ऐसे में लोगों को गर्मी के सितम से राहत नहीं मिलेगी। आने वाले तीन-चार दिनों तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 31 डिग्री तक रहने की संभावना है। इस सप्ताह अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री एवं न्यूनतम तापमान भी चार डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है।

रविवार को पूरे दिन गर्म हवा के झोंके सुबह से ही जारी रहे। धूप के प्रभाव से लोगों को सिरदर्द, एसिडिटी आदि का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। डॉ. संजीव कुमार भारतीय कहते हैं कि अस्पतालों में धूप के कारण बीमार हुए मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

मौसम विभाग द्वारा 15 मई तक के लिए जारी पूवार्नुमान के अनुसार आठ से 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पछुआ हवा चलेगी। तापमान 40 से 42 डिग्री अधिकतम के करीब रहेगा। पूवार्नुमान की अवधि में गर्म दिवस रहने की संभावना है।

# वर्षों पुराने मामले में साइबर ठगों ने लगायी 11 लाख रुपये की चपत

## आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पद पर चयन की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** साइबर ठग पैसों के लिए रोज नई-नई तरकीब अपनाते हैं। बिहार में ऐसा ही एक नया केस सामने आया है। यहां 2019 में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पद के लिए फार्म भरी महिला के मामले में उसके पति को ठग लिया।

बारी-बारी से पैसा गंवाने के बाद पीड़ित को पता चला कि उसके साथ क्या हुआ है। दरअसल, एक अनजान फोन काल से अपनी पत्नी के आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पद पर चयन होने की सूचना बिना सत्यापन विश्वास करने के कारण वीरपुर निवासी एक युवक को 11.55 लाख की चपत लगी है।

साइबर ठगों ने 2009 में सुपरवाइजर पद पर उनकी पत्नी द्वार आवेदन किए जाने और चयन होने की जानकारी देकर अपने जाल में फांस लिया। इसके बाद अलग-अलग तिथियों के अलग-अलग बहाने से आनलाइन रुपये मंगाया जाने लगा। बड़ी रकम भेज चुकने के बाद जब उनकी अक्ल वापस लौटी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 जनवरी को उनके मोबाइल पर दो अलग-अलग नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने 2019 में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पद के लिए भरे गए फार्म की जानकारी देते हुए उसका परीक्षा फल आने और उनकी पत्नी के चयन की जानकारी दी।

इसके बाद साइबर ठग ने फोन काट कर एक मेल भेजा। पांच फरवरी को अनजान नंबर से फोन कर ज्वाइनिंग लेटर बनाने के नाम पर 48 हजार रुपये, सिक्यूरिटी मनी के लिए 35 हजार, 13 फरवरी को काउंसलिंग व मुहर के नाम पर एक लाख 20 हजार रुपये, 19 फरवरी को डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन के नाम पर दो लाख 40 हजार रुपये, 27 फरवरी को रिफंडेबल ट्रेनिंग चार्ज के रूप में एक लाख 70 हजार 700 रुपये, तीन मार्च को ट्रेनिंग चार्ज की राशि दुबारा मंगाई गई और 25 मार्च को ज्वाइनिंग होने की बात कही गई।

25 मार्च को दो बार ट्रेनिंग चार्ज जमा होने के कारण एनओसी लेने के नाम पर एक लाख 86 हजार 500 रुपये, आठ अप्रैल को मेडिकल के नाम पर दो लाख मंगवा लिया।

सभी लेन- देन छह खाता में कराया गया है। इसके बाद 16 अप्रैल को जब अवैध तरीके से तीन लाख रुपये की मांग की गई, तब उन्हें जालसाजी का अहसास हुआ।

उन्होंने 17 अप्रैल को टाल फ्री नंबर 1930 पर फोन कर शिकायत करते हुए साइबर थाना में प्राथमिकी कराई है।

# रिश्वत लेते धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** पटना निगरानी विभाग की टीम ने अरवल शिक्षा विभाग में कार्यरत दो कर्मचारियों को काम के एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है।

निगरानी डीएसपी पवन कुमार ने सर्किट हाउस में जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के दो कर्मचारी सेवांत लाभ के लिए रिटायर्ड शिक्षक को लगातार परेशान कर रहे थे।

शिक्षक ने निगरानी विभाग में लिखित शिकायत की थी।

सूचना के सत्यापन बाद भवानी मिष्ठान भंडार अरवल बाजार से रिश्वत लेते शिक्षा विभाग के प्रधान लिपिक मनोज कुमार व कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार को 50 हजार रुपए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों कर्मचारियों को निगरानी विभाग की टीम पटना ले गई। शिक्षक कृष्णा नंदन सिंह वंशी प्रखंड के सेनारी विद्यालय में पदस्थापित थे। गिरफ्तार संतोष शर्मा अरवल जिले के बलिदाद बाजार के रहने वाले हैं। मनोज कुमार औरंगाबाद के रफीगंज गांव के निवासी हैं।

# भूमि विवाद में दर्जनों चक्र चली गोलियां

## कई खोखे, पिस्टल, गाड़ियां सहित नौ गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** जुड़ावनपुर थाना के वीरपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच सोमवार की दोपहर गोलीबारी हुई। दोनों पक्षों के बीच दर्जनों राउंड गोलियां चली। इस दौरान अफरातफरी मच गई। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए।

घटना की जानकारी जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर 9 व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने मौके से एक कार, एक हीरो बाइक, एक अपाचे, छह खोखा, आठ कारतूस एवं दो देसी कट्टा बरामद किया।

यह जानकारी थाना अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने कहा कि वीरपुर में गोलीबारी की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर 9 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय नेमन राय एवं गणेश राय के बीच पिछले कई वर्षों से भूमि विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों के बीच कई बार गांव में पंचायत हुई। दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी भी हुई।

करीब 5 दिन पहले भी दोनों पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर गोलीबारी हुई थी। सोमवार की सुबह विवाद को लेकर नेमन राय के भतीजा के साथ मारपीट किया गया। मारपीट के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद धीरे-धीरे बढ़ गया।

दोपहर में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद गोलीबारी शुरू हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच दर्जनों राउंड गोलियां चली। गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाका गूंज उठा।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर 9 व्यक्तियों को देसी कट्टा, कारतूस, कार, बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार व्यक्तियों को थाने पर लाकर पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

गिरफ्तार किए गए व्यक्ति जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर निवासी नगीना राय के 30 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार, पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के हरदास पुर वार्ड नंबर 4 निवासी डोमन राय के पुत्र मनी शंकर राय, स्वर्गीय कैलाश राय के पुत्र नागदेव राय हैं।

वहीं, समस्तीपुर जिले के मोहनपुर पटोरी थाना के पत्थर घाट मोहनपुर वार्ड नंबर 4 निवासी डोमन राय के पुत्र शिव सुंदर राय, बिदुपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर सैद अली निवासी स्वर्गीय मुन्नीलाल राय के पुत्र मंटू राय, मोहद्दीनगर थाना क्षेत्र के हसनपुर सुल्तानपुर निवासी शंकर राय के पुत्र अजय कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

वीरपुर निवासी सोनेलाल राय के पुत्र देश रत्न राय, समस्तीपुर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के भुनेला राय के पुत्र मीतल राय, वीरपुर वार्ड नंबर फुदेना राय के पुत्र राहुल कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि वीरपुर वार्ड नंबर 12 में भूमि विवाद की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर 9 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मौके से कार दो बाइक, छह खोखा, आठ कारतूस एवं दो देसी कट्टा बरामद किया गया। प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने बौद्ध भिक्षुओं के साथ बैठकर विश्व शांति के लिए मंगल कामना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर बुद्ध स्मृति पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री को बौद्ध भंते द्वारा बुद्ध स्मृति पार्क में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा, बोधगया के बोधिवृक्ष, आनंद बोधि वृक्ष तथा श्रीलंका के अनुराधापुरम से लाये गए बोधि वृक्ष की पूजा अर्चना करायी गई। मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क स्थित पाटलिपुत्र करुणा स्तूप में भगवान बुद्ध की पवित्र अस्थि अवशेषों की पूजा अर्चना की, परिक्रमा की ओर ध्यान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बौद्ध भिक्षुओं के साथ बैठकर विश्व शांति के लिए मंगल कामना की तथा राज्य एवं देश की सुख, समृद्धि एवं अमन चैन की कामना की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विपश्यना केंद्र जाकर वहां की सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और ध्यान भी किया। विपश्यना केंद्र के संचालकों ने विपश्यना केंद्र के निर्माण एवं वहां उपलब्ध करायी जानेवाली सुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार, सांसद संजय कुमार झा, सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर, पटना की महापौर सीता साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिवदीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरबड़े, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, नगर आयुक्त अनिमेष परासर, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, बौद्ध भंते एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग स्थित आवास पहुंचकर बौद्ध शिला तथा बोधिवृक्ष की पूजा अर्चना की तथा राज्य एवं देश की सुख, समृद्धि एवं अमन चैन की कामना की।

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया बिहार विस चुनाव उम्मीदवार चयन हेतु स्कैन कोड का पोस्टर**

# पारदर्शी तरीके से प्रत्याशी चयन प्रक्रिया अपनाएगी कांग्रेस : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया के लिए डिजिटल फॉर्म का स्कैन कोड पोस्टर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जारी किया।

पोस्टर जारी करने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन के लिए क्राइटेरिया बनाया गया है और इस स्कैन कोड के माध्यम से डिजिटल फॉर्म भरने की व्यवस्था की गई है। सभी प्रत्याशियों को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जारी किए गए विभिन्न कार्यक्रमों एवं जानकारियों को इस फॉर्म में दर्ज करना है। इस तरीके से आए आवेदन की स्क्रूटनी होगी और फिर इसके आधार पर प्रत्याशियों का चयन प्रक्रिया अपनाया जाएगा। साथ ही निम्नांकित प्रमुख बिंदुओं की आवश्यकता इस डिजिटल फॉर्म को भरने के लिए जरूरी है जिसमें सर्वप्रथम आपको कार्यों की साप्ताहिक अपडेटेड रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यालय व वार-रुम को नियमित रूप से भेजना होगा। साथ ही बूथ कमेटी की अपडेटेड लिस्ट वेरिफिकेशन के लिए प्रदेश अध्यक्ष कार्यालय व वॉर रूम में जमा करना है और प्रत्येक पंचायत/वार्ड में 10 महिलाओं की शक्ति समिति की लिस्ट बनाकर भेजनी है। अंतिम अर्हता के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा जो भी प्रोग्राम दिया जाए समय पर पूर्ण कर रिपोर्ट भेजने के साथ फेसबुक पर 25 हजार, इन्स्टाग्राम पर 15 हजार फॉलोअर की संख्या सुनिश्चित करते हुए पंचायत-वार व्हॉट्सएप ग्रुप बनाना भी अनिवार्य है। इस प्रक्रिया से युवा से लेकर प्रत्येक संभावित प्रत्याशियों को अपने दम पर टिकट वितरण में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने में लाभ होगा। संवाददाता सम्मेलन में बिहार विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा ने कहा कि पार्टी ने पारदर्शी तरीके से उम्मीदवार चयन और सबको बराबर हिस्सेदारी देने के लिए ऑनलाइन आवेदन की यह प्रक्रिया संचालित कर रही है। संवाददाता सम्मेलन एवं आवेदन स्कैन कोड का पोस्टर जारी करने के कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, विवेक भटनागर, ब्रजेश पांडेय, शकीउर रहमान, सौरभ सिंहा, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, निसार अहमद, साधना रजक सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने गया जिले के टनकुप्पा प्रखंड के अंतर्गत बासापिपरा पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन और 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की आधारशिला रखी। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की सरकार में बिहार में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज से 20 साल पहले इस इलाके की स्थिति बेहद खराब थी। विद्यालय का भवन जर्जर होते थे। सड़कों पर पैदल चलने में परेशानी होती थी। बिजली का नामोनिशान नहीं था। स्वास्थ्य सेवा के लिए शहर जाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में स्थिति बदल गई है। हर गांव में विद्यालय का भवन चमक रहा है। गांव में बिजली है। हर घर में पंखा और एसी है। सड़क बहुत अच्छा बन गया है। अब हर जगह अस्पताल की व्यवस्था हो रही है जहां चिकित्सक, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी और अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाई की व्यवस्था कर दी गई है जिससे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी स्वास्थ्य की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल रहा है।

# पाकिस्तानी गोलीबारी में शहीद मो. इम्तियाज को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत और पाकिस्तान गोलीबारी में शहीद हुए बिहार के लाल मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर सोमवार को पटना एयरपोर्ट पहुंचा। मो. इम्तियाज बीएसएफ के सब इंस्पेक्ट थे। वहीं पाकिस्तान के द्वारा एलओसी में लगातार किए गए गोलीबारी में शहीद हो गए। शहीद का पार्थिव शरीर को इंडिगो की विमान से पटना लाया गया जिसके बाद शहीद जवान के लिए पटना एयरपोर्ट पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव के अलावे सत्ता पक्ष की ओर से मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री नितिन नवीन भी मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी मौके पर पहुंचे। सभी ने शहीद को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वीर शहीद अमर रहे के नारे से पटना एयरपोर्ट गूंज उठा जिसके बाद शव को उनके पैतृक आवास पर ले जाया गया। वहीं शहीद के बेटे के बयान ने सभी को रुला दिया। शहीद के बेटे ने कहा कि वो चाहते हैं कि पाकिस्तान को सख्त से सख्त सजा मिले ताकि फिर बॉर्डर पर किसी के पिता शहीद न हों। उन्होंने कहा कि वो चाहते हैं कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए ताकि अगली बार किसी बेटे के बाप के साथ ऐसा न हो। उन्होंने कहा कि जम्मू में सम्मान समारोह खत्म होने के बाद वे दिल्ली आए जिसके बाद आज वे पटना आए। शहीद के बेटे ने आंखों में आंसू लेकर कहा कि मुझे अपने पिता पर गर्व है। उनकी शहादत ने यह साबित किया है कि हमारी सीमाओं पर तैनात जवान अपनी जान की बाजी लगाकर देश की सुरक्षा करते हैं। शहीद इम्तियाज की बहादुरी और उनके बलिदान को देश हमेशा याद करेगा और उनका नाम हमेशा सम्मान के साथ लिया जाएगा। बता दें कि मोहम्मद इम्तियाज बिहार के छपरा जिले के नारायणपुर गांव के निवासी थे। 10 मई को पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर मातृभूमि की रक्षा की। वे अग्रिम चौकी पर तैनात थे और पूरी बहादुरी से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हो गए। जैसे ही नारायणपुर गांव में इस हृदयविदारक समाचार ने दस्तक दी, पूरे गांव में मातम छा गया। हर आंख नम थी, लेकिन साथ ही इस बात का गर्व भी था कि उनके गांव के एक बेटे ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

# पाकिस्तान को अपनी औकात में रहना चाहिए : तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाना होगा और पाकिस्तान को अपनी औकात में रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पूरी तरह सक्षम है और देश की जनता को उस पर पूरा विश्वास है जो भी निर्णय सेना लेती है, हम सबको उस पर भरोसा होता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारी सेना ने हर बार अपने कर्तव्य को बखूबी निभाया है। वहीं बख्तियारपुर फोरलेन पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद से जुड़े सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर किसी की जान बच सकती है तो हमें जरूर मदद करनी चाहिए। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें होती हैं, इसलिए मानवता के आधार पर आगे आकर मदद करना हर नागरिक का कर्तव्य है। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें लगा कि अब समय हो गया है तो उन्होंने सही निर्णय लिया।

# विकसित भारत 2047 में युवाओं की भूमिका अहम : केंद्रीय मंत्री रक्षा निखिल खडसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, शेखपुरा, पटना में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप निदेशक, जिला युवा पदाधिकारी एवं 'माय भारत' के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और समन्वय को लेकर अधिकारियों और स्वयंसेवकों के बीच संवाद स्थापित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि मंत्रालय 'माय भारत वालंटियर कार्यक्रम' जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विशेष अतिथि नितेश कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने भी युवाओं को प्रेरित किया और कार्यक्रम के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। श्रीमती खडसे ने कहा कि खेल भी विकसित भारत के निर्माण में एक मजबूत माध्यम है। उन्होंने बताया कि बिहार में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के युवा 'माय भारत पोर्टल' से जुड़कर 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे मिशनों के दौरान सिविल सोसाइटी में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे बड़ी संख्या में पोर्टल से जुड़ें और विकसित भारत के संकल्प में सहभागी बनें। बैठक में युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए और अधिकारियों से संवाद स्थापित कर दिशा-निर्देश प्राप्त किए। कार्यक्रम का आयोजन कांफ्रेंस हॉल, द्वितीय तल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, शेखपुरा, पटना में किया गया।

# पद्मभूषण सुशील कुमार मोदी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित होंगे कई स्मृति कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पुनर्निर्माण के नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता और पद्मभूषण से सम्मानित स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की प्रथम पुण्यतिथि पर राजधानी पटना में कई स्मृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उनके योगदान और स्मृति को समर्पित इन आयोजनों में राज्य के शीर्ष नेता और आमजन भाग लेंगे। पहला कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित स्मरणांजलि सभा है, जो 13 मई को दोपहर 12 बजे पटना के रवीन्द्र भवन में आयोजित होगी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, शुभचिंतक और उनके सहयोगी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पुण्यतिथि के दिन का दूसरा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है सुशील कुमार मोदी स्मृति पार्क का उद्घाटन। यह पार्क पटना के राजेंद्र नगर रोड नं 8 (रानी पार्क) में विकसित किया गया है। इसका उद्घाटन दोपहर 3:30 बजे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन की देखरेख में किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल सुशील कुमार मोदी के राजनीतिक योगदान को स्मरण किया जाएगा, बल्कि उनके सामाजिक सरोकारों और बिहार के विकास में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को भी याद किया जाएगा।

# गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों के लिए विशेष इ-श्रम पंजीकरण शिविर से आयुष्मान भारत योजना का मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा गिग एवं प्लेटफार्म आधारित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मंत्रालय के निर्देशानुसार 7 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक पूरे राज्य में विशेष ई-श्रम पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर राज्य सरकार के श्रम संसाधन विभाग की देखरेख में प्रत्येक जिले के श्रम अधीक्षक कार्यालय में संचालित हो रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य जोमैटो, स्विगी, पिज्जा हट, डोमिनोज, ओला, उबर, रैपिडो, ब्लू डार्ट, डीटीडीसी, अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, बिगबास्केट आदि जैसे प्रतिष्ठानों में कार्यरत गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन सुनिश्चित करना है। पंजीकरण के उपरांत श्रमिकों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा। सरकार की ओर से बताया गया है कि 16 से 59 वर्ष आयु वर्ग के सभी गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिक इन शिविरों में भाग लेकर अपना निबंधन करा सकते हैं। पंजीकरण के समय श्रमिकों को आधार कार्ड (जो मोबाइल से लिंक हो), पैन कार्ड और आवश्यक अन्य दस्तावेज अपने साथ लाना अनिवार्य होगा। श्रम संसाधन विभाग के अधिकारियों ने अपील की है कि सभी पात्र श्रमिक समय पर शिविर में पहुंचकर पंजीकरण कराएं और सरकार की इस महत्त्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त करें। साथ ही यह भी बताया गया है कि ई-श्रम मोबाइल एप के माध्यम से भी स्व-पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। यह पहल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में देखी जा रही है।

# प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मुजफ्फरपुर में : डॉ अनिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से. के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री वर्तमान टेकारी विधायक डॉ अनिल कुमार जी ने प्रेस कांफ्रेंस कर 14 मई 2025 को होने वाली प्रदेश कार्यकारणी की बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी के मजबूती को मजबूत और धारदार बनाने के लिए प्रदेश कार्यकारणी की बैठक बुलाई गई है। हमारी पार्टी तीस जिलों में पंचायत स्तर तक की कमिटी बन कर तैयार हो चुकी है। इसको बूथ स्तर तक पूरी कमिटी बीस दिनों के अंदर कैसे तैयार हो इस पर भी गहराई से इस बैठक में विचार किया जाएगा। पंचायत अध्यक्ष तक हमारे पार्टी में सक्रिय सदस्य ही बनाए गए है। एडीए द्वारा चलाए गए सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन में हमारी पार्टी का अहम योगदान था। पुनः NDA द्वारा चलाए जाने वाले प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भी हमारी पार्टी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगी। पार्टी द्वारा पूरे बिहार से पांच हजार सक्रिय सदस्य को चयन कर के उन्हें पटना के किसी बड़े हॉल में प्रशिक्षित किया जाएगा जिसे आगामी आने वाले विधान सभा चुनाव में उन्हें पार्टी अपनी पूरी ताकत दिखा सके। इससे पहले पार्टी द्वारा सभी सभी जिलों में प्रभारी के द्वारा प्रत्येक जिला में एक समीक्षा बैठक किया गया जिसमें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी सहित हम स्वयं, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन और पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी भी शिरकत किए। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा था।

# बच्चों के सूफी संगीत और लाइव बैंड की प्रस्तुति ने जीता दर्शकों का दिल

**महान संगीतकार आर डी बर्मन को समर्पित रही 9वीं मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक द्वारा आयोजित दो दिवसीय तानसेन 9वीं मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल-2025 का समापन स्थानीय मौलाना मजहरुल हक ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार व एमडी वंदना कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के बच्चों द्वारा लाइव बैंड से की गई जिसे देख दर्शकों की तालियां बजती रही। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। वहीं सूफी संगीत और डांस की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आगत अतिथियों ने तानसेन स्कूल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थान के बच्चों काफी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय फेस्ट में तानसेन नाइट ऑफ द ईयर - 2024-25 दिपांश्य मिश्रा (पाटलिपुत्र ब्रांच), अन्वी जायसवाल (कंकरबाग ब्रांच), रुद्राक्ष (गोला रोड ब्रांच), रनर अप तानसेनाईट ऑफ द ईयर - 2024-25 साम्भवी सिंह (पाटलिपुत्र ब्रांच), अर्णव बर्नवाल (कंकरबाग ब्रांच), प्रज्ञा (गोला रोड ब्रांच) ने खिताब जीता है जबकि हेरिटेज ऑफ तानसेन का ख़िताब अवनि (पाटलिपुत्र ब्रांच), आव्या (कंकरबाग ब्रांच) ने जीता। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बेस्ट भरतनाट्यम ऑफ द ईयर, बेस्ट गिटारिस्ट ऑफ द ईयर, बेस्ट कत्थक डांसर ऑफ द ईयर, पर्सनालिटी ऑफ द ईयर, बेस्ट फाइन आर्ट्स, बेस्ट सिंगर, बेस्ट वेस्टर्न डांसर का भी अवार्ड बच्चों को दिया गया है। कार्यक्रम में 500 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी।

# बोधगया में मनाई गई भगवान बुद्ध की 2569वीं जयंती

**राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान हूए शामिल**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल बोधगया में भगवान बुद्ध की 2569वीं बुद्ध जयंती मनाई गई, जहां कार्यक्रम में देश-विदेश के हजारों बौद्ध श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान 80 फीट स्थित विशाल बुद्ध मूर्ति से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें विश्व के कई देशों के हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभायात्रा विभिन्न सड़क मार्ग से होकर विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर तक पहुंची जिसके बाद श्रद्धालुओं ने महाबोधि मंदिर के प्रांगण में पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान लगाया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पहुंचे जहां बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी के लोगों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध के दर्शन भी किये और बोधिवृक्ष की छांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सभी धर्मों का देश है। मैं स्वयं मुस्लिम समाज से जाता हूं लेकिन मंदिर, चर्च यहां तक की हर धरोहर के कार्यक्रम में शामिल होता हूं। धर्म कोई मायने नहीं रखता। भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त कर पूरी दुनिया को मध्यम मार्ग का रास्ता बताया था। यानी खुद को उन्होंने इतना शक्तिशाली कर लिया था कि आत्मा परमात्मा में तब्दील हो गई। प्रत्येक व्यक्ति को भगवान बुद्ध के बताए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए, तभी विश्व में शांति आ सकती है। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एसएम, बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी के सचिव महाश्वेता महारथी, सदस्य अरविंद कुमार सिंह, एसएसपी आनंद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय संस्कृत सम्भाषण शिविर सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना की संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अन्तर्गत भगवान हनुमान स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक अन्तर्जालीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में हनुमान जी की गुणों से प्रेरणा लेने तथा रामभक्त हनुमान बनने के लिए सदस्यों को प्रेरित किया। शिविर का उद्घाटन डॉ. धर्मेन्द्रप्रति त्रिपाठी संयुक्त निर्देशक, पेंशन विभाग उत्तरप्रदेश ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा हनुमान जी अमर हैं और कलियुग में भी धरती पर विचरण करते हैं। वे अपने भक्तों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। मुख्य अतिथि रागिनी बर्मा सह आचार्य गंगादेवी महिला महाविद्यालय ने संस्कृत भाषा पर महत्व देते हुए हनुमान जी के पराक्रम तथा प्रभु के प्रति प्रेम तथा त्याग के विषय में बताते हुए कही कि हमें भी अपने जीवन में हनुमान के तरह पराक्रम निष्ठावान तथा आत्मत्यागी होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उग्रनारायण झा, डॉ अवंतिका कुमारी, डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ राजेश कुमार मिश्रा, मनीष कुमार, सुजाता घोष, ज्ञानी शारदे आदि ने हनुमान पर प्रकाश डाला एवं संस्कृत संभाषण शिविर पर आने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर मनीषा कुमारी, अनामिका कुमारी, नीरा कुमारी, प्रभा कुमारी, मुकेश कुमार, गौतम विकाश, मनोहर शुक्ल, विमलेश कुमार, मुरलीधर शुक्ल आदि पंचास से अधिक संस्कृत प्रेमी जुड़े रहे। स्वागत भाषण तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लीना चौहान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आधुनिक भव संस्कृत भव अभियान ने किए।

# 'टीचर्स ऑफ बिहार' राज्य के नवाचारी शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उत्कृष्ट मंच

## एनसीइआरटी, एससीइआरटी एवं यूनिसेफ जैसी संस्था कर चुकी है मंच की प्रशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के रूप में विगत छः वर्षों से 'टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स' कार्य कर रही है। इस मंच के द्वारा किए जा रहे बेहतरीन कार्यों को देखकर अब तक लाखों शिक्षक जुड़कर अपने विद्यालय में किए जा रहे नवाचार, गतिविधि या अन्य शैक्षणिक क्रियाकलाप से संबंधित पोस्ट इस मंच के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हैं जिसे देखकर अन्य शिक्षक भी प्रेरित होते हैं एवं अपने-अपने विद्यालयों में लागू करते हैं। बता दें कि इस मंच की परिकल्पना ठीक छः वर्ष पूर्व 2019 में पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार ने कुछ अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर की थी। धीरे-धीरे इस मंच के बेहतरीन कार्यों को देखकर शिक्षक जुड़ते गए और आज यह मंच एक सफल कार्ययोजना के साथ बिहार ही नहीं देश के शिक्षा जगत में एक अलग ही पहचान स्थापित कर चुका है। टीचर्स ऑफ बिहार एक ऐसा अभिनव मंच है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षिक बेहतरी के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लगातार छः सालों से निःस्वार्थ भाव से काम कर रही है। इस मंच के साथ बिहार के एक से बढ़कर एक सरकारी विद्यालय के शिक्षक जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं। टेक्निकल टीम लीडर इ. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने बताया कि इस मंच द्वारा शिक्षकों एवं छात्रों के लिए कई उपयोगी ई-पत्रिकाएं प्रकाशित की जाती है जिसमें दैनिक ज्ञानकोश, चेतना, बालमंच, प्रज्ञानिका, बालमन, अभिमत, पद्यपंकज, गद्यगुंजन आदि प्रमुख हैं। हाल फिलहाल इस मंच द्वारा 'प्रोजेक्ट शिक्षक साथी' लॉन्च किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी विद्यालयों का अपना वेबसाइट उपलब्ध कराना है। साथ ही एमडीएम कैलकुलेटर भी इस मंच के द्वारा बिहार के सभी विद्यालयों के लिए लॉन्च की गई है जिसके माध्यम से प्रधानाध्यापक को प्रतिदिन का लेखा-जोखा रखना आसान होगा। टीचर्स ऑफ बिहार के इन्हीं बेहतरीन कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद(एनसीईआरटी) ने तारीफ की है एवं ऐसे समूह देश के अन्य राज्यों में लागू करने की बात की है। प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि टीचर्स ऑफ बिहार से मिलता जुलता कई मंच बिहार में काम कर रहा है लेकिन वैसे मंच शिक्षकों को सही मंच से जुड़ने के बजाय उन्हें कई तरह की बंदिशों में बांधकर गुमराह कर रहे हैं। शिक्षक स्वयं निर्णय लेते हुए ऐसे मंच का चयन करें जहां उनके कार्यों को पहचान मिलें तथा उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य किसी ऐसे मंच तक सिमट न रह जाए जहां कोई विकल्प न बचें। प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने राज्य के शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार एक ऐसा मंच है जो शिक्षकों के लिए, शिक्षकों द्वारा ही संचालित है। आईए,जुड़िए टीचर्स ऑफ बिहार के साथ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षिक बेहतरी के लिए किए जा रहे अपने कार्यों को दीजिए एक नई उड़ान।

## संपादकीय

# भारत ने दिया करारा जवाब

यह जगजाहिर है कि भारत में आतंकवाद की समस्या को ज्यादा जटिल बनाने में पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। यह भी छिपा नहीं है कि भारत में आतंकी वारदात के लिए जिम्मेदार संगठनों को पाकिस्तान किस स्तर पर शह देता रहा है और इसी वजह से कितने आम लोग पिस रहे हैं। हाल ही में पहलगाम में आतंकी वारदात पाकिस्तान की साजिशों की ही एक कड़ी थी, जिसमें छब्बीस पर्यटकों को जान गंवानी पड़ी। इस आतंकी हमले की जैसी प्रकृति थी, उससे स्वाभाविक ही न केवल भारत में व्यापक दुख और आक्रोश पैदा हुआ, बल्कि दुनिया भर में इस घटना पर चिंता जताई गई।भारत के सामने यह चुनौती थी कि वह आतंकियों के इस दुस्साहस के खिलाफ किस हद तक सब्र करे। फिर भी भारत ने संयम से काम लिया और बहुत सोच-समझ कर अपनी प्रतिक्रिया दी। संवाद के जरिए पाकिस्तान को समझाने और आतंकवाद को समर्थन देने से रोकने के लिए भारत ने जितना संभव था, वह सब किया। मगर ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के लिए शांति और संवाद का रास्ता कोई महत्त्व नहीं रखता और आतंकवादियों को संरक्षण देना ही वह जरूरी समझता है। यह बेवजह नहीं है कि सारे विकल्प खत्म होने के बाद आखिर भारत को सख्त कदम उठाने पड़े और उसने 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तानी क्षेत्र में स्थित आतंकी ठिकानों पर कामयाब हमला किया। दरअसल, पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पिछले कई दिन से बिना वजह के सीमा पर पाकिस्तान की ओर से बार-बार संघर्षविराम का उल्लंघन जारी था। ऐसे में भारत के पास जवाब देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। मगर पाकिस्तान ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय जिस तरह भारतीय क्षेत्र में गोलीबारी की, उसमें कई लोगों की जान चली गई। भारत के ठोस जवाब के बावजूद गुरुवार को आई खबर के मुताबिक, पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके भारत में पंद्रह जगहों पर हमला करने की कोशिश की, जिसे भारत ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई में लाहौर में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया गया। एक ओर, लगातार आतंकवादी हमले और साजिश को झेलने के बावजूद भारत ने अंतिम विकल्प के रूप में पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया भी तो वह 'केंद्रित और नपी-तुली' प्रतिक्रिया थी, वहीं पाकिस्तान अपनी मंशा के बेपर्द होने पर भी ऐसी गतिविधियां जारी रखे हुए है, जिसे उकसावे की कार्रवाई कहा जा सकता है। विचित्र यह भी है कि आतंकवादियों को शह देने के सवाल पर पाकिस्तान दुनिया भर में कठघरे में खड़ा दिखता है। ऐसे कई मौके सामने आ चुके हैं। कुछ वर्ष पहले बेजिंग में हुए ब्रिक्स सम्मेलन के घोषणापत्र में भी इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि लश्करे-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। इस बेपर्दगी के बावजूद पाकिस्तानी शासकों ने आतंकी संगठनों को शह और संरक्षण देना नहीं रोका। सवाल है कि वह आने वाले दिनों में अपनी इस प्रवृत्ति के अंजाम की अनदेखी किन वजहों से कर रहा है। ऐसी हरकतों की वजह से भारी संख्या में आम लोग आतंकवाद की मार से पिस रहे हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पाकिस्तान की बेलगाम हरकतों पर दुनिया की नजर है और इसका गंभीर खमियाजा उसे भुगतना पड़ सकता है।

# आमजन के प्रति सदैव समर्पित रहे जननेता सुशील कुमार मोदी

**शैलेन्द्र कुमार ओझा और सुमन कुमार झा**

मौत अपनी लड़ाई हार जाती है जब उसका सामना एक बहादुर आदमी से होता है! यह उस शख्सियत के साथ सच है जो एक साल पहले दुनिया छोड़ गए,लेकिन अभी भी हमारे साथ हैं, नश्वरता से अप्रभावित। आपकी विरासत और आपके कार्यों का प्रभाव आपकी मृत्यु के बाद भी जारी है, जिससे आपकी शारीरिक मृत्यु आपके कार्यों और भावना से कम महत्वपूर्ण हो जाती है।

एक साल बीत चुका है जब हमारे मार्गदर्शक सुशील कुमार मोदी जिन्हें प्यार से सूमो कहा जाता था, हमें अनाथ छोड़कर स्वर्ग चले गए।

लेकिन आप अभी भी हमारे साथ हैं क्योंकि आपकी कार्यकुशलता, शानदार समय-प्रबंधन, उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और आपका अनुशासन हमारा मार्गदर्शन करते रहते हैं भले ही आप हमारे साथ नहीं हैं।

हमें आपकी शानदार शिक्षण शैली अभी भी याद है जब आप किसी मार्टिनेट से कम नहीं थे, लेकिन आप तुरंत एक ऐसे अभिभावक बन गए जो दयालु शब्दों के साथ प्रकट हुए। ताज़ा संवेदना के साथ, हम कहेंगे कि जब भी हम आपके कार्य/व्यवहार से परेशान होंगे, आपको तुरंत हमारे आघात का एहसास होगा और फिर कुछ ही समय में आप हमारे आहत मन पर सुखदायक मरहम लगा देंगे, जिससे आपके प्रति किसी भी प्रकार की शिकायत की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

आप बिहार के नेताओं जैसे स्वर्गीय जय प्रकाश नारायण, कर्पूरी ठाकुर, कैलाशपति मिश्रा के पदचिन्हों पर चलने वाले नेता के शिष्य थे, लेकिन समाजवाद के मूल सिद्धांत, जनता के सुधार के लिए आपकी चिंता अत्यधिक सराहनीय है। आप ( नीतीश कुमार जी के साथ) उनके ( जय प्रकाश नारायण के) समाजवाद का दिखावा किए बिना जनता के लिए, बिहार के लोगों के लिए जिए और मरे, आज के राजनेताओं के लिए एक फैशन बन गया है।

आपने बिहार में विपक्षी नेता के रूप में सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभाकर अन्य राजनेताओं के लिए एक उदाहरण स्थापित किया। हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि हमने दो दशकों से अधिक समय तक आपका सानिध्य मिला और आपको भारी राजनीतिक दबावों और आलोचनाओं के बावजूद भी काम करते देखा। विपक्ष के नेता के रूप में काम करते हुए भी आप अपने रास्ते से कभी नहीं डिगे और आपके लगातार रचनात्मक कार्यों ने आखिरकार बिहार में बदलाव ला दिया जब आप लंबे समय तक लगातार उदासीनता और उपेक्षा का सामना करने वाले बिहार में बदलाव की पटकथा लिखने के लिए सत्ता के शीर्ष पर पहुंचे।

सरकार में रहते हुए भी आपने कभी आराम नहीं किया और दिन-रात अपने विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाया और इस बात से कोई भी असहमत नहीं होगा कि आज का बिहार आपके विज़न का बिहार है जिसे आपने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के साथ इतनी चतुराई से पूरा किया। चुनावों से पहले आपकी रणनीति ने हमेशा एक मार्गदर्शक शक्ति के रूप में काम किया, जिससे शायद ही कभी पार्टी या लोगों को शर्मिंदगी उठानी पड़ी हो। आपकी राजनीति में जनता, विशेषकर गरीब जनता सदैव शीर्ष पर रही।

जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) जैसी कर व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के आपके काम को हमेशा याद रखा जाएगा। आप भारत में जीएसटी की शुरूआत के लिए आम सहमति बनाने में सहायक थे और जीएसटी के कार्यान्वयन के बाद, आपने जीएसटी परिषद के भीतर विभिन्न समूहों के संयोजक और सदस्य के रूप में कार्य किया।

हम जीएसटी परिषद की प्रत्येक बैठक में भाग लेने में आपकी तत्परता को याद करते हैं और आज आपके अमूल्य सुझाव भारत में कर सुधारों के लिए मार्गदर्शक शक्ति बन गए हैं। आपके काम पर कभी किसी ने उंगली नहीं उठाई और यह एक सबक है, जिसे खासकर सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को एक मजबूत और भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए आत्मसात करना चाहिए।

सबसे बड़ा गुण आपके निंदा न करने के स्वभाव में है। आपके साथ लंबे समय तक जुड़े रहने के दौरान हमने आपको कभी किसी के लिए गलत शब्द कहते नहीं सुना। आपने किसी से कोई शत्रुता नहीं रखी। आपके लिए राजनीति पवित्र थी. वास्तव में, आपने युवाओं को राजनीति में शामिल होने के लिए एक प्रेरक के रूप में काम किया, न कि विश्वासघात करने के लिए।

आपके अचानक चले जाने से बिहार की राजनीति में एक खालीपन आ गया है और हमें संदेह है कि निकट भविष्य में यह भर पाएगा या नहीं।



आप एक गहन पर्यवेक्षक थे जिन्होंने कभी भी कोई भी काम बीच में नहीं छोड़ा। नई चीज़ों की गहराई में जाकर उन्हें सीखने की आपकी जिज्ञासा शिक्षार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी अनुकरणीय रहेगी।

हमें यह कहना चाहिए कि आपने एक दृष्टिकोण निर्धारित किया है जिसके आधार पर हम वह हासिल करने के लिए आगे बढ़ सकते हैं जो हमने अभी तक हासिल नहीं किया है। वास्तव में, आपने विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं, उन लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए कार्य योजनाएँ विकसित कर रहे हैं जिनकी आपने कभी कल्पना की थी। आपने एक रोडमैप छोड़ा है हम उस पर चलकर दीर्घकालिक लक्ष्य हासिल करेंगे।

बीमार और पीड़ित समुदाय के प्रति आपकी करुणा तब झलकी जब आपने बिहार में %दधीचि देह दान समिति% अभियान को आगे बढाया । आज यहां यह मुहिम जोर पकड़ चुकी है और कई लोग मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए आगे आ रहे हैं। आपका अभियान असंख्य बीमार और पीड़ित लोगों को नया जीवन देता रहेगा। %दधीचि देह दान समिति% के द्वारा कोरोना के काल में अनाथ बच्चों को लोगों के सहयोग से मदद एक सराहनीय प्रयास था। जब आप कोरोना से पीड़ित लोगों को सुबह-शाम फ़ोन करके खबर लेते थे और फिर बाद में जब भी जिला या उस इलाके का दौरा होता था तो उनके घर मिलने जाना, इसको याद कर आखें नम हो जाती है।

तीन दशकों से अधिक के अपने राजनीतिक जीवन में, आप बिहार की राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति बने रहे और आपको संसद के दोनों सदनों के साथ-साथ बिहार विधान सभा और विधान परिषद के सदस्य के रूप में कार्य करने का गौरव प्राप्त हुआ। आपने 2005 से 2013 और फिर 2017 से 2020 तक सबसे लंबी अवधि तक बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। राज्यसभा सांसद के रूप में आपने कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय समिति की अध्यक्षता की।

आप बिहार में %विशुद्ध राजनीति% के प्रतीक थे और वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आपने राज्य के विकास में बहुत योगदान दिया और आपको प्रभावी राजकोषीय प्रबंधन का श्रेय दिया जाता है, जिससे बिहार में स्थिरता का दौर शुरू हुआ, जिसे पहले बीमारू राज्य माना जाता था। और हम गर्व से कहते हैं कि राज्य के वित्त मंत्री के रूप में आपके कार्यकाल के दौरान आपके खिलाफ कभी कोई आरोप नहीं लगाया गया।

सार्वजनिक जीवन में आपके उत्कृष्ट योगदान के लिए हाल ही में सरकार ने आपको मरणोपरांत प्रतिष्ठित पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार आपके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। वे दिन दूर नहीं जब उभरते राजनेता राजनीति में अपना करियर बनाने के लिए आपके व्यक्तित्व पर शोध करेंगे।

आज आप हमारे साथ नहीं हैं लेकिन आप हमें प्रेरित करते रहेंगे और आशा करते हैं कि आपके विचार, आपका दृष्टिकोण, आपका राजनीतिक दर्शन, आपकी सादगी, जनता के प्रति आपका प्यार और अदम्य भावना के साथ आपका अथक कार्य उन लोगों के लिए मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे जो राजनीति के साथ जीना और मरना चाहते हैं।

**(लेखकद्वय शैलेंद्र कुमार ओझा एवं सुमन कुमार झा बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्मृतिशेष सुशील कुमार मोदी के क्रमशः आप्त सचिव एवं निजी सचिव रह चुके हैं )**

# छात्रों को किताबों से आगे ले जाना होना, भविष्य के भारत के लिए समग्र शिक्षा जरूरी

**(जगवीर सिंह )**

आज का युवा ही कल का भारत है। स्कूल केवल किताबी ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रयोगशाला होने चाहिए जहां छात्रों का सर्वांगीण विकास हो। किताबें हमें तथ्य देती हैं, लेकिन व्यावहारिक ज्ञान, देशभक्ति, और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं। आइए, जानें कि स्कूलों में ऐसी गतिविधियों को शामिल करना क्यों जरूरी है और यह भविष्य के भारत को कैसे आकार दे सकता है।

**व्यावहारिक ज्ञान- किताबों से परे एक दुनियाः** किताबी ज्ञान महत्वपूर्ण है, लेकिन यह अधूरा है अगर इसे व्यवहार में न लाया जाए। स्कूलों में प्रैक्टिकल लर्निंग जैसे साइंस प्रोजेक्ट्स, कोडिंग वर्कशॉप, और बागवानी जैसी गतिविधियां छात्रों को समस्या-समाधान और रचनात्मकता सिखाती हैं। उदाहरण के लिए, एक छात्र जो भौतिकी की किताब पढ़ता है, वह तभी गति के नियम को गहराई से समझेगा जब वह स्वयं एक मॉडल रॉकेट बनाएगा। यह न केवल जिज्ञासा को बढ़ाता है, बल्कि आत्मविश्वास भी देता है।



**देशभक्ति- युवा मन में राष्ट्रप्रेम का बीजः** देशभक्ति केवल गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। स्कूलों में स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियां, इतिहास से प्रेरित नाटक, और सामाजिक सेवा के प्रोजेक्ट जैसे स्वच्छता अभियान देश के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का भाव जगाते हैं। जब छात्र भगत सिंह या रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी पर आधारित नाटक में हिस्सा लेते हैं, तो वे न केवल इतिहास से जुड़ते हैं, बल्कि देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा भी पाते हैं।

**महापुरुषों की जयंती- प्रेरणा का उत्सवः** महापुरुषों की जयंती केवल छुट्टी का दिन नहीं, बल्कि प्रेरणा का अवसर है। स्कूलों में गांधी जयंती पर निबंध लेखन, स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं पर चर्चा, या सरदार पटेल की एकता की भावना पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जा सकती हैं। ये आयोजन छात्रों को महान व्यक्तित्वों के मूल्यों से जोड़ते हैं और उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित करते हैं।

**प्रतियोगिताएं- आत्मविश्वास और नेतृत्व का निर्माणः** वाद-विवाद, क्विज, और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास और तार्किक सोच विकसित करती हैं। ये गतिविधियां उन्हें अपनी बात को प्रभावी ढंग से रखना सिखाती हैं। उदाहरण के लिए, एक पर्यावरण पर आधारित वाद-विवाद न केवल छात्रों को जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूक करता है, बल्कि उन्हें सार्वजनिक मंच पर बोलने का साहस भी देता है।

**खेल प्रतियोगिताएं- स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मनः** खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन, और नेतृत्व के लिए भी जरूरी हैं। स्कूलों में फुटबॉल, क्रिकेट, या खो-खो जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित करना छात्रों को न केवल फिट रखता है, बल्कि हार-जीत से निपटने की मानसिकता भी देता है। एक छात्र जो अपनी स्कूल टीम का हिस्सा बनता है, वह सहयोग और मेहनत का महत्व समझता है।

**भविष्य के भारत के लिए- एक समग्र दृष्टिकोणः** भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करता है जो न केवल बुद्धिमान हों, बल्कि जिम्मेदार, देशभक्त, और आत्मविश्वासी भी हों। स्कूलों को ऐसी जगह बनाना होगा जहां छात्र किताबों के साथ-साथ जीवन के सबक भी सीखें। व्यावहारिक ज्ञान उन्हें नवाचार सिखाएगा, देशभक्ति उन्हें जिम्मेदारी देगी, और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करेंगी। आइए, हम अपने स्कूलों को केवल डिग्री देने वाली फैक्ट्रियों से ऊपर उठाएं और उन्हें भविष्य के भारत के निर्माता बनाएं। आज का निवेश कल के भारत को उज्ज्वल बनाएगा। (लेखक शिक्षक और शिक्षाविद् हैं ) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार

**(योगेश कुमार गोयल)**

सिंदूर ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी।

'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये भारत ने साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के स्त्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि हम आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।




भारत द्वारा यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। हालांकि पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पूर्वानुमेय थी, पहले इन्कार, फिर विक्टिम कार्ड खेलना और अंत में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से गुहार लगाना लेकिन अब वैश्विक परिदृश्य बदल चुका है। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दर्शाता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो 'आतंकिस्तान' को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। आतंक को बढ़ावा देना अब पाकिस्तान के लिए केवल एक रणनीति नहीं, आत्मघाती कदम बन चुका है। भारत ने साबित कर दिया है कि अब न केवल सीमा की सुरक्षा करेगा बल्कि आवश्यकता पड़ी तो आतंकी नेटवर्क की जड़ों तक जाकर प्रहार करेगा। यह केवल सैन्य नीति नहीं बल्कि नई भारतीय आत्मा की आवाज है, जो शांति तो चाहती है लेकिन डरती नहीं, जो प्रेम में तो विश्वास करती है लेकिन पराजय में नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मूत्र एवं किडनी स्टोन स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

**सारण/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तरैया ब्लॉक के पचनौर बाजार में एक दिवसीय मूत्र एवं किडनी स्टोन स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीण और चिकित्सकों ने भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता को किडनी स्टोन, उसके लक्षण, कारण और बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक करना था। इस शिविर का आयोजन संजीवनी लाइफ केयर द्वारा डॉ. सुदीश कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की निःशुल्क जांच की तथा परामर्श प्रदान किया। शिविर में अल्ट्रासाउंड, यूरिन टेस्ट और अन्य डायग्नोस्टिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुदीश कुमार ने बताया कि गलत



खानपान, कम पानी पीना और अनियमित जीवनशैली के कारण किडनी स्टोन की समस्या बढ़ रही है। यदि समय पर पहचान और इलाज न हो तो यह गंभीर रूप ले सकती है। शिविर में आए नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने की आवश्यकता पर बल दिया। शिविर का समापन जागरूकता रैली और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ के साथ हुआ।

### मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मनाया गया वर्ल्ड नर्स डे

**पलामू/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोमवार को वर्ल्ड नर्स डे मनाया गया। मौके पर गाइनी वार्ड में कार्यक्रम आयोजित कर आधुनिक नर्सिंग के जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद किया गया। केक काटा गया एवं जन्मदिवस को सेलिब्रेट किया गया। बता दें कि प्रत्येक वर्ष 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर नर्स डे मनाया जाता है। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत नर्सों ने कहा कि आज का दिन उनके लिए खास है। इस दिन से उनकी पहचान बनती है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को हम याद कर रहे हैं। उनका जन्म 12 मई 1820 को हुआ था। वे हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने अपने समय में हाइजिन पेसेंट सेफ्टी को प्राथमिकता दी थी। इसके लिए वे जानी जाती हैं। युद्ध के दौरान बड़ी संख्या में सैनिकों की जान बचाने के लिए उन्होंने अग्रमी भूमिका निभायी थी। नर्सेज स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ हैं। उन्होंने कहा कि वे विपरीत परिस्थितियों में भी सेवा भाव से ड्यूटी करती हैं और कई बार एक साथ दर्जनों दुर्घटनाओं के केस आते हैं। उसके बावजूद सबकी ड्रेसिंग की जाती है। इलाज किया जाता है। कई बार गंभीर मरीजों की जान बचाने में स्पीड से कार्य करने की नौबत आती है। उन्होंने वर्ल्ड नर्सेज डे को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग करने वाले गाइनिंग वार्ड के एचओडी समेत अन्य डाक्टरों का आभार जताया।

### दो पक्षों में हिंसक झड़प, एक युवक की मौत

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के खनुआ मोहल्ला में शनिवार की रात दो पक्षों के बीच आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस झड़प में एक पक्ष के लोगों ने विरोधी पक्ष के दो युवकों पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक अभी इलाजरत है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ जारी है और उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। दोषियों को स्पीडी ट्रायल के माध्यम से शीघ्र सजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### कैश वैन से 70 लाख की चोरी का खुलासा

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** छपरा नगर थाना क्षेत्र में 9 मई को हिटलाची कैश मैनेजमेंट कंपनी की कैश वैन से हुई 70 लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की पूरी राशि बरामद कर ली गई है। इस सफलता से पुलिस की सक्रियता और दक्षता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सारण के अनुसार, वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रमेश कुमार साह (सिवान), सोहित कुमार सिंह (सारण) और कृष्णा कुमार (नयागांव, सारण) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने 70 लाख रुपये नकद, चार मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक हेलमेट, घटना के समय पहना गया कपड़ा और एक डुप्लीकेट चाबी बरामद की है।

### फर्जी सफाईकर्मी पकड़े जाने पर अब नपेंगे वार्ड जमादार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि अब नगर निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड की साफ सफाई व्यवस्था में फर्जी या कागजी सफाईकर्मियों के पकड़े जाने पर संबंधित वार्ड जमादार को जिम्मेदार मानकर सीधी कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने बताया कि फर्जी सफाईकर्मी के नाम पर हुए भुगतान की राशि को संबंधित वार्ड जमादार से वसूल किया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि नगर निगम की सशक्त समिति एवं बोर्ड में इसको लेकर उनकी कई बार किए गए आपत्ति के आधार पर नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह ने सभी वार्ड जमादारों को पत्र जारी कर के उनके वार्ड में कोई भी सफाईकर्मी फर्जी नहीं होने और वास्तविक साफ सफाई कार्य के विरुद्ध मानदेय/ परिश्रमिक का भुगतान होने का घोषणा पत्र देने का आदेश दिया है।

### मैनाटांड में निजी नर्सिंग होम में गयी महिला की जान

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित राज लक्ष्मी निजी नर्सिंग होम में रविवार की रात एक झोलाछाप डक्टर ने प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गयी। मृत महिला की पहचान मैनाटांड़ के सुखलही गौरीपुर के संजय मांझी की पत्नी प्रेमशीला देवी (26) बतायी जाती है। इधर महिला की मौत के बाद झोलाछाप डॉक्टर समेत संचालक क्लिनिक छोड़ फरार हो गए। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मैनाटांड पुलिस ने डेड बॉडी को अपने कब्जे में ले लिया। बताता जाता है कि उक्त महिला के परिजनों द्वारा प्रसव के लिए मैनाटांड अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान राज लक्ष्मी निजी नर्सिंग होम क्लीनिक के दलालों द्वारा परिजनों को बरगलाकर अपने निजि क्लिनिक में उक्त महिला को भर्ती करा लिया गया। जहां गलत इलाज करने के कारण प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मृत्यु हो गई। नर्सिंग होम के सभी कर्मी व चिकित्सक फरार हो गये। इधर मृतका के पति ने पुलिस को सूचना दिया। थानाध्यक्ष राणा प्नसाद ने बताया कि डेड बॉडी पोस्टमार्टम भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में वृद्ध शिक्षक का शव बरामद

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के रामघाट गांव में सोमवार की सुबह एक वृद्ध शिक्षक का शव संदिग्ध अवस्था में घर के कमरे से बरामद किया गया। मृतक की पहचान 60 वर्षीय



अश्विनी कुमार उर्फ मोहन भगत के रूप में हुई है, जो प्राइवेट ट्यूशन पढ़ाते थे। परिजनों के अनुसार, शव कमरे में रबर की रस्सी से लटका पाया गया। जिसकी ऊंचाई लगभग 7 फीट है। यह स्थिति आत्महत्या की थ्योरी पर संदेह उत्पन्न करती है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया है। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चचाएं हैं। मृतक के चार पुत्र व दो पुत्रियां हैं।

# अवैध शराब बनाने के आरोप में छापेमारी कर तीन व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

## शराब बनाने के उपकरण सहित कई बोतल व रेपर बरामद

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पलामू पुलिस ने पाटन थाना क्षेत्र के कुंदरी गांव में अवैध शराब निर्माण करने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर की गई छापेमारी में विजय प्रसाद सहित दो अन्य तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। विजय प्रसाद के घर से पुलिस ने छापेमारी कर 50 कार्टून में रॉयल गोल्ड कप एक्स्ट्रा स्मूथ व्हिस्की स्पेशल रिजर्व अंकित 750 एमएल के 12 प्लास्टिक बोतल, रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की अंकित 10 सीसी के बोतल में 375 एमएल का शराब भरा हुआ बोतल, रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की अंकित 180 एमएल चार सीसी में शराब भरा हुआ बोतल, 180 एमएल का 260 पीस खाली सीसी, 375 एम एल का 14 पीस खाली सीसी, गोल्ड कप का खाली प्लास्टिक



बोतल 16 पीस, रॉयल स्टैग का ढक्कन व सीसी पर लगाने का लेवल रेपर, इंपीरियल ब्लू का ढक्कन और सीसी पर लगाने का रेपर, स्टर्लिंग रिजर्व का ढक्कन एवं सीसी पर लगाने का रेपर बरामद किया है। पाटन थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि आरोपी जितेंद्र प्रसाद के मकान पर पहुंचकर मकान खुलवाने का प्रयास किया गया। लेकिन छापेमारी दल द्वारा काफी देर तक प्रयास करने के बाद जितेंद्र प्रसाद ने मकान का गेट खोला। उन्होंने बताया कि जितेंद्र प्रसाद के घर की तलाशी लेने की सहमति मिलने पर घर की तलाशी ली गई। छापेमारी दल ने पूरे घर की तलाशी करने के क्रम में एक घर में टाइल्स में हुक लगा हुआ देखा। संदेह होने पर टाइल्स में लगे टाइल्स हटाने का प्रयास किया तो देखा कि अंडरग्राउंड छोटे कमरे में अंग्रेजी शराब व शराब बनाने का उपकरण पड़ा है। इसे बरामद किया गया। अंग्रेजी शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद होने पर जितेंद्र प्रसाद से पूछताछ की गई। जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि वह शराब किसी दूसरे व्यक्ति से खरीदता है। साथ ही फर्जी तरीके से विभिन्न कंपनी का लेवल लगाकर एक बोतल से 5 से 6 बोतल शराब बनाकर बिक्री करता है। अंग्रेजी शराब और शराब बनाने का उपकरण को जब्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि विजय प्रसाद को विधिवत गिरफ्तार किया गया। साथ ही पाटन थाना कांड संख्या 76/ 2025, 12 मई 2025, धारा 318 (2)/ 318 (4)/ 271/ 272 / 274 / 275/ 3 (5) बीएनएस व 47 (ए ) उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी अभियुक्त जितेंद्र प्रसाद एवं दो अन्य को अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कांड अंकित किया गया। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में उनके अलावे सहायक अवर निरीक्षक अमरेंद्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अमेरिका प्रसाद सिंह, हवलदार बुधराम गोप, आरक्षी योगेंद्र बैठा, हरेंद्र कुमार सिंह, संतोष भगत, आदित्य सिंह, मुकेश कुमार चौबे, गृह रक्षा वाहिनी के प्रेम शंकर कुमार यादव व पुष्पा कुमारी शामिल थे।

# धूमधाम से मनाया गया श्री श्री आनंदमूर्ति का 104वां जन्मोत्सव

## भव्य शोभायात्रा, साधना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भाषायी विविधता में गूंजा 'आनंद' का स्वर

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आनंद मार्ग जागृति, नई मुहल्ला में सोमवार को प्रभात रंजन सरकार 'श्री श्री आनंदमूर्ति जी' का 104वां जन्मदिवस आनंद पूर्णिमा उत्सव के रूप में पूरे उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। यह





शुभ दिन आनंद पूर्णिमा का था, जिस पर 1921 में जमालपुर (बिहार) में उनका जन्म हुआ था। वरिष्ठ आनंदमार्गी अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह ने बताया कि श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने मानव मात्र के शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास के लिए तांडव, कोशिकी नृत्य और साधना का मार्ग प्रशस्त करते हुए आनंद मार्ग मिशन की स्थापना की। आज यह मिशन दुनिया के कोने-कोने में समाज के चतुर्दिक विकास हेतु कार्यरत है। सुबह जागृति परिसर में भजन, कीर्तन और सामूहिक साधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके उपरांत एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो जागृति से स्टेशन रोड, चर्च रोड, कचहरी चौक, सरकारी बस डिपो, छामुहान, शदिक चौक होते हुए स्टेशन चौक से पुनः जागृति लौटकर सम्पन्न हुई। जिले भर से आए सैकड़ों आनंदमार्गियों ने इसमें भाग लिया और "मानव-मानव एक है, मानव का धर्म एक है" जैसे उदात्त नारों के साथ प्रेम, शांति और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में कोशिकी नृत्य और तांडव प्रतियोगिता ने विशेष आकर्षण बटोरा। बच्चों के लिए पेंटिंग, क्विज आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिससे पूरा वातावरण आनंदमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान श्री श्री आनंदमूर्ति जी द्वारा प्रदत्त आनंदवाणी का विभिन्न भाषाओं—मगही, हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, बंगाली, नागपुरी, मैथिली आदि में वाचन किया गया।

**एक भावप्रवण वाणी में कहा गया:**

"उनकी कृपा का एक कण समझ पाने पर जीव-मानस की सारी ग्लानि क्षण भर में दूर हो जाती है। तब भी मनुष्य उनकी कृपा को समझने की चेष्टा नहीं करता। उनकी इस कृपा को समझने का नाम ही तो साधना है। यदि तुम साधना नहीं करते, तो दोष तुम्हारा ही है। अपने सुख-दुख के लिए उस करुणा-सिन्धु परमब्रह्म को दोष मत दो।" इस अवसर पर भुक्ति प्रधान मधेश्वर जी, विश्वनाथ जी, बैजनाथ जी, सरोज, गोपाल, अखिलेश, धीरज जी ,अरविंद, प्रदीप, रामस्वरूप, मणिकांत, दीपक, शंकरसन, सहज प्रिया, रेणु, मधुबाला, शारदा, पूनम ,सुजाता सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह उत्सव न केवल एक आध्यात्मिक आयोजन था, बल्कि मानवता के उत्थान और आत्मविकास के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना।

# कांड्रा गोली कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को पुलिस ने भेजा जेल

**सरायकेला/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरायकेला पुलिस ने कांड्रा मोड़ के समीप बीते 8 मई को कारोबारी चित्तरंजन मंडल पर हुए फायरिंग मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर एसडीपीओ समीर कुमार संवैया ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। जिसमें कांड्रा थाना प्रभारी के अलावा नीमडीह और कपाली प्रभारी के साथ अन्य थानों के एक्सपर्ट अधिकारियों को शामिल किया गया था। सभी के सामूहिक प्रयास से कांड में शामिल फुचु महतो, राजीव कुमार झा उर्फ सोना मनी झा और शुभम कालिंदी उर्फ बिड कालिंदी को गिरफ्तार किया गया है। तीनो ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। हालांकि सरगना श्रवण महतो अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।



एसडीपीओ ने बताया कि उसकी भी जल्द गिरफ्तारी होगी। उन्होंने बताया कि तीनों की निशानदेही पर उनके पास से एक देशी पिस्तौल, आठ जिंदा कारतूस, दो मोबाइल और एक बाइक बरामद किया है। बता दे कि हाल के दिनों में श्रवण महतो ने सरायकेला और जमशेदपुर में लूटपाट और फायरिंग की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस उसकी बेसब्री से तलाश कर रही है।

# चलती ट्रेन से गिरकर मुरादाबाद का यात्री घायल

**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड पर दाउदपुर रेलवे स्टेशन से पूर्व सोनिया गांव के समीप पुल के नीचे चलती ट्रेन से एक यात्री गिरकर गिरकर बेहोश हो गया। ग्रामीणों की ओर से मिली सूचना पर मौके पर पहुंची दाउदपुर थाने की पुलिस ने घायल यात्री को तत्काल उपचार के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया। जहां ड्यूटी डॉ गुंजन कुमार ने घायल यात्री का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के दौरान होश में आने पर घायल यात्री की पहचान उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के सेठा थाना क्षेत्र के अब्दुल्लासपुर गांव निवासी नूर हसन के पुत्र इमरान अली (26) के रूप में हुई। उपचार के दौरान एकमा सीएससी में घायल यात्री ने बताया कि वह नई दिल्ली-न्यू




जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस ट्रेन से अपनी ससुराल कटिहार जा रहा था। गाड़ी में काफी भीड़ होने के कारण वह ट्रेन की बोगी के गेट के पास बैठा हुआ था। इसी बीच उसे झपकी आ गई और ट्रेन से नीचे गिरकर भी बेहोश हो गया। पुलिस ने घायल यात्री के पास मिले कागजात एवं मोबाइल नंबरों के आधार पर परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। बिहार के गोपालगंज जिले के सिधवलिया चीनी मिल में रहने वाले एक परिजन के द्वारा यहां पहुंचने पर घायल यात्री को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया, जहां घायल यात्री का उपचार चल रहा है।

### 12 वें साल श्रीमाता वैष्णो देवी दर्शन समिति के तत्वावधान में होगी यात्रा, भंडारा कार्यक्रम भी होगा

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत-पाक के बीच तनाव के बावजूद श्रीमाता वैष्णो देवी दर्शन समिति सीवान के तत्वावधान में मातारानी के दर्शन यात्रा के लिए तैयारी की जा रही है। प्रत्येक साल सितंबर माह में माता रानी के दर्शन के लिए जत्था जाता है। इस साल 12 वें साल यह यात्रा होगी। समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह व संरक्षक अरविंद कुमार पांडेय, विकास कुमार सिंह जिशु व सचिव अनूप कुमार ने बताया कि सितंबर के प्रथम सप्ताह में मातारानी का दर्शन करने की योजना तैयार की गई है। इस यात्रा के दौरान त्रिकूट पर्वत के तलहटी में हंसाली गांव स्थित बाबा श्रीधर और माता सुलोचना के मंदिर में भंडारा कार्यक्रम व कन्या पूजन भी आयोजित किया जाएगा।

# परिछावन के बाद असामाजिक तत्वों ने हमला कर आधा दर्जन लोगों को किया घायल

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के छक्का टोला में रविवार की रात में परिछावन के बाद बरात जा रहे लोगों पर उसी गांव के असामाजिक तत्वों ने लाठी-डंडे व ईट-पत्थर से हमला कर दिया. इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा ग्रामीण घायल हो गये. विदित हो कि रविवार की रात सात बजे छक्का टोला के सुदीश भारती के पुत्र अखिलेश भारती की बरात गोपालगंज जिला के मीरगंज थाना क्षेत्र खाड़ी पिपरा जा रही थी. बताया जा रहा है कि जिला पार्षद प्रतिनिधि सेराज अहमद सोनू की उपस्थिति में बरात तो निकल गयी.लेकिन जब सुदीश भारती के पट्टीदार गाड़ी पकड़ने के लिए सुदीश भारती के घर की ओर गाड़ियों के पास आ रहे थे,तभी असामाजिक तत्वों ने उन पर लाठी-डंडे ने उन्हें मारना - पीटना शुरू कर दिया. और घरों की छतों से पथराव शुरू कर दिया.इस मारपीट व पथराव में बाबूलाल भारती के पुत्र सुरेंद्र भारती (45), रंजन भारती के पुत्र अजय भारती (25)



,सत्यनारायण भारती के पुत्र रंजय भारती (45) व सुरेंद्र भारती के पुत्र निप्पू कुमार भारती(16) के साथ ही वीरेंद्र भारती के धनंजय भारती,सुरेश भारती के पुत्र जीतेंद्र भारती व ध्रुव भारती सहित अन्य घायल हो गये. बताया जाता है कि इसमें कई महिलाओं को भी चोटें आयी हैं. विदित हो कि गंभीर रुप से घायल सुरेंद्र भारती,अजय भारती, रंजय भारती व निप्पू भारती को परिजनों व ग्रामीणों ने इलाज के लिए सीएचसी बड़हरिया पहुंचाया. जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल, सीवान कर दिया.जहां घायलों का इलाज चल रहा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की सुबह सुदीश भारती व पड़ोस की महिलाएं व युवतियां मटकोर करने निकली तो असामाजिक तत्वों ने उनका फोटो खींचना व वीडियो बनाना शुरू कर दिया.इस पर उनके परिजनों ने आपत्ति जताते हुए वीडियोग्राफी करने से मना कर दियख.इस दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गयी.इस झड़प के बाद असामाजिक तत्वों ने बरात निकलने पर हमला करने की योजना बना ली थी.और बरात निकालकर गाड़ी पकड़ने आ रहे लोगों पर सुनियोजित योजना के तहत हमला बोल दिया.इस घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अजय कुमार सिंह व एसडीओ सदर सुनील कुमार के साथ थानाध्यक्ष रुपेश कुमार वर्मा पुलिस अधिकारियों व भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर मामले को शांत कराया. और मामले का जायजा लिया व लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की. साथ ही,पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार शरारती तत्वों को गिरफ्तार कर लिया.पुलिस ने गिरफ्तार चारों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज सोमवार को जेल भेज दिया. इस दौरान छक्का टोला का वह मुहल्ला छावनी में तब्दील हो गया. पुलिस अभी भी घटनास्थल पर बनी हुई है. पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है. इधर, पीड़ित सुदीश भारती ने पुलिस को आवेदन देकर 14 लोगों को नामजद किया. पुलिस नामजदों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. पुलिस अनुसार मामला शांत हो चुका है.लेकिन पीड़ितों में दहशत व डर का माहौल बना हुआ है.

### बनियापुर विधायक के पुत्र रितुराज सिंह बने युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के पुत्र रितुराज सिंह को जदयू युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पटना उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं और पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे हैं। रितुराज सिंह को मनोनयन पत्र बिहार प्रदेश युवा



जनता दल (यू) के अध्यक्ष नीतीश पटेल ने सौंपा। उन्होंने रितुराज के अनुभव और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह सहित कई नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी।

# भगवान बुद्ध के जीवन, उपदेश व सत्य के मार्ग पर चलना जरूरी : स्वामी अतिदेवानंद जी महाराज

## बुद्ध जयंती समारोह में डॉ. अंजली सिंह ने बच्चों को दिए नैतिक मूल्यों के संदेश

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर स्थित आइडियल स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल परिसर में सोमवार को बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी अतिदेवानंद जी महाराज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों तथा अहिंसा, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने के लिए समाज को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास में सहायक होते हैं। समारोह की अध्यक्षता




करते हुए विद्यालय की सचिव डॉ. अंजली सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें शांति, करुणा और आत्म-अनुशासन का संदेश देता है, जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने बच्चों को सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों भार्गव राज, अर्पिता कुमारी, अर्णव कुमार, साक्षी कुमारी, अयनांश राज, सन्नी तिवारी, विराट तिवारी एवं प्रतीक राज ने भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षक सोनू कुमार, आकाश श्रीवास्तव, युवराज सिंह, आश्वस्ति श्रीवास्तव, ब्यूटी कुमारी, प्रियल कुमारी, खुशी कुमारी, दृष्टि कुमारी, मुन्नी देवी, गुड़िया देवी और कविता देवी आदि का सराहनीय योगदान रहा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अवकाश प्राप्त क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक बृजेंद्र कुमार सिंहा, कॉलेज ऑफ कॉमर्स पटना के डॉ. वाल्मीकि कुमार, जेपीयू के डॉ. धनंजय कुमार आजाद, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. गुंजन रानी, डॉ. राज कुमार सिंह, विद्यालय के संस्थापक बंटी सिंह, प्राचार्या सोनी सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# किसान की बेटी पम्मी बिहार पुलिस में चयनित

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परसागढ़ बाजार निवासी पम्मी कुमारी ने कड़ी मेहनत व दृढ़ संकल्प के बल पर बिहार पुलिस में चयनित होकर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे गांव की बेटियों के लिए एक प्रेरणा बन गई हैं। पम्मी एक किसान परिवार से आती हैं और बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। विपरीत परिस्थितियों व आर्थिक तंगी के बावजूद पम्मी ने हार नहीं मानी और अपनी पढ़ाई जारी रखी। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और 'कलम से क्रांति' संस्थान के निदेशक एसएसएस सिंह संतोष को दिया है। पम्मी ने बताया कि बचपन से ही वह वर्दी पहनकर देश व राज्य की सेवा करने का सपना देखती थी, जिसे इस सफलता ने पहली उड़ान दी है। अब उनका अगला लक्ष्य बीपीएससी के माध्यम से डीएसपी बनना है, जिसके लिए वे लगातार मेहनत कर रही हैं। संस्थान के निदेशक संतोष सिंह



ने कहा कि पम्मी शुरू से ही मेहनती और अनुशासित छात्रा रही है। उनकी मेहनत व संस्थान के मार्गदर्शन ने उसे यह मुकाम दिलाया। पम्मी की सफलता पर एकमा विधायक श्रीकांत यादव, परसागढ़ उत्तरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनोद पटेल, बीडीसी सदस्य बिगन बाबा, पत्रकार केके सेंगर, विजय सिंह, नागेंद्र राय, शिक्षक श्रेय सर, राजद नेता सुभाष यादव, अवधेश यादव, जितेंद्र यादव, कन्हैया यादव, श्री भगवान राय, मनोज कुमार समेत कई लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

### अस्थिर बाजार में निवेशकों की पसंद बने आक्रामक हाइब्रिड फंड

# एयूएम पहुंचा 2.26 लाख करोड़



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में जारी अस्थिरता के बीच आक्रामक हाइब्रिड म्यूचुअल फंड निवेशकों में लोकप्रिय हो रहे हैं। इस श्रेणी का परिसंपत्ति आधार अप्रैल, 2025 तक बढ़कर 2.26 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले की तुलना में यह 12 फीसदी अधिक है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की जारी रिपोर्ट के मुताबिक, फोलियो यानी निवेशकों के खातों की संख्या इसी दौरान 3.5 लाख बढ़कर 58 लाख हो गई है।

आक्रामक हाइब्रिड फंड, इक्विटी व डेट को मिलाकर निवेश करने वाला साधन है। ये फंड 65-80 प्रतिशत इक्विटी में निवेश करते हैं। इससे बेहतर रिटर्न की संभावना होती है लेकिन साथ ही उच्च जोखिम भी होता है। इससे 3 से 5 वर्ष के दृष्टिकोण वाले निवेशकों के लिए ये फंड आदर्श बन जाते हैं। इन फंडों ने पिछले साल 9 प्रतिशत, दो साल में 20 प्रतिशत, तीन साल में 15 प्रतिशत और पांच साल में 21 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है। 31 आक्रामक हाइब्रिड म्यूचुअल फंड ने पिछले एक साल में 9 प्रतिशत के करीब रिटर्न दिया है। इसमें महिंद्रा मैनुलाइफ एग्रेसिव हाइब्रिड फंड, इनवेस्को इंडिया और एसबीआई इक्विटी फंड शामिल हैं।

### संतुलित निवेश रणनीति अपनाते हैं फंड हाउस

इन तीन फंडों ने 30 अप्रैल तक के एक साल में 12 से 18 प्रतिशत और दो वर्षों में 19 से 24 प्रतिशत के बीच रिटर्न दिया है। पांच साल में रिटर्न 18.5 से 24 प्रतिशत के बीच रहा। इसमें महिंद्रा मैनुलाइफ फंड ने सबसे अधिक 23.62 प्रतिशत का रिटर्न दिया। महिंद्रा मैनुलाइफ फंड का प्रदर्शन एक अच्छी तरह से संरचित, संतुलित आवंटन रणनीति का नतीजा है। यह फंड लार्जकैप इक्विटी में अधिक निवेश करता है। खासकर बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और कंस्ट्रक्शन मैटीरियल जैसे क्षेत्रों में, जो स्थिरता और विकास की संभावना प्रदान करते हैं।

महिंद्रा मैनुलाइफ फंड आईटी, तेल और गैस और मेटल जैसे अधिक अस्थिर और वैश्विक रूप से सामने आने वाले क्षेत्रों के प्रति सतर्क दृष्टिकोण रखता है। अपनी इक्विटी रणनीति के अलावा फंड का डेट आवंटन सुरक्षा देता है। यह संभावित बॉन्ड बाजार रैली से और अधिक लाभान्वित हो सकता है, खासकर जब नीतिगत दरों में कटौती की घोषणा की जाती है। हाइब्रिड श्रेणी का कुल परिसंपत्ति आधार सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 9.15 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

# निवेश-बचत: जंग के माहौल में सोने में निवेश करना फायदेमंद

### संकट में आपका डिफेंस सिस्टम है गोल्ड ईटीएफ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के साथ दुनियाभर में कई देशों के बीच इस समय तनाव है। युद्ध और तनाव की हर खबर शेयर बाजार को झकझोर रही है। रुपये में गिरावट और बॉण्ड की ब्याज दर घटने से भी निवेश के विकल्प सीमित हो रहे हैं। इस माहौल में सोना एक बार फिर सुरक्षित निवेश साबित हो सकता है। जिस प्रकार सीमा पार से हो रहे हर प्रहार को भारतीय सेना के एयर डिफेंस सिस्टम नाकाम कर रहे हैं, संकट के इस दौर में आपके निवेश पोर्टफोलियो को कुछ ऐसा ही डिफेंस गोल्ड ईटीएफ प्रदान कर सकते हैं।



**आपके पोर्टफोलियो में क्यों जरूरी है सोना-** चाहे कोरोना जैसी वैश्विक आपदा हो, या रूस-यूक्रेन युद्ध व हाल में डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से जुड़े फैसलों के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था में मची हलचल, बीते अनुभव हमें यही बताते हैं कि संकट के हर दौर में सोने पर निवेशकों का विश्वास और भी गहरा होता गया है। युद्ध के आसन्न संकट के बीच बीते हफ्ते के अंतिम दो कारोबारी दिन में ही बीएसई सेंसेक्स 1,292 अंक टूट चुका है, वहीं सोने ने एक हफ्ते में 3,170 रुपये का उछाल मारा है। ऐतिहासिक आंकड़े बताते हैं कि जब युद्ध या तनाव जैसी घटनाएं होती हैं, तो अक्सर डॉलर के मुकाबले रुपया गिरता है। लेकिन सोने की कीमतें आमतौर पर डॉलर में तय होती हैं, इस वजह से रुपया कमजोर होते ही सोने का भाव बढ़ जाता है, जिससे आपके पोर्टफोलियो के नुकसान की भरपाई होती है।

- **ईटीएफ से अलग है गोल्ड फंड-** गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड दोनों ही सोने में निवेश करने के तरीके हैं, लेकिन उनमें कुछ अंतर हैं। गोल्ड ईटीएफ सीधे सोने में निवेश करते हैं, जबकि गोल्ड फंड गोल्ड ईटीएफ या सोने से जुड़े अन्य साधनों में निवेश करते हैं। जहां तक गोल्ड ईटीएफ की बात है तो इसमें निवेशक स्टॉक एक्सचेंज पर इनकी खरीद-बिक्री कर सकते हैं, ऐसे में निवेश करने के लिए डीमैट अकाउंट जरूरी होता है, वहीं गोल्ड फंड की बात करें तो यह एक म्यूचुअल फंड है जो सोने में निवेश करता है। गोल्ड फंड सोने में सीधे निवेश कर सकता है या सोने से संबंधित अन्य साधनों में भी निवेश कर सकता है। यहां आपको डीमैट अकाउंट की जरूरत नहीं होती है। गोल्ड फंड में निवेश करने से आपको सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव का कुछ जोखिम होता है, लेकिन गोल्ड ईटीएफ की तुलना में कम। इसके साथ ही गोल्ड ईटीएफ में निवेश की लागत भी कम होती है।
- **सोने में निवेश कितना फायदेमंद-** कुछ अपवादों को छोड़ दें तो सोने ने हमेशा रिटर्न दिया है। हाल में 3,500 डॉलर प्रति औंस का शिखर छुआ है। पोर्टफोलियो में 15 फीसदी तक सोना रखना सही रणनीति होती है।

## पाकिस्तान की मदद करने वाले चीन पर आया गहरा संकट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो चुका है। इस युद्ध में चीन ने पाकिस्तान का भरपूर साथ दिया। पाकिस्तान ने भी इसके लिए चीन का धन्यवाद दिया है। चीन जहां पाकिस्तान की मदद कर रहा है तो वहीं वह अपने घर में भी संघर्ष से जूझ रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण अमेरिका का टैरिफ है। इस टैरिफ के कारण चीन की फैक्ट्रियां अपना सामान नहीं बेच पा रही हैं। उन्हें चीन में ही इसे सस्ते दामों पर बेचना पड़ रहा है। वहीं टैरिफ के



कारण चीन में महंगाई की दर अप्रैल में लगातार तीसरे महीने गिरी है। दरअसल, अमेरिका ने चीन से आने वाले सामान पर भारी टैक्स लगाया है। इससे चीन में सामान की मांग कम हो गई है, और कीमतें गिर रही हैं। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स के मुताबिक चीन के कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स में पिछले साल के मुकाबले 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह गिरावट पिछले महीने के बराबर ही है। ब्लूमबर्ग के अर्थशास्त्रियों ने भी यही अनुमान लगाया था।

**फैक्ट्रियों की स्थिति अच्छी नहीं-** चीन की फैक्ट्रियों में भी महंगाई की दर लगातार 31वें महीने गिरी है। प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स में 2.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि मार्च में यह 2.5 प्रतिशत थी। प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स थोक महंगाई को मापने का एक तरीका है।

जानकारों का मानना है कि महंगाई में गिरावट का ये दौर अभी जारी रह सकता है और शायद और भी बुरा हो जाए। इसकी वजह ये है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल की शुरुआत में चीन से आने वाले ज्यादातर सामान पर 145 प्रतिशत का टैक्स लगा दिया है। इसके जवाब में चीन ने भी ऐसा ही किया है। इस ट्रेड वॉर की वजह से कुछ कंपनियां अपने सामान को देश में ही बेचने पर मजबूर हो सकती हैं। इससे पहले से ही कड़ी प्रतिस्पर्धा और बढ़ जाएगी। इससे कंपनियां कीमतें और भी कम करने पर मजबूर हो जाएंगी। अमेरिकी टैक्स की वजह से चीन में नौकरियां और लोगों की कमाई कम हो रही है। इससे भी लोग कम खर्च कर रहे हैं, और कंपनियां कीमतें घटाने पर मजबूर हैं।

## मार्केट में उछाल के बावजूद कई शेयरों में गिरावट, ट्रंप के इस ऐलान के बाद लुढ़के

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियों के शेयर सोमवार को 5 प्रतिशत तक लुढ़क गए, जबकि बाकी बाजार में तेजी थी। यह गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने दवाओं की कीमतें अन्य अमीर देशों जितना कम करने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर दस्तखत करने की बात कही। ट्रंप के मुताबिक, अमेरिका में दवाओं की कीमतें दूसरे देशों से 30 प्रतिशत से 80 प्रतिशत ज्यादा हैं।

फार्मा सेक्टर के इंडेक्स निफ्टी फार्मा में शामिल 20 कंपनियों में से 8 के शेयर लाल निशान में रहे, जबकि निफ्टी 50 में 2.4 प्रतिशत की तेजी थी। सन फार्मा, जो भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी है, 5.4 प्रतिशत गिरकर निफ्टी 50 और फार्मा इंडेक्स में सबसे बड़ी लूजर कंपनी रही। ग्लेनमार्क फार्मा 0.4 प्रतिशत और सिप्ला 1.5 प्रतिशत टूटे। रॉयटर्स के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि वे मोस्ट फेवर्ड नेशन प्राइसिंग (सबसे पसंदीदा देश की कीमत) लागू करने वाले इस आदेश पर सोमवार सुबह हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिका में दवाओं की कीमतें दुनिया में सबसे ज्यादा हैं।

### प्लास्टिक पर बैन के 3 साल... अभी ही खुलेआम हो रहा इस्तेमाल

# देश की राजधानी में ही बुरा हाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगे लगभग तीन साल हो गए हैं। लेकिन अब भी इस इस्तेमाल राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के ज्यादातर शहरों में खुलेआम हो रहा है। रेहड़ी-पटरियों, मंडियों के अलावा दुकानों, शोरूमों और रेस्टोरेंट्स में भी इन्हें देखा जा सकता है। जुलाई 2022 में लगे बैन के बाद कुछ महीनों तक इसका हल्का असर दिखा था, लेकिन अब एक बार फिर पहले वाली स्थिति नजर आ रही है। प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड, बलून की प्लास्टिक स्टिक, कैंडी की प्लास्टिक स्टिक, कटलरी जैसे चम्मच, ग्लास, स्ट्रॉ आदि समेत 19 आइटम बैन हुए थे। पूनम गौड़ की स्पेशल रिपोर्ट-

दिल्ली के करोल बाग, सरोजनी नगर, लाजपत नगर, राजौरी गार्डन, कनॉट प्लेस, चांदनी चौक से लेकर लोकल मार्केट तक में इन प्रतिबंधित सामानों को इस्तेमाल होते देखा जा सकता है। एक्सपर्ट के अनुसार, न तो एसयूपी के प्रतिबंधित आइटम पर बैन लागू हो रहा है, न ही इनके प्रोडक्शन पर प्रभावी रोक लगी है। छोटे व्यापारियों के लिए बैन हुए आइटम के सस्ते विकल्प भी अब तक उपलब्ध नहीं हैं। पॉलिथीन को छोड़ भी दें तो इन मार्केट में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक की कटलरी तक बड़ी संख्या में नजर आ रही है।



### बैन के बाद क्या हुई कार्रवाई

राजधानी में अर्बन लोकल बॉडी और डीपीसीसी (दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड) इस बैन को एनफोर्स कर रहा है। एक अधिकारी के अनुसार, मार्च 2023 से मई 2024 तक प्रतिबंधित एसयूपी के सामानों के इस्तेमाल के लिए 449 चालान किए गए। यह चालान लोकल अर्बन बॉडी ने किए। इसके तहत 14.16 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीपीसीसी की टीमों ने इस दौरान रूल तोड़ने वालों पर 1.49 करोड़ का जुर्माना लगाया गया। इसमें 48 एसयूपी मैनुफैक्चरर्स भी शामिल हैं। इस दौरान टीमों ने करीब 4540 यूनिट्स का निरीक्षण किया।

**इंडस्ट्रियल एरिया में जांच के आदेश-** एसयूपी को लेकर एनजीटी ने सभी अथॉरिटीज को नरेला इंडस्ट्रियल एरिया और इंडस्ट्रीज के निरीक्षण के आदेश दिए हैं। उन इंडस्ट्रीज को सील करने को कहा गया है, जो प्रतिबंधित एसयूपी के आइटम बना रही हैं। साथ ही इसकी स्टेटस रिपोर्ट भी चार हफ्ते में सब्मिट करने को कहा है। टॉक्सिक लिंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंधित एसयूपी के आइटम का इस्तेमाल राजधानी के 88 प्रतिशत स्टोर्स और मार्केट में हो रहा है। यह स्टडी पांच शहरों दिल्ली के अलावा बेंगलुरु, मुंबई, ग्वालियर और गुवाहाटी में की गई थी।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

इंडिपेंडेंट रिसर्चर प्रीति महेश के अनुसार, प्रतिबंधित एसयूपी के जब तक सस्ते विकल्प नहीं आएंगे, इनकी डिमांड बनी रहेगी। सड़क किनारे सामान बेचने वाले वेंडर प्रतिबंधित आइटमों का पूरा इस्तेमाल कर रहे हैं। सीएसई (सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट) के प्रोग्राम मैनेजर सिद्धार्थ घनश्याम सिंह ने बताया कि प्लास्टिक को लेकर जिस तरह के पैकेजिंग नियम हैं, उससे पूरे प्लास्टिक को खत्म कर पाना काफी मुश्किल है। प्लास्टिक को रिसाइकल करने के लिए यह सबसे बड़ी अड़चन है।

### नॉर्वे से लेना चाहिए सबक

एक्सपर्ट के अनुसार, इन मामले में नॉर्वे ने मिसाल कायम की है। नॉर्वे में सरकार की तरफ से प्लास्टिक और पैकेजिंग पर कोई रोक नहीं है। अगर वहां इस तरह के प्रोडक्ट रिसाइकल नहीं होते तो कंपनियों को बहुत भारी भरकम टैक्स देना होता है। इससे बचने के लिए खुद ही कंपनियों ने प्लास्टिक पैकेजिंग स्टैंडर्ड तय कर लिए हैं। कंपनियों का ग्रुप है और जो उस ग्रुप का हिस्सा नहीं है, वह बड़ा टैक्स दे रहा है। इसलिए 99 प्रतिशत कंपनियां इस स्टैंडर्ड को अपना रही हैं और एक ही तरह का प्लास्टिक और कलर में पैकेजिंग तैयार हो रही है।

### 13000 से अधिक केमिकल्स

ग्रीनपीस की 2024 की एक रिपोर्ट में रिसाइकल प्लास्टिक के नुकसानदायक होने का दावा किया गया था। प्लास्टिक में 13000 से अधिक केमिकल होते हैं। इनमें से 3200 इंसानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। अक्सर रिसाइकल प्लास्टिक में बहुत ज्यादा मात्रा में केमिकल होते हैं। प्लास्टिक कंटेनरों में भरे कीटनाशक, सफाई करने वाले सॉल्वेंट्स आदि पदार्थ रिसाइकल चेन में आने से प्लास्टिक को और नुकसानदेह बना सकते हैं। रिसाइकल में प्लास्टिक को गर्म करने की प्रक्रिया के दौरान हानिकारक केमिकल्स बढ़ते हैं। रिसाइकल करने वाले लोगों के लिए भी यह खतरा है।

### प्लास्टिक से बाढ़ का खतरा: स्टडी

भारत समेत दुनिया भर के 218 करोड़ लोगों पर प्लास्टिक की वजह से बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। यह वो प्लास्टिक है तो ऐसे ही फेंके जाने के कारण नालियों में जमा हो रहा है। टेअरफंड और पर्यावरण परामर्श संगठन रिसोर्स फ्यूचर की 2024 में आई रिपोर्ट के अनुसार इसकी वजह से लोगों को बार बार बाढ़ सहनी होगी। मुंबई की 2005 की बाढ़ की वजह भी रिपोर्ट में इसी प्लास्टिक को माना गया है। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण, पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र के साथ उप सहारा अफ्रीका में इस तरह की बाढ़ का सबसे अधिक खतरा है। यहां बुनियादी ढांचे का अभाव है। नालियों की साफ सफाई की व्यवस्था भी नहीं है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित एशिया और अफ्रीका में रहने वाले लोग होंगे। टॉक्सिक लिंक की 2024 एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिबंधित एसयूपी के आइटम का इस्तेमाल राजधानी के 88 प्रतिशत स्टोर्स और मार्केट में हो रहा है। यह स्टडी पांच शहरों दिल्ली के अलावा बेंगलुरु, मुंबई, ग्वालियर और गुवाहाटी में की गई थी। इस बैन में बताया गया था कि इसका सबसे अधिक असर प्लास्टिक स्टिरर (चाय कॉफी में चीनी मिलाने के लिए इस्तेमाल आने वाली प्लास्टिक की डंडी) और आइसक्रीम स्टिक पर दिखाई दे रहा है।

## 1 दिन में 69 प्रतिशत भरा आईपीओ, ग्रे मार्केट में कंपनी की स्थिति बेहतर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस समय वर्चुअल इंफोटेक आईपीओ ओपन है। कंपनी के आईपीओ का साइज 93.29 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 65.70 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। कंपनी का आईपीओ 9 मई को खुला था। और यह 14 मई तक खुला रहेगा। बता दें, ग्रे मार्केट में भी इस आईपीओ का प्रदर्शन शानदार है।

**क्या है प्राइस बैंड और लॉट साइज-** वर्चुअल गैलेक्सी इंफोटेक आईपीओ का प्राइस बैंड 135 रुपये से 142 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 1000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 1,35,000 रुपये का दांव लगाना होगा।

**1 दिन में 69 प्रतिशत भरा आईपीओ-** पहले दिन आईपीओ 69 प्रतिशत भर गया था। कंपनी के आईपीओ को रिटेल कैटगरी में 27 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ था। क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के सेक्शन में आईपीओ 1.67 गुना सब्सक्राइब किया गया था। वहीं, एनआईआई कैटगरी में यह आईपीओ 39 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ। कंपनी का आईपीओ एंकर निवेशकों से 26.13 करोड़ रुपये जुटाने में सफल रहा है। एंकर निवेशकों के लिए यह आईपीओ 8 मई को खुला था।

**ग्रे मार्केट में स्थिति बेहतर** -इंवेस्टर्सगेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी की स्थिति काफी मजबूत है। ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 17 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। जोकि आईपीओ ओपन होने के बाद का सबसे अधिक जीएमपी है। इस आईपीओ का सबसे कम जीएमपी 6 रुपये रहा है। ग्रे मार्केट में इस स्थिति पर आईपीओ 8 मई को ट्रेड कर रहा था।

# आम आदमी को भारत-पाक युद्ध में चुकानी पड़ी भारी कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सन् 1971 में भारत ने कई मोर्चों पर एक साथ पाकिस्तान को धूल चटाई थी। बांग्लादेश आजाद हुआ था और पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गए थे। आजादी के बाद भारत के सैन्य इतिहास की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। मगर शौर्य की यह यशगाथा जिनको याद है, उन्हें यह भी याद होगा कि उसी दौरान भारत सरकार ने एक शरणार्थी शुल्क लगाने का एलान किया था, जिसे 'बांग्लादेश सरचार्ज' या 'बांग्लादेश टैक्स' के नाम से जाना जाता है। इसे बांग्लादेशी शरणार्थियों के देश में आने के कारण लगाया गया था और करीब-करीब हर चीज पर लगा था। अनुमान था कि कुछ समय बाद यह खत्म हो जाएगा, मगर ऐसा हुआ नहीं। उसके करीब चार दशक बाद 2014 में मुंबई हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका आई, जिसमें पूछा गया कि बांग्लादेश की लड़ाई के इतने साल बाद भी महाराष्ट्र की सरकारी बसों में हर टिकट पर 15 पैसे का बांग्लादेश चार्ज क्यों वसूला जा रहा है पता चला कि राज्य की परिवहन एजेंसियां तब तक इस मद में 440 करोड़ रुपये जमा कर चुकी थीं। इस रकम का क्या करना है, उनको पता नहीं था और वे इसका इस्तेमाल अपने कर्मचारियों का वेतन बांटने या दूसरे खर्चों पर कर रही थीं। याचिका का क्या हुआ, इसकी खबर नहीं मिल पाई है। मगर इससे समझा जा सकता है कि अगर देश के सारे हिस्सों में इस तरह जमा हुई रकम का ही हिसाब जोड़ा जाए, तो उस युद्ध में भारत की जनता के कई हजार-करोड़ रुपये की यह सीधी आहुति थी।




**जेल की रोटी का खर्च भी युद्ध के खाते में-** उसी लड़ाई में दुनिया के इतिहास का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण भी हुआ था। ढाका में पाकिस्तानी जनरल ए ए के नियाजी के साथ करीब 93,000 सैनिकों ने लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने हथियार डाले थे। ये फौजी तब तक भारत की कैद में रहे और जेल की रोटी खाते रहे, जब तक 1972 में शिमला समझौते के बाद उन्हें वापस नहीं भेजा गया। इनका खर्च भी युद्ध के खाते में ही जुड़ता है। गोला-बारूद, विमान, युद्धपोत, मिसाइल, अब ड्रोन और ऐसी ही तमाम युद्ध सामग्रियों के अलावा सैनिकों व सेना के इंतजाम पर होने वाला खर्च हर लड़ाई में बढ़ता ही जा रहा है। इसका हिसाब देश के बजट में देखा जा सकता है। युद्ध में तबाह होने वाली इमारतों व संपत्ति का भी हिसाब जोड़ा जा सकता है और युद्ध के दौरान होने वाला खर्च भी। दोनों पक्षों में जिन लोगों की जान जाती है, उनका और उनके परिवारों का जो नुकसान होता है, उसका हिसाब किसी बजट में नहीं दिखेगा, सिर्फ महसूस किया जा सकता है। मगर युद्ध का असर आर्थिक मोर्चे पर लंबे समय तक महसूस किया जाता है, न सिर्फ उन देशों में, जिनके बीच युद्ध होता है, बल्कि बहुत दूर-दूर तक भी। जैसे अभी यूक्रेन-रूस की लड़ाई और इजरायल-हमास संघर्ष का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर साफ दिख रहा है।

### पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर असर

वरिष्ठ पत्रकार आलोक जोशी हिन्दुस्तान के संपादकीय पेज पर अपने लेख में लिखते है कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो दो बड़े युद्ध हुए हैं, उन दोनों का भी असर हुआ। 1965 की लड़ाई के पहले 1964 में भारत में महंगाई दर 13.36 प्रतिशत और पाकिस्तान में 4.18 प्रतिशत थी। युद्ध वाले साल में यह आंकड़ा भारत में गिरकर 9.47 प्रतिशत हुआ, जबकि पाकिस्तान में बढ़कर 5.57 प्रतिशत पहुंचा। युद्ध के बाद महंगाई बढ़ने लगी। 1966 में भारत में 10.88 प्रतिशत और पाकिस्तान में 7.23 प्रतिशत महंगाई दर हुई। 1967 में यह आंकड़ा भारत में 13.06 प्रतिशत और पाकिस्तान में 6.81 प्रतिशत पर पहुंचा। इसके बाद के साल में महंगाई तेजी से गिरी, जिसकी वजह शायद भारत में हरित क्रांति व आर्थिक नीतियों का असर था, जबकि पाकिस्तान में विदेशों से आने वाली मोटी रकम। दूसरी तरफ, भारत की जीडीपी ग्रोथ 1964 में 7.45 प्रतिशत से गिरकर 1965 में शून्य से भी 2.64 प्रतिशत नीचे चली गई और 1966 में यह कुछ कम ही हुई। यह उबरती है 1967 में। उधर जो पाकिस्तान 1965 में 10 प्रतिशत से ऊपर की रफ्तार से बढ़ रहा था, वह 1966 और 1967 में गिरकर क्रमशः 5.79 प्रतिशत और 5.4 प्रतिशत पर रह जाता है, यानी लगभग आधा।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 12-05-2025 22:04 Page 1



# दो शवों की बरामदगी से सनसनी

## पुलिस कर रही छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धुर्वा।** धुर्वा थाना क्षेत्र के बालसिरिंग स्थित गरसुल बांध से पुलिस ने दो युवकों का शव बरामद किया है। शवों की पहचान नहीं हो पाई है। शवों को थाने लाने के बाद पहचान करने की कोशिश की जा रही है।धुर्वा पुलिस को सूचना मिली कि बालसिरिंग गांव के समीप गरसुल बांध के पास दो युवकों को काटकर फेंक दिया गया है। सूचना पाकर धुर्वा पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा को दी गई। डीएसपी मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों को मौके पर बुलाकर दोनों शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

ग्रामीणों ने बताया कि दोनों युवकों की बांध के किनारे तेज धार वाले हथियार से गला काटकर हत्या की गई है। घटनास्थल काफी सुनसान रहता है और उधर बहुत कम ही लोग आते-जाते हैं। युवकों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों युवकों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। घटना स्थल का कॉल डंप निकाल रही है। पुलिस पुलिस का कहना है कि घटना स्थल का कॉल डंप निकाला जा रहा है ।ताकि यह पता चल सके कि पिछले 24 घंटे में कौन कौन से मोबाइल धारक घटना स्थल पर मौजूद थे। ताकि पुलिस अपराधियों तक पहुंच पाए।

इसके अलावा धुर्वा इलाके में अलग-अलग जगहों पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह जानकारी मिल पाए कि दोनों युवक घटनास्थल तक कैसे पहुंचे। दोनों मृतकों के चेहरा का फोटो जिले के सभी थानों में भेज दिया गया है ,ताकि किसी क्षेत्र से युवकों के लापता होने की सूचना हो तो मृतकों की पहचान कराई जा सके। धुर्वा इलाके में लगातार हो रही है घटनाओं से पुलिस बेबस हो गई है। धुर्वा इलाके में आए दिन बड़ी बड़ी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। चेन छिनतई की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

कुछ दिन पहले अवैध बालू लेकर जा रहे एक वाहन चालक ने पुलिस को कपचलने का भी प्रयास किया था। धुर्वा में स्थित जेपी मार्केट में आए दिन चोरी की घटना होती है। कई जगहों पर युवकों के द्वारा अड्डेबाजी की जाती है इसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है।

# डैम में डूबने से दो की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो के एमजीएम थाना क्षेत्र नारगा डैम में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों उत्तर प्रदेश के रायबरेली के कासगंज के रहने वाले थे।

मृतकों में गौरव सिंह और अभिषेक सिंह है। दोनों युवक और उनके दो भाई एमजीएम थाना क्षेत्र माचाबेड़ा में बांस का घर बनाने का काम कर रहे थे। सभी गोविंदपुर में रहते थे।

वे सभी रविवार को डैम की ओर गए थे। गौरव सिंह नहाने के लिए डैम में उतरा। वह डूबने लगा ये देख अभिषेक सिंह उसे बचाने को डैम में उतरा। दोनों डैम की गहराई में डूब गए।

दोनों का कुछ पता नहीं चला। दोनों के भाई घटना को देखते रह गए और वह कुछ नहीं कर पाए। मौके पर वहां कोई और नहीं था। इस घटना की सूचना भाइयों ने पुलिस को दी।

सोमवार को दोनों युवकों का शव पानी में मिला, जिसे पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पेट्रोल पंपों पर जल्द होगा ईवी चार्जिंग प्वॉइंट का निर्माण

- इलेक्ट्रीक वाहनों की संख्या में हो रहा इजाफा
- लोगों को जल्द मिलेगी सहूलियत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** शहर को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में तेजी से इलेक्ट्रिक कार व मोटरसाइकिलों की बिक्री हो रही है। इसे देखते हुए रांची जोन में 12 से 15 पेट्रोल पंप पर ईवी चार्जिंग प्वॉइंट का जल्द निर्माण किया जाएगा। इसमें रांची सर्किल में 8 से 10 चार्जिंग पाइंट और गुमला सर्किल में 6 चार्जिंग प्वॉइंट का निर्माण किया जाना है।


इस चार्जिंग प्वॉइंट के निर्माण से इलेक्ट्रिक वाहनों को सफर के दौरान मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ेगा। रांची सर्किल में कोकर, डोरंडा, नामकुम, ओरमांझी, तुपुदाना, रिंग रोड, खूंटी में चार्जिंग प्वॉइंट का निर्माण किया जाना है, लेकिन अब तक कोकर, डोरंडा, नामकुम और ओरमांझी में ही पेट्रोल पंप संचालकों ने ईवी चार्जिंग प्वॉइंट लगाने के लिए बिजली विभाग को प्रस्ताव भेजा है। गुमला सर्किल में 6 ईवी चार्जिंग पाइंट लगाने का प्रस्ताव है, जबकि कोलेबीरा और घघरा में ही अब तक पेट्रोल पंप संचालकों ने ईवी चार्जिंग पाइट लगाने की इच्छा जाहिर की हैं।

जेबीवीएनएल की ओर से बताया गया कि इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसे देखते हुए ईवी चार्जिंग प्वॉइंट का निर्माण किया जा रहा है। इसमें दो प्रकार के चार्जिंग प्वॉइंट का निर्माण किया जाएगा। जिसमें नॉर्मल और फास्ट चार्जिंग की सुविधा होगी। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को चार्जिंग के लिए प्रत्येक यूनिट लगभग 8 रुपये शुल्क देना पड़ेगा। शहर में जितनी तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में इजाफा होगा, उतनी ही तेजी से ईवी चार्जिंग प्वॉइंट का भी निर्माण किया जाएगा। साथ ही अब तक शहर में 4 चार्जिंग प्वॉइंट लगाने के लिए एचपी और इंडियन ऑयल कंपनी ने अपनी इच्छा जताई है। जबकि दूसरे पेट्रोलियम कंपनियों को भी इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं। जेबीवीएनएल के इंजीनियरों ने बताया कि आने वाला समय इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा, विदेशों में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में तेजी से बढ़ती जा रही है। महानगर में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है। छोटे शहर के लोग भी अब पेट्रोल भरने के झंझट से मुक्ति चाहते है, उनका भी झुकाव इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर है।

# शादी के दिन दुल्हन प्रेमी संग फरार

## वर पक्ष वालों ने दिखाायी समझदारी, दूसरी से कर ली शादी

### घटना को लेकर चर्चा का बाजार गर्म



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** थाना क्षेत्र के जबेर गांव में एक हैरान करने वाली घटना घटी। जब एक युवती अपनी शादी से कुछ घंटे पहले ही प्रेमी के साथ भाग गई। युवती की शादी शनिवार को चौपारण थाना क्षेत्र के महराजगंज गांव के राहुल कुमार से तय थी। लड़की पक्ष के लोग शादी की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अचानक युवती लापता हो गई।

परिवार और गांव वाले उसकी तलाश में लग गए और जल्द ही पता चला कि वह अपने प्रेमी श्रवण कुमार के साथ फरार हो गई है। इस घटना की सूचना इटखोरी थाना को दी गई।

वहीं, दूसरी ओर दूल्हा और उसके परिवार वाले भी स्थिति को लेकर हैरान थे। फिर भी उन्होंने समझदारी दिखाई और उसी दिन इटखोरी थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव में एक अन्य लड़की से शादी कर ली और यह शादी बिना दहेज के हुई।

गांव वाले बताते हैं कि युवती और श्रवण कुमार पिछले कुछ सालों से एक-दूसरे से प्यार करते थे, लेकिन उनके परिवार वालों ने उनकी इच्छा के बिना शादी तय कर दी थी। जिसके कारण युवती ने यह कदम उठाया।

गांव में इस घटना को लेकर खुब चर्चा हो रही है। कुछ लोग युवती को गलत मान रहे हैं, लेकिन कुछ का कहना है कि अगर पहले उसकी इच्छा पूछ ली जाती तो यह हालात नहीं बनते।

युवती और श्रवण ने आपसी सहमति से शादी कर ली है। वहीं, युवती को भगाने में मदद करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार युवती और प्रेमी की तलाश शुरू कर दी है।

# स्मार्ट मीटर ने बढ़ायी लोगों की परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** शहर के हर इलाके में बिजली बिल की समस्या से लोग परेशान हैं। ज्यादातर लोगों के पास अधिक बिल पहुंच रहा है। अधिक बिल आने की सबसे बड़ी वजह यह है कि लोगों के घरों में अर्थिंग ठीक से नहीं पहुंच रही है। इसके अलावा वायरिंग में भी खराबी है।

अर्थिंग और वायरिंग में खराबी की वजह से फेज बढ़ जा रहा है और स्मार्ट मीटर में दो या तीन फेज चल रहे हैं। अधिक फेज होने की वजह से बिल बढ़ रहा है। इधर, बिजली विभाग के द्वारा यादव मेजरमेंट को स्मार्ट मीटर की जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है।

कंपनी के द्वारा तीस हजार मीटर की जांच की जा रही है और जो समस्या मिल रही है, उसे दूर किया जा रहा है। विभाग का कहना है कि किसी भी उपभोक्ता को लगे कि स्मार्ट मीटर में समस्या है तो वह तुरंत सब स्टेशन में जाकर इसकी सूचना दे सकता है। मीटर की तुरंत जांच कराई जाएगी और समस्या को दूर की जाएगी।

# झारखण्ड में लोगों को सता रही हीटवेव

## 13 एवं 14 मई को दिखेगा विशेष असर

## लोगों से सावधान रहने की अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची और आसपास के जिलों में छाए रहे आंशिक बादल ने जहां तेज धूप के असर को कम किया है और शाम चली ठंडी हवा ने लोगों को सुखद एहसास कराया है।

रांची के मांडर में 12.8 मिमी वर्षा होने के बाद ठंडी हवा बही, जिससे रांची व आसपास के क्षेत्रों का तापमान भी गिरा है। इससे यहां के लोगों को थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, तापमान में यह उतार चढ़ाव सेहत के लिए घातक साबित हो सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूवार्नुमान की बात करें तो 12 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह और साहिबगंज में कहीं कहीं हीटवेव का असर देखने को मिलेगा। इसे लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

वहीं, रविवार को सर्वाधिक तापमान पाकुड़ का 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां के अलावे निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

इस अलर्ट के तहत इन जिलों के कई हिस्सों में मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा बहने और बिजली गिरने की संभावना है, इसे लेकर भी यलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर पूर्वी हिस्से में 13 और 14 मई को भी कई स्थानों पर हीटवेव का असर दिखेगा।

वहीं, 15 मई को उत्तर पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा को छोड़ बाकी स्थानों पर मेघगर्जन के साथ तेज हवा 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से बहेगी। साथ ही बिजली गिरने की भी संभावना है, इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में अगले चार दिनों यानी 12, 13, 14 और 15 मई को अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जबकि निकटवर्ती मध्य भाग और दक्षिणी भाग में कहीं कहीं वर्षापात होने से तापमान सामान्य बना रहेगा। झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में कुछेक स्थानों पर मेघगर्जन और बिजली गिरने की घटनाओं के साथ हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 12.8 मिमी रांची के मांडर में हुई।

सबसे अधिक अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पाकुड़ का और सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकार्ड किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम 36.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# अब जियो टैग से होगी हरे वृक्षों की निगहबानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पर्यावरण संरक्षण के लिए नए पेड़ लगाने के साथ पुराने पेड़ों के संरक्षण पर भी केंद्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने राज्यों को काम करने को कहा है।

राज्य में स्टेट और नेशनल हाईवे के किनारे करीब 20 हजार ऐसे पेड़ हैं जिनकी आयु 100 साल से अधिक है। खास बात यह है कि रांची, सिमडेगा, साहिबगंज और दुमका में ऐसे पेड़ बहुतायत में है।

सड़कों के चौड़ीकरण या नई सड़कों के निर्माण के लिए पेड़ों को वन विभाग की अनुमति के साथ काटा जाता है। अब केंद्र सरकार ने इसके लिए पर्यावरण आडिट कराने के निर्देश दिए हैं। नई योजनाओं के लाभ और पुराने पेड़ काटने से होने वाली हानि की आडिट रिपोर्ट के बाद ही किसी तरह की कार्रवाई होगी। इसके अलावा सड़क किनारे नए वृक्षों को लगाने का काम भी जारी रहेगा। केंद्र सरकार ने राज्यों के वन एवं पर्यावरण विभाग से तय मानदंड के हिसाब से स्टेट हाईवे समेत नगर निकाय में भी पौधरोपण की गति बढ़ाने को कहा है।

राज्य के वनों में महुआ, साल समेत कई प्रजाति के वृक्षों की जियो टैगिंग हो रही है। इसका उद्देश्य इनकी सुरक्षा के साथ वृक्षों की उत्तरजीविता की जांच भी है।

राज्य की पारिस्थितिकी में वृक्षों के लंबे समय तक जीवित रहने के लिए आवश्यक तत्व हैं। पर्यावरणविद नीतीश प्रियदर्शी ने बताया कि हाल के दिनों में जलवायु परिवर्तन की वजह से पुराने वृक्ष स्वतः मृत हो जा रहे हैं।

# थम नहीं रहा डीजीपी को लेकर वाद-विवाद का दौर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार के आदेश के बाद भी अनुराग गुप्ता को डीजीपी पद से नहीं हटाया गया है। इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सवाल खड़ा कर झारखंड सरकार के नियत पर सवाल उठाया है। भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। वहीं बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा बाबूलाल मरांडी को शायद याद नहीं है कि उन्होंने अपने शासनकाल में कितनी बार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया था। कितने संवैधानिक पदों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया था।

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता को लेकर चल रही विवाद थमने का नाम नहीं ले रही है। केंद्र सरकार के आपत्ति के बाद भी राज्य सरकार के निदेर्शानुसार अनुराग गुप्ता झारखंड के डीजीपी के तौर पर सेवा दे रहे हैं इस मामले पर अब राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के फैसले पर विरोध जताते हुए कहा है निर्लज्जता की भी एक हद होती है, पर झारखंड सरकार ने तो उसे भी पार कर दिया है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां बीते दस दिनों से डीजीपी का पद खाली है और अनुराग गुप्ताह्यडीजीपीह्ल जैसे काम कर भी रहे हैं, वो बिना वेतन के सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा ये तो नया भारत निर्माण बिना वेतन, बिना संवैधानिक वैधता, सिर्फ भ्रष्टाचार के दम पर प्रशासन। झारखंड सरकार पर तंज कसते हुए बाबूलाल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने न केवल संविधान के अनुच्छेद 312 को नकारा है, जो वढरउ को अधिकार देता है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह केस के निदेर्शों को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया है।

झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डे ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता प्रकरण पर भाजपा के आरोपों का खंडन करते हुए कहा बाबूलाल मरांडी अब झारखंड की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बचाने के लिए बेबुनियाद आरोपों का सहारा ले रहे हैं। डीजीपी पद पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार पर सवाल उठाने से पहले उन्हें अपनी पार्टी के अंदर झांककर देख लेना चाहिए।

झारखंड में आज जिन मुद्दों पर मरांडी शोर मचा रहे हैं, वे उन्हीं के शासनकाल की देन हैं। तब के भ्रष्टाचार और नौकरशाही के खेल ने ही आज प्रशासनिक व्यवस्था को इस स्थिति में ला खड़ा किया है। लेकिन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दमदार नेतृत्व में राज्य का सही दिशा में विकास हुआ है। आज हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रही है। विनोद पांडे ने पलटवार करते हुए कहा संविधान और सुप्रीम कोर्ट का हवाला देने से पहले बाबूलाल मरांडी ये भी बताएं कि उन्होंने अपने शासनकाल में कितनी बार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया था। कितने संवैधानिक पदों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया था।

ज्ञात हो केंद्र सरकार ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के सेवानिवृत्त होने को लेकर राज्य सरकार को पत्र भेजकर जानकारी दी थी कि 30 अप्रैल तक ही अनुराग गुप्ता झारखंड डीजीपी के तौर पर सेवा दे पाएंगे। लेकिन झारखंड सरकार ने इसे खारिज करते हुए अनुराग गुप्ता को झारखंड डीजीपी के तौर पर कार्य करने की अनुमति दी। साथ ही साथ राज्य सरकार के ओर से केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी गई।

# बुद्ध पूर्णिमा पर दिखा श्रद्धा और उत्साह का संगम

## बोधिवृक्ष के नीचे हुई पारंपरिक पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर लोहरदगा के विधायक और पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव द्वारा एक भव्य बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। भगवान बुद्ध की स्मृति को समर्पित इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने भक्ति, शांति और आत्मचिंतन के भावों के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत दार्जिलिंग से पधारे लामाओं द्वारा की गई। उन्होंने बोधिवृक्ष के नीचे स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा की विधिवत पूजा की। मंत्रोच्चार, पुष्पांजलि और 108 दीपों की आरती से माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। इस आयोजन ने न सिर्फ भगवान बुद्ध के जीवन के प्रति श्रद्धा जताई, बल्कि उनके उपदेशों को जनमानस तक पहुंचाने का भी प्रयास किया।

जैप वन, डोरंडा से पहुंचे छोटानागपुर बौद्ध समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र तमांग एवं जैप वन वाहिनी गुंबा समिति के प्रमुख पेमेन जिंबा के नेतृत्व में महिला अनुयायियों द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भक्ति की अनुभूति से भर दिया। संगीतमय प्रस्तुति के साथ समस्त वातावरण में शांति और समर्पण की भावनाएं व्याप्त हो गईं।

विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने बुद्ध पूर्णिमा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के वचनों में आज के समय की जटिलताओं का समाधान निहित है। उन्होंने कहा कि अगर समाज उनके दिखाए पंचशील और आत्मशुद्धि के मार्ग पर चले, तो हिंसा, असहिष्णुता और अराजकता को समाप्त किया जा सकता है।

# जालसाजी कर जमीन खरीद-बिक्री करने का आरोप, मामला दर्ज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र स्थित मायल मौजा में 3.5 एकड़ जमीन की हेराफेरी का मामला सामने आया है। इस 3.5 एकड़ जमीन में 1.34 एकड़ जमीन की जालसाजी कर खरीद-बिक्री किए जाने के मामले में रैयत अब डीड रद कराने के लिए कोर्ट की दौड़ लगा रहे हैं।

रैयत अब ईडी में भी इसकी शिकायत करने जा रहे हैं। ईडी राज्य में जमीन घोटाला मामले की जांच कर रही है। रांची के बाद बोकारो में वन भूमि घोटाले की जांच कर रही ईडी रामगढ़ के इस मामले को भी अपने अधीन ले सकती है।

रामगढ़ के रजरप्पा थाना क्षेत्र में 1.34 एकड़ जमीन का यह मामला मायल मौजा के खाता नंबर 157 व 535 से संबंधित है। इस मामले में रैयत चितरपुर निवासी शंकर कुमार चौरसिया ने 30 जनवरी 2025 को एक साजिश के तहत जमीन हड़पने के मामले में रजरप्पा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

उन्होंने साजिश रचने व धोखाधड़ी का आरोप रजरप्पा थाना क्षेत्र के सांडी गांव निवासी गोपाल चौधरी, रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर निवासी पवन कुमार शर्मा तथा रजरप्पा के ही मारंग मरचा स्थित हरकी पौंडी कंस्ट्रक्शन के निर्देशक हर्ष कुमार चौधरी पर लगाया था।

हर्ष कुमार चौधरी की जमानत याचिका निचली अदालत से इस बिंदु पर खारिज हो चुकी है कि उन्होंने जमीन खरीदने के लिए तीन चेक से 67 लाख 25 हजार रुपये रैयत को दिए जाने का जिक्र किया था, लेकिन उस अवधि में उनके खाते में केवल 45 हजार 700 रुपये ही थे।

कोर्ट ने इसी बिंदु को पकड़ा और उनकी जमानत याचिका खारिज की। वे फिलहाल, पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

शिकायतकर्ता शंकर कुमार चौरसिया ने रजरप्पा थाने में दर्ज प्राथमिकी में जानकारी दी है कि उन्होंने 19 जून 2023 को गोपाल चौधरी व पवन कुमार शर्मा के साथ उनकी 3.5 एकड़ जमीन के पावर के लिए निबंधित एकरारनामा किया था। इसमें किसी तरह का कोई लेन-देन नहीं हुआ था।

इकरारनामा में यह स्पष्ट रूप से निर्देशित था कि आरोपित जब भी उक्त संपत्ति की बिक्री करते हैं तो जमीन मालिक को उसकी कुल कीमत अदा करेंगे। जब दोनों के गलत क्रियाकलाप की उन्हें जानकारी हुई तो उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से 19 दिसंबर 2024 को पावर वापस लेने व उसका उपयोग नहीं करने के लिए निर्देशित किया।

# मानसून के पूर्व राशन देगी सरकार

**रांची।** मानसून और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने राज्य के 2.88 करोड़ राशन कार्डधारी लाभुकों को जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन एक साथ देने का निर्णय लिया है।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके पीछे का तर्क यही है कि आपदा के समय में कोई भूखा नहीं सोए। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए 1 जून से 30 जून तक राशन वितरण के आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग ने सभी जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि वितरण कार्य में कोई भी लापरवाही न हो और लाभुकों को समय पर व सुरक्षित ढंग से राशन प्राप्त हो।

खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट कहा है कि गरीबों के साथ अन्याय किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वह खुद वितरण कार्यों की निगरानी करेंगे और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, लोगों ने ली राहत की सांस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** रविवार को भीषण गर्मी के बाद जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। इससे कड़ाके की धूप से लोगों को राहत मिली। गर्मी कम महसूस हुई।

तापमान में गिरावट भी आई। प्रातः ऐसा लग रहा था कि जोरदार बारिश होगी, लेकिन जिला मुख्यालय में देर शाम तक बारिश नहीं हुई।

पाकुड़िया, अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र में बारिश हुई। इससे लोगों को राहत मिली है। बारिश के कारण सब्जी उपजाने वाले किसानों को काफी लाभ पहुंचेगा।

सोमवार सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र में सूर्यदेव की प्रचंडता ने धरती को तपाया। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

दिनभर की तपिश और शाम की उमस ने जनजीवन को कष्टप्रद बनाया, लेकिन दोपहर बाद चार बजे प्रखंड क्षेत्र में करीब एक आधे घंटे तक हुई बारिश ने लोगों को राहत दी। प्रखंड क्षेत्र में बेमौसम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की शाम बादलों की गर्जना के बीच हल्की बारिश हुई, इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई। मौसम सुहाना हो गया। बेमौसम बरसात से खेती-किसानी से जुड़े लोगों को भी काफी फायदा पहुंचने वाली है।

दरअसल, वर्तमान समय में खेतों में किसानों ने सब्जी की फसल लगाई है, जो गर्मी के कारण झुलसने के कगार पर पहुंच चुकी थी।

किसान रंजीत मंडल, सुभाष मंडल, एंथोनी मुर्मू आदि ने बताया कि वर्तमान में उनके खेतों में झींगा, करैला, नेनुआ, बैगन, पुनका साग, टमाटर, कद्दू आदि अन्य विभिन्न प्रकार की सब्जी की फसल लगी है। इस समय पानी की सख्त आवश्यकता थी।

# टेस्ट में विराट कोहली के इन रिकॉर्ड्स को तोड़ना होगा मुश्किल

भारतीय क्रिकेट टीम के धमाकेदार बल्लेबाज और सबसे सफल टेस्ट कप्तान रह चुके विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हाल ही में रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था जिसके बाद कोहली के भी टेस्ट से संन्यास की खबरें थी। बीसीसीआई कोहली को संन्यास ना लेने के लिए भी मना रहा था, लेकिन इन सब के बीच अब कोहली ने सोमवार 12 मई को सोशल मीडिया पर टेस्ट क्रिकेट की जानकारी देते हुए सभी को हैरान करते हुए क्रिकेट से सबसे लम्बे प्रारूप से संन्यास ले लिया। टेस्ट में उनके रिकॉर्ड्स इस प्रकार हैं –

1. विराट कोहली भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं। उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया है जिसमें 40 जीत हासिल की जो किसी भी अन्य कप्तान से सबसे ज्यादा हैं।
2. विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाले पहले एशियाई कप्तान हैं। उन्होंने 2018–19 यह उपलब्धि अपने नाम की थी।
3. लगातार 9 टेस्ट सीरीज जीतने का रिकॉर्ड भी कोहली के नाम है जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के जीत के रिकॉर्ड की बराबरी की।
4. कोहली ने टेस्ट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 5864 रन बनाए हैं जिसमें 20 शतक शामिल हैं।
5. विराट कोहली एकमात्र ऐसे टेस्ट कप्तान हैं इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका में जीत हासिल की। वह सेना देश में टेस्ट जीतने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान हैं। कोहली सेना देशों में सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने वाले एशियन कप्तान भी हैं।
6. कोहली लगातार चार टेस्ट सीरीज (2016–17) में दोहरा शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं।
7. ऑस्ट्रेलिया में किसी भारतीय द्वारा बनाए गए सबसे ज़्यादा टेस्ट शतक (7) की सूची में कोहली सचिन तेंदुलकर (6) से आगे हैं।
8. किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज 8,000 टेस्ट रन (169 पारी) बनाने वाले चौथे भारतीय (ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 115 और 141, 2014)।
9. बांग्लादेश को छोड़कर उन्होंने हर उस देश में और उसके खिलाफ टेस्ट शतक बनाए हैं, जिसके लिए उन्होंने खेला है।




### टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद विराट कोहली का बयान-

# मैं अपने टेस्ट करियर को खुशी से याद रखूंगा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट जगत से एक बड़ी खबर सामने आई है। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है। कोहली वनडे और आईपीएल खेलते रहेंगे। संन्यास के बाद विराट कोहली का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि 'मैं अपने टेस्ट करियर को खुशी से याद रखूंगा' मैंने क्रिकेट और टीम को अपना बेस्ट दिया है। छत्तीस वर्षीय कोहली ने पिछले साल ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। उन्होंने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 46.85 के औसत से 30 शतकों की मदद से 9230 रन बनाए हैं। कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर घोषणा की, ''जब मैं खेल के इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं तो यह आसान नहीं है। लेकिन यह सही लगता है। मैंने इसे अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे उम्मीदों से कहीं अधिक दिया है। उन्होंने कहा, ''मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभार लेकर जा रहा हूं जिसने मुझे इस दौरान खेलते हुए देखा।

## टेस्ट रिटायरमेंट के बाद अनुष्का के साथ घर पहुंचे विराट

भारतीय क्रिकेट फैंस को उस वक्त आज एक बड़ा झटका लगा, जब विश्व क्रिकेट के दिग्गज और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। टेस्ट से अपने संन्यास के एलान के बाद विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ दिल्ली अपने घर पहुंचे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से विराट और पत्नी अनुष्का का वीडियो सामने आया है। इससे थोड़ी देर पहले दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए थे। जहां पैपराजी को देखकर विराट मुस्कुराते दिखे थे। टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद विराट कोहली अब पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ दिल्ली पहुंच गए हैं। दिल्ली में विराट कोहली का घर भी है। ऐसे में अब विराट अपनी जिंदगी के इतने बड़े फैसले के बाद अपने घर पहुंचे हैं। जहां वो अपने घरवालों के साथ इस समय को व्यतीत करेंगे। एयरपोर्ट पर अनुष्का और विराट बेहद सादगी भरे अंदाज में नजर आए। अनुष्का ने कैजुअल लुक में हर किसी का ध्यान खींचा, वहीं विराट भी व्हाइट शर्ट-पैंट और व्हाइट शूज में काफी अच्छे लग रहे थे। दोनों के चेहरे पर मुस्कान थी।



### टेस्ट में शानदार रिकॉर्ड

विराट ने अपने टेस्ट करियर के दौरान न सिर्फ रिकॉर्ड्स तोड़े, बल्कि क्रिकेट को एक नई पहचान भी दी। टेस्ट क्रिकेट में उनकी 9000 से ज्यादा रनों की उपलब्धि और विदेशों में मिली ऐतिहासिक जीतों को भुलाया नहीं जा सकता।

# कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद, अब इंग्लैंड दौरे के लिए इन 5 खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। बीसीसीआई के समझाने की खबरों के बीच उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से अलविदा कह दिया। इससे पहले रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था और रविचंद्रन अश्विन अब भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट टीम अनिश्चित स्थिति में है। भारत के मौजूदा प्रतिभावान खिलाड़ियों में से कुछ उभरते और मजबूत खिलाड़ी इंग्लैंड में टीम इंडिया को संकट से निकाल सकते हैं।

**साई सुदर्शन** – युवा सलामी बल्लेबाज ने सभी प्रारूपों के खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। विराट के बाद अब वह खाली स्थान को भरने वाले प्रमुख नामों में से एक है। 23 वर्षीय तमिलनाडु के बल्लेबाज ने अपने शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से धमाल मचाया और तीन रणजी ट्रॉफी मैचों में 76.00 की औसत से 304 रन बनाए जिसमें एक दोहरा शतक, एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। जब कोई गहराई से देखता है, तो सुदर्शन ने 29 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में हिस्सा लिया है जिसमें 1,957 रन बनाए हैं, लगभग 40 की औसत से, सात शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं।

**श्रेयस अय्यर** – आगामी इंग्लैंड दौरा श्रेयस के लिए भारत की टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए एकदम सही मंच हो सकता है। अपने लगातार शानदार प्रदर्शन से



चयनकर्ताओं का मन बदलने तक श्रेयस ने अपनी यात्रा में एक लंबा सफर तय किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 14 टेस्ट और 811 रन बनाने के बाद भी वह अभी भी एक नौसिखिया है। घरेलू सेटअप उनकी सफलता की कहानियों से भरा पड़ा है। मुंबई का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने आखिरी रणजी ट्रॉफी अभियान में श्रेयस ने मुंबई के लिए पांच मैचों में 68.57 की औसत से 480 रन बनाए, जबकि 90.22 की दर से जमकर बल्लेबाजी की।

**केएल राहुल** – केएल राहुल लगातार संकटमोचक और भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे में चौथे स्थान के लिए एक और मजबूत उम्मीदवार हैं। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज का अलग-अलग पदों पर बदलाव का इतिहास रहा है। अपनी परफेक्ट तकनीक के साथ, राहुल ने सफलता का सूत्र खोज लिया है। 33 वर्षीय, जो पहले इंग्लैंड का दौरा कर चुके हैं, वह खिलाड़ी हो सकते हैं जो भारत के आगामी दौरे को परिभाषित करते हैं। उन्होंने 9 टेस्ट मैचों में 34.11 की औसत से 614 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल हैं।

**सरफराज खान** – सरफराज ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में घरेलू क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर डेब्यू किया था। उसी साल उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार शतक जड़ा था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उन्हें बेंच पर बैठना पड़ा था। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 65.61 की शानदार औसत से 4,593 रन बनाए हैं, जबकि 70.73 की शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

**करुण नायर** – दिसंबर 2022 में दूसरा मौका मांगने वाले करुण ने घरेलू स्तर पर विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हुए इस अवसर का भरपूर फायदा उठाया। तिहरा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी ने बेहतरीन फॉर्म का प्रदर्शन किया, जिसने 2017 में अपने आखिरी टेस्ट के बाद से भारतीय टीम में उनकी वापसी के लिए रास्ता बना दिया है। वह पिछले सीजन की रणजी ट्रॉफी में 53.93 की औसत से 9 मैचों में 863 रन बनाकर चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

## आईपीएल के लिए भारत नहीं लौटने वाले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के साथ सीए- रिपोर्ट



**मेलबर्न (एजेंसी)।** आईपीएल स्थगित होने के बाद वापिस लौटे आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अगर बाकी मैचों के लिए भारत वापिस लौटना नहीं चाहते तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया से उन्हें समर्थन मिलेगा। यहां एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

विभिन्न आईपीएल टीमों के आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्वदेश पहुंच चुके हैं। रिकी पोंटिंग और ब्राड हाडिन जैसे कुछ पूर्व खिलाड़ी भारत में रह गए हैं जो कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। दूसरे कोच मसलन जस्टिन लैंगर और माइक हस्सी भी भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के चलते लौट गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद खिलाड़ियों को लौटने के लिये कहा गया है क्योंकि आईपीएल एक सप्ताह के भीतर फिर शुरू होने वाला है।

'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने कहा, 'घबराए हुए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अगर सुरक्षा कारणों से वापस जाना नहीं चाहते हैं तो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उनका समर्थन करेगा। इसमें कहा गया, 'ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी चिंतित और डरे हुए हैं।

## वैशाली की जीत से शानदार आगाज

# ऑस्ट्रिया में महिला ग्रां प्री के अंतिम चरण की हुई शुरुआत

**ग्रॉसलोबमिंग, ऑस्ट्रिया (एजेंसी)।** महिला ग्रां प्री के अंतिम चरण की शुरुआत भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू के शानदार प्रदर्शन से हुई। पहले राउंड में वैशाली ने बुल्गारिया की नुर्ग्यूल सालिमोवा को हराकर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया।

कुल दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में वैशाली भारत की एकमात्र प्रतिनिधि हैं और यह उनका ग्रां प्री श्रृंखला का तीसरा और अंतिम टूर्नामेंट है।पहले राउंड में वैशाली ने काले मोहरों से खेल रहीं सालिमोवा के खिलाफ संतुलित शुरुआत के बाद धीरे-धीरे खेल पर पकड़ बनाते हुए अपने क्वीनसाइड के प्यादों से दबाव बनाना शुरू किया। समय प्रबंधन और काले खानो के नियंत्रण में उनकी बढ़त निर्णायक साबित हुई और उन्होंने मात्र 35 चालों में जीत दर्ज की।

अन्य मुकाबलों में मेज़बान ऑस्ट्रिया की ओल्गा बडेल्का ने पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को चौंकाते हुए शानदार जीत हासिल की। वहीं चीन की पूर्व विश्व विजेता तान झोंगयी ने एक लंबे और संघर्षपूर्ण मुकाबले में झू जिनर को मात दी। पहले राउंड के बाद वैशाली, तान झोंगयी और ओल्गा बडेल्का 1-1 अंक के साथ बढ़त पर हैं।




ग्रां प्री सीरीज की बात करें तो इसमें कुल छह टूर्नामेंट शामिल हैं और हर खिलाड़ी को इनमें से तीन में हिस्सा लेने का अवसर मिलता है। अंत में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली दो खिलाड़ी 2026 में होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करेंगी। दूसरे राउंड में वैशाली का मुकाबला जॉर्जिया की लेला जावाखिशविली से होगा।

# मेरा बर्ताव थोड़ा रूखा था... धर्मशाला में ब्लैक आउट पर पहली बार बोली प्रीति जिंटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण धर्मशाला में 'ब्लैकआउट' के चलते पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के कुछ दिनों बाद अभिनेत्री और पंजाब आईपीएल टीम की सह मालिक प्रीति जिंटा ने स्टेडियम में दर्शकों को नहीं घबराने के लिए रविवार को धन्यवाद दिया। पंजाब की टीम बृहस्पतिवार को 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब बत्ती गुल हो गई जिसे पहले फ्लडलाइट की विफलता के कारण माना गया। टीमों और दर्शकों को उनकी सुरक्षा के लिए स्टेडियम से बाहर निकाला गया। प्रीति ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों की अफरातफरी के बाद आखिरकार घर वापस आ गई हैं। उन्होंने रविवार को प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। प्रीति ने 'एक्स' पर लिखा कि धर्मशाला स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों को - नहीं घबराने और किसी भी तरह की भगदड़ नहीं करने के लिए धन्यवाद... मुझे खेद है कि मेरा बर्ताव थोड़ा



रूखा था और मैंने सभी के साथ तस्वीरें लेने से मना कर दिया लेकिन समय की मांग सभी की सुरक्षा थी और यह सुनिश्चित करना मेरा कर्तव्य और जिम्मेदारी थी कि सभी सुरक्षित रहें। इसे संभव बनाने के लिए धन्यवाद।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम की क्षमता लगभग 23,000 दर्शकों की है और बृहस्पतिवार को स्टेडियम खाली कराए जाने के दौरान यह लगभग 80 प्रतिशत भरा हुआ था। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि मौजूदा स्थिति में टूर्नामेंट को जारी रखना उचित नहीं होगा। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों टीमों के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को धर्मशाला से निकाला गया और कड़ी सुरक्षा के बीच होशियारपुर के रास्ते जालंधर रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया। टीमें शुक्रवार रात विशेष 'वंदे भारत एक्सप्रेस से नई दिल्ली पहुंचीं।

प्रीति ने कहा कि भारतीय रेलवे और हमारे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को दोनों आईपीएल टीम और सभी अधिकारियों और परिवारों को सुरक्षित, तेज और आरामदायक तरीके से धर्मशाला छोड़ने में मदद करने के लिए हार्दिक धन्यवाद। धर्मशाला में हमारे स्टेडियम को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से खाली कराने में मदद करने के लिए जय शाह, अरुण धूमल, बीसीसीआई और हमारे सीईओ सतीश मेनन और पंजाब किंग्स की संचालन टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। सब कुछ बहुत अच्छी तरह से संभाला गया।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शनिवार को कहा था कि बोर्ड के अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बनने के बाद निलंबित टी20 लीग को फिर से शुरू करने के सर्वोत्तम संभावित कार्यक्रम पर रविवार को चर्चा करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर पर बड़ा खुलासा- कराची पर हमला करने के लिए पूरी तरह तैयार थी भारतीय नौसेना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों से चल रहे तनाव में अब कुछ कमी आ गई है। दोनों देशों के बीच टेंशन तब बढ़ गई थी, जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के खिलाफ हमले किए थे। इस दौरान, दोनों देश कई बार आमने-सामने आ गए। रविवार को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताते हुए भारतीय नौसेना ने खुलासा किया कि इस दौरान इंडियन नेवी भी पूरी तरह से तैयार थी और कराची सहित समुद्र और जमीन पर चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने में पूरी तरह सक्षम थी। ऑपरेशन सिंदूर पर तीनों सेनाओं की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग के दौरान वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने कहा, हमारी नौसेना बल पूरी तरह से समुद्र और जमीन पर चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता के साथ निर्णायक स्थिति में अरब सागर में आगे तैनात रहे, जिसमें कराची भी शामिल था।

वाइस एडमिरल भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और भारतीय वायु सेना के अपने समकक्षों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नौसेना संचालन महानिदेशक ने कहा कि नौसेना ने आतंकवादी हमले के 96 घंटों के भीतर अरब सागर में कई हथियारों की फायरिंग के दौरान समुद्र में रणनीति और प्रक्रियाओं का परीक्षण और सुधार किया। वरिष्ठ नौसेना अधिकारी ने यह भी कहा कि नौसेना बल की अग्रिम तैनाती ने पाकिस्तान को रक्षात्मक मुद्रा में रहने के लिए मजबूर किया, जो कि ज्यादातर बंदरगाहों के अंदर या तट के बहुत करीब थी, जिस पर भारतीय सेना लगातार नजर रखती थी। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना ने पूरे समय समुद्री क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखी और पाकिस्तानी यूनिट्स के स्थानों और आवाजाही के बारे में पूरी तरह से जागरूक थी।

वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने दोहराया कि पाकिस्तानी आक्रमण के प्रति भारत की प्रतिक्रिया शुरू से ही नपी-तुली, आनुपातिक, गैर-बढ़ावा देने वाली और जिम्मेदार रही है। डीजीएनओ ने कहा कि 22 अप्रैल को 26 नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकी हमले के बाद अरब सागर में वाहक युद्ध समूह को तैनात किया गया था। वाहक युद्ध समूह एक नौसेना बेड़ा है जिसमें एक विमानवाहक पोत और उसके साथ चलने वाले जहाज शामिल होते हैं। गौरतलब है कि भारत ने 7 मई की सुबह आतंकी ढांचों पर सटीक हमले किए, जिसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। पाकिस्तानी कार्रवाई का भारतीय पक्ष ने कड़ा जवाब दिया और हवाई ठिकानों, वायु रक्षा प्रणालियों, कमांड और नियंत्रण केंद्रों और रडार साइटों सहित कई प्रमुख पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचाया।

### दिल्ली में कारोबारी ने पत्नी और 2 बच्चों संग खाया जहर, चारों की हालत गंभीर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के भारत नगर में सोमवार सुबह एक कारोबारी ने अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जहरीला पदार्थ खाने वालों में हरदीप, उसकी पत्नी हरप्रीत कौर (38), बेटा जगदीश सिंह (16) और बेटी हरगुल कौर (15) शामिल हैं। सभी चारों लोग संगम पार्क स्थित एक फैक्ट्री में मिले। हरदीप बाइक के हार्न बनाने का काम करता है। पुलिस ने बताया कि आज सुबह डीएसआईडीसी, संगम पार्क के शेड नंबर 63 में परिवार के चार सदस्यों द्वारा जहर खाने के संदिग्ध मामले के बारे में भारत नगर थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि हरदीप सिंह यहां बाइक के हॉर्न बनाने की फैक्ट्री चलाते हैं।

# पाकिस्तान कश्मीर का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने में कामयाब रहा: उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था और पर्यटन को झटका दिया है, बल्कि पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से उठाने का मौका भी दे दिया है। उन्होंने कहा कि इस हमले ने कई सालों की मेहनत को बर्बाद कर दिया है, जिसके तहत कश्मीर में पर्यटन और शांति बहाली की कोशिशें की जा रही थीं।

एनडीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले ने राज्य की अर्थव्यवस्था और कूटनीति के क्षेत्र में वर्षों की मेहनत को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हमला ऐसे समय में हुआ जब कश्मीर के पर्यटन उद्योग ने वर्षों बाद रफ्तार पकड़ी थी, लेकिन अब सब कुछ फिर से ठहर गया है। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे मोड़ पर आ गए हैं जहां हम कभी नहीं सोचे थे कि फिर लौटेंगे। यहां फिर से खूनखराबा है, पीड़ा है, उथल-पुथल है... सब कुछ बदल गया है, लेकिन कुछ भी नहीं बदला है।

जब उनसे पूछा गया कि इस बदलाव का असर जमीन पर कैसे दिखता है, तो उन्होंने कहा, इस समय घाटी को पर्यटकों से भरा होना चाहिए था। अर्थव्यवस्था को फल-फूलना चाहिए था, बच्चे स्कूलों में होते, एयरपोर्ट पर हर दिन 50-60 फ्लाइट्स उतरतीं। लेकिन अब घाटी खाली पड़ी है, स्कूल बंद हैं, हवाई अड्डा और एयरस्पेस दोनों बंद हैं।

कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने की कोशिश मुख्यमंत्री ने चिंता जताई कि पाकिस्तान ने एक बार फिर



जानबूझकर कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, जब मैं कहता हूं कि कुछ भी नहीं बदला है - तो इसका मतलब है कि पाकिस्तान ने, दुर्भाग्य से फिर से जम्मू और कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय बनाने में कामयाबी हासिल कर ली है। उन्होंने कहा, अमेरिका मध्यस्थ की भूमिका में खुद को शामिल करने के लिए उत्सुक है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो संघर्षविराम अब तक किसी तरह से बना हुआ था, वह अब टूट चुका है। अब हम यह देखने को मजबूर हैं कि आज रात क्या होता है। उमर अब्दुल्ला ने याद करते हुए कहा कि तीन हफ्ते पहले तक पहलगाम का इलाका पर्यटकों से भरा हुआ था। वहां रौनक थी, जिंदगी थी। लेकिन फिर वह भयावह नरसंहार हो गया।

### बैसारन में धार्मिक पहचान के आधार पर 26 लोगों की हत्या

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने कश्मीर के सुंदर बैसारन मैदान में हमला कर दिया। इस हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आतंकियों ने पहले धार्मिक पहचान की पुष्टि की और फिर गोलियां चलाईं। मारे गए लोगों में 25 पर्यटक थे और एक स्थानीय व्यक्ति – एक टट्टूवाला, जो पर्यटकों की जान बचाने की कोशिश कर रहा था। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने किया करारा जवाब हमले के कुछ दिन बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित 9 आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर तबाह किया गया। इसके अगले दिन पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल हमले किए और सीमावर्ती इलाकों में तोपों से गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि, भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के एयरबेस, कमांड सेंटर, सैन्य ढांचे और एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया। इसके बाद चौथे दिन पाकिस्तान ने अपने कदम पीछे खींच लिए और हालात में अस्थायी शांति आई।

### दिल्ली बजट सत्र का दूसरा सेशन नहीं होगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा के बजट सेशन का दूसरा सत्र को फिलहाल रद्द कर दिया गया है। सचिवालय से आए पत्र में बताया गया है कि आगामी 13 और 14 मई को दिल्ली विधानसभा के इस सत्र को रद्द कर दिया गया है। हालांकि इसे लेकर कोई कारण नहीं बताया गया है। इससे पहले आज दिल्ली विधानसभा में सोलर पावर प्लांट की आधारशिला रखी गई। दिल्ली की असेंबली भी अब सूर्य उर्जा से रोशन होगी। दिल्ली सचिवालय से आए पत्र में लिखा है कि यह आपको सूचित करने के लिए है कि दिल्ली की आठवीं विधानसभा के द्वितीय सत्र (बजट सत्र) की 13 मई 2025 (मंगलवार) और 14 मई 2025 (बुधवार) को होने वाली बैठक,जो पहले 13 मई, 2025 (मंगलवार) और 14 मई, 2025 (बुधवार) को आयोजित होने वाली थी,रद्द कर दी गई है।दिल्ली विधानसभा को जल्द ही सौर्य उर्जा का लाभ मिलने वाला है। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि आने वाले 45 दिनों के अंदर दिल्ली असेंबली सौर्य उर्जा से रोशन होगी। इसके बाद यहां का बिजली बिल भी जीरो हो जाएगा। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि अभी महीने का 15 लाख बिजली का बिल आता है और सालाना 1.75 करोड़ है।

### जो कभी पत्थर फेंकते थे, वो आज भाजपा में हैं: नितिन गडकरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को एक कार्यक्रम में अपने राजनीतिक सफर की पुरानी बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने राजनीति की शुरुआत की थी, तब कुछ लोग उनके घर पर रोज़ पत्थर फेंकते थे, लेकिन समय बदला और आज वही लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। गडकरी स्थानीय भाजपा नेता रामदास आंबटकर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कठिन समय में भी भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा और मेहनत पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उ न्होंने आरएसएस के पूर्व सरसंघचालक बालासाहेब देवरस के एक भाषण का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था, दुर्लभ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होता है।'' गडकरी ने कहा कि आरएसएस में बड़ी संख्या में ऐसे समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनकी बदौलत संगठन ने सफलतापूर्वक लगभग 100 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि ये कार्यकर्ता हमेशा अपनी विचारधारा और राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हैं। गडकरी ने राजनीति में अपने शुरुआती दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि 1975 में जब मैं नागपुर क्षेत्र में भाजपा के लिए काम कर रहा था, तो मेरे इलाके के कुछ लोग अक्सर मेरे घर पर पत्थर फेंकते थे। गडकरी ने कहा कि समय के साथ वही लोग आरएसएस मुख्यालय, डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर और उनके घर आने लगे तथा उनमें से एक तो बाद में भाजपा का वार्ड अध्यक्ष भी बना। गडकरी ने भाजपा और आरएसएस में योगदान के लिए दिवंगत आंबटकर और उनके परिवार की सराहना की।

## दिल्ली पुलिस ने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए 'नयी दिशा' पहल शुरू की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या कम करने और स्कूल न जाने वाले बच्चों को शिक्षा प्रणाली में वापस लाने के मकसद से 'नई दिशा - ए पाथ बैक टू लर्निंग' नाम से नई पहल शुरू की है। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के तहत पुलिस कर्मी उन बच्चों के घर जा रहे हैं जो स्कूल छोड़ चुके हैं। पुलिस कर्मी उनके घर जाकर बच्चों एवं उनके परिवार से सीधे संपर्क कर रहे हैं, ताकि स्कूल छोड़ने के कारणों का पता लगाया जा सके और उन्हें फिर से अपनी पढ़ाई शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दिल्ली पुलिस की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर बच्चे को शिक्षा का दूसरा मौका दिया जाए। डीसीपी (ईस्ट) अभिषेक धानिया ने कहा, ''यह कदम सिर्फ कानून लागू करने से कहीं ज्यादा है। यह मार्गदर्शन और विश्वास बनाने के बारे में है। पुलिस अधिकारी स्थानीय स्कूलों, गैर सरकारी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ कॉर्डिनेट कर विभिन्न प्रकार की सहायता सेवाएं प्रदान कर रहे



हैं - जिनमें दाखिले की सुविधा से लेकर इमोशनल काउंसलिंग और शैक्षणिक सहायता प्रदान करना शामिल है। डीसीपी ने बताया कि आर्थिक तंगी, घरेलू समस्याओं या व्यक्तिगत असफलताओं के कारण स्कूल छोड़ चुके कई छात्र अब क्लासों में वापस लौटने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ दरवाजे नहीं खटखटा रहे हैं, बल्कि उन्हें खोल भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पुलिसिंग में बदलाव का प्रतीक है - सुरक्षा से सशक्तिकरण की ओर। इस पहल की सफलता को देखते हुए दिल्ली पुलिस इसे अन्य जिलों में भी बढ़ाने की योजना बना रही है।

### ब्लैकमेल, किडनैप करने की धमकी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** विजयनगर क्षेत्र में अपहरण की धमकी से दहशत में आई नाबालिग छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया। इंस्टाग्राम के जरिये पीड़िता को आरोपी ब्लैकमेल कर रहा है, छात्रा तनाव में आ गई है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। विजयनगर सेक्टर-नौ की एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनकी 15 वर्षीय बेटी स्कूल में पढ़ रही है। शिवम नाम के आरोपी ने उनकी बेटी का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक कर लिया है। पीड़ित बेटी के पिता ने पुलिस को बताया कि वह उनकी बेटी को परेशान कर रहा है और तरह-तरह का दबाव डालता है। विरोध करने पर आरोपी उनकी बेटी को रास्ते से अगवा कराने की धमकी दे रहा है।

## मालदीव ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए भारत का जताया आभार, अब्दुल्ला खलील बोले- गहरी दोस्ती का प्रतीक

**माले, एजेंसी।** मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद के लिए भारत सरकार और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का आभार जताया। उन्होंने मालदीव और भारत के बीच गहरी दोस्ती का जिक्र करते हुए कहा कि यह सहायता हमारी आर्थिक मजबूती में सहयोग देगी।

मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और भारत सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को रोलओवर करके महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की। उन्होंने आगे कहा, यह समय पर दी गई सहायता मालदीव और भारत के बीच गहरी दोस्ती को दर्शाती है और आर्थिक मजबूती के लिए सरकार के वित्तीय सुधारों को लागू करने के प्रयासों



में सहयोग देगी। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने बीते साल सितंबर में बताया था कि भारत ने मालदीव सरकार के अनुरोध पर 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को एक और साल के लिए बढ़ाकर बजटीय सहायता दी है। बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बीते साल अक्टूबर में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आए थे। नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी। मालदीव के राष्ट्रपति ने भारत की वित्तीय सहायता के लिए आभार जताया था। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा था, यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए विजन को अपनाना था, जो विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेगा। दोनों देशों ने वर्चुअल उद्घाटन भी किया और समझौतों का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया था, राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारत की वित्तीय सहायता के लिए आभार व्यक्त किया, जिसमें इस वर्ष मई और सितंबर में टी-बिलों को मालदीव के लिए बिना ब्याज के एक अतिरिक्त वर्ष के लिए आगे बढ़ाना और द्विपक्षीय मुद्रा स्वैप समझौते के तहत 30 अरब रुपये से 400 मिलियन डॉलर तक का अतिरिक्त समर्थन शामिल है।

### तुर्की में ऐतिहासिक घटनाक्रम: चार दशक पुराने आतंकी संगठन का अंत, पीकेके ने डाले हथियार

**अंकारा एजेंसी।** तुर्की से एक ऐतिहासिक खबर सामने आई है। चार दशकों से तुर्की सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे कुख्यात कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी ने खुद को भंग करने और सशस्त्र संघर्ष समाप्त करने का निर्णय लिया है। इस घटनाक्रम को क्षेत्रीय शांति और पश्चिम एशिया की राजनीति में एक बड़ा मोड़ और मध्य पूर्व में शांति बहाली की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। पीकेके के इस कदम की जानकारी संगठन से जुड़े एक मीडिया आउटलेट फिरात न्यूज़ एजेंसी ने सोमवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह घोषणा पीकेके की एक विशेष कांग्रेस के समापन के दौरान की गई, जो पिछले सप्ताह उत्तरी इराक में आयोजित की गई थी। इस कांग्रेस को फरवरी 2025 में जेल में बंद संगठन के संस्थापक अब्दुल्ला ओकालान की ओर से आए आत्म-विघटन के आह्वान के जवाब में आयोजित किया गया था। पीकेके ने 1984 में तुर्की के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य कुर्द अल्पसंख्यकों के लिए स्वायत्तता और अधिकार सुनिश्चित करना था। इस लंबे संघर्ष में 40,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने पीकेके को एक आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है। पीकेके के इस फैसले से तुर्की ही नहीं, बल्कि इसके पड़ोसी देशों जैसे सीरिया और इराक में भी दूरगामी राजनीतिक और सैन्य परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

# पुलवामा पर अपनी ही पोल खोलने वाले पाक अफसर की नई हवाबाजी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पुलवामा हमले पर अपने ही मुल्क पाकिस्तान की साजिश को बेनकाब कर चुके पाकिस्तानी वायुसेना के एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अब एक और सनसनीखेज दावा लेकर सामने आए हैं। पाकिस्तान में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान औरंगजेब ने दावा करते हुए कहा कि भारत के खिलाफ हमारी एयरफोर्स को 6-0 की जीत मिली है। हालांकि, इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं और इसे एक और हवाबाजी करार दिया जा रहा है। भारतीय सेना ने इससे पहले रविवार कहा था कि पाकिस्तान की तरफ से युद्धविराम की अपील की गई थी। अब तिलमिलाई पाक सेना का कहना है कि उनकी तरफ से युद्धविराम की पहल नहीं हुई। हालांकि पाक सेना ने यह भी कहा कि हम सीमा पर शांति चाहते हैं।

बीबीसी उर्दू के मुताबिक, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने साफ किया कि कोई भी भारतीय पायलट पाकिस्तान की हिरासत में नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर जो



बातें चल रही हैं वो सिर्फ अफवाहें हैं और इनका कोई आधार नहीं है। यह स्पष्टीकरण तब आया जब कुछ पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल दावा कर रहे थे कि एक भारतीय पायलट को पकड़ लिया गया है।

**अपने जख्म छिपा रहा पाक:** पाकिस्तान को भारत के खिलाफ महज चार दिनों की जंग में इतनी तगड़ी चोट लगी है कि उससे उबरने में उसे वर्षों लग जाएंगे। सिर्फ उसके एयरक्राफ्ट ही नहीं, आतंकी भी बड़ी संख्या में मारे गए हैं। भारतीय सेना ने रविवार को बताया था कि उनकी सेना ने हमले में पाक के 40 जवान और अफसर मार गिराए। इतना ही नहीं, 100 से अधिक आतंकी मारे गए, जिनमें तीन बड़े आतंकी भी शामिल हैं। इन तीन आतंकियों में जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी और मसूद अजहर का साला यूसुफ अजहर शामिल है। अजहर 1999 के द्वष्ट-814 विमान अपहरण का मुख्य साजिशकर्ता था। वह पाकिस्तान के बालाकोट स्थित जैश के प्रशिक्षण केंद्र का प्रमुख था। लश्कर-ए-तैयबा का सीनियर आतंकी अब्दुल मलिक रऊफ भी ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया। यह भारत में कई आतंकी हमलों में शामिल था। उसकी मौत से लश्कर की संरचना को बड़ा झटका लगा है। तीसरे आतंकी का नाम मुदस्सर अहमद है, यह लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य है, जो आतंकियों की भर्ती और प्रशिक्षण में शामिल था। वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सक्रिय था।

**युद्धविराम की दुहाई:** पाक सेना के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान युद्ध नहीं चाहता और सख्ती से संघर्षविराम का पालन करता है। लेकिन साथ ही गीदड़भभकी भी दी कि यदि भारत ने कोई भी कदम उठाया तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह दोहरापन पाकिस्तान की उसी रणनीति की याद दिलाता है, जहां वह आतंक और जवाबदेही को एक साथ साधने की कोशिश करता है।

**पाक सेना की मनगढ़ंत बयानबाजी:** पाक सेना के अफसर औरंगजेब ने एक और मनगढ़ंत दावा किया कि पाकिस्तान की सेना ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें तबाह कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुस्कान में केक काट कर मनाया गया नर्स दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म की सालगिरह पर पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 के अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का थीम है। हमारी



नर्स हमारा भविष्य हैं। नर्सों की देखभाल से अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। इस विशेष दिवस के अवसर पर चास स्थित मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में एक सादे समारोह में अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर इरफान अंसारी, डॉक्टर शाहनवाज अनवर, डॉक्टर अवनीश श्रीवास्तव, डॉक्टर मनोज श्रीवास्तव, आदि की उपस्थिति में नर्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के नर्सिंग इंचार्ज उत्तम खवास, संतोषी, पुष्पा बसंती, रोशनतारा, निमाई इत्यादि ने मिलकर केक काटा और कार्यक्रम की शुरूआत की। बाद में नर्स की महत्ता व उनके कार्यकलापों की सराहना करते हुए अस्पताल के वरीय निदेशक डॉक्टर एस सी मुंशी ने कहा कि चिकित्सा जगत में नर्स के साथ काम करना उनके लिए सौभाग्य और खुशी की बात है आपकी दयालुता सहानुभूति और विशेषज्ञता हमारे कार्य स्थल को एक बेहतर स्थान बनाती हैं आपको सराहना और खुशी भरे नर्स दिवस 2025 की ढेरों शुभकामनाएं भी दी।

### खनन विभाग ने की छापेमारी 70 टन अवैध कोयला जप्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त बोकारो विजया जाधव के निर्देशानुसार सोमवार को जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह के मार्ग दर्शन में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो एवं सीताराम टुडू, स्थानीय पुलिस बल ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें बीटीपीएस थानान्तर्गत मौजा जारंगडीह पानी टंकी समीप में अवैध कोयला भंडारण पाया



गया। टीम ने मौके से लगभग 70 टन अवैध कोयला जब्त किया। टीम ने उक्त भण्डारित कोयला खनिज को जप्त करते हुए बीटीपीएस थाना को सुपूर्द कर इस अवैध कार्य में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो, सीताराम टुडू, थाना प्रभारी स.अ.नि पंकज भारद्वाज एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

### आईईडी विस्फोट से सुरक्षा बलों का एक जवान घायल

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आज हुए एक आईईडी विस्फोट के कारण सुरक्षा बलों का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से जख्मी हालत में जवान को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची ले जाया गया है। घायल की पहचान झारखंड जगुआर 101 बटालियन के बम निरोधक दस्ते के जवान मनोज कुमार दमाई के रूप में हुई है। घटना आज छोटानागरा थाना क्षेत्र के मारांगपोंगा जंगल में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार फिलहाल घायल जवान की हालत स्थिर है। घटना के बाद सर्च ऑपरेशन में शामिल जवानों ने अभियान को तेज कर दिया है।

### आतो कराम महोत्सव 2025 के आयोजन में पहुंचे विधायक अनुज बसंत महतो का भव्य स्वागत

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टुण्डी प्रखंड के बरवाटांड़ पंचायत के पिपराटांड गांव में आज सोमवार आतो कराम महोत्सव 2025 के आयोजन के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे टुण्डी विधायक के अनुज बसंत महतो जहां आदिवासी भाई बहनों ने आदिवासी परंपरा के तहत आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर भव्य स्वागत किया उक्त महोत्सव के आयोजन पर विधायक अनुज बसंत महतो ने कहा कि झारखंड के धरोहर एवं अस्तित्व को बनाए रखने में इन्हीं भाई बहनों की मुख्य भूमिका है इस तरह के महोत्सव



पर मैं इन सभी भाई बहनों को दीघार्यु एवं स्वावलंबन होने की कामना करता हूं तथा इस तरह के आयोजन से मन काफी प्रसन्न हो जाता है। मौके पर बसंत महतो, झामुमो टुण्डी प्रखंड अध्यक्ष फूलचंद किस्कू, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरूचरण बास्की , वरिष्ठ झामुमो नेता वीरू सिंह, समेत मांझी हडाम़,नाईकी हडाम़ समेत बड़ी संख्या में आदिवासी भाई बहन उपस्थित थे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स गतका प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत झारखंड का मान बढ़ाया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स गतका प्रतियोगिता में एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक हासिल कर खिलाड़ियों ने झारखंड, स्कूल व बोकारो का मान बढ़ाया है। बोकारो इस्पात नगर के एमजीएम स्कूल की छात्रा जेबा नाज व साक्षी श्रीवास्तव ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जीता स्वर्ण पदक जीता है। एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ के विद्यार्थियों ने आईआईएम बोधगया बिहार में चार से आठ मई तक हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स गतका प्रतियोगिता में एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक हासिल कर झारखंड, स्कूल व बोकारो का मान बढ़ाया। बालिका वर्ग के टीम इवेंट में स्कूल की जेबा नाज व साक्षी श्रीवास्तव ने स्वर्ण पदक जीता। झारखंड बालिका वर्ग की टीम ने फाइनल मैच में महाराष्ट्र को 81-43 अंक से पराजित कर स्वर्णिम सफलता हासिल की। जेबा ने कहा कि कोच और खुद की कड़ी मेहनत के कारण यह मुकाम आज हासिल कर पाई हूँ। इस सफलता में परिवार और स्कूल की अहम भूमिका रही है। विफलताओं से सीख लेकर यह सफलता हासिल की है। वही कोच राजीव कुमार ने कहा कि इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता। क्योंकि छात्राओं ने झारखंड का नाम रोशन किया है। छात्राओं की इस सफलता से इस खेल को बढ़ावा मिलेगा। आगे अन्य खिलाड़ी भी इससे मोटिवेट होंगे। राजीव कुमार ने कहा कि दूसरे प्रदेशों के टीम को इन खिलाड़ियों ने धूल चटकार झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि जेबा नाज व साक्षी श्रीवास्तव ने अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं ने बेहतर किया इसका परिणाम आज सामने है। स्कूल हमेशा पढ़ाई के साथ खेल को भी बढ़ावा देने का काम करती है। आगे भी बच्चों को इसी तरह से ट्रेनिंग देने का काम किया जाएगा।



## हवन व प्रसाद वितरण के साथ अष्टयाम सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 बी-एफ स्थित शिव मंदिर में दो दिवसीय अष्टयाम एवं हरिकिर्तन आज हवन, सामुहिक आरती, विसर्जन के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हो गया। अष्टयाम एवं हरिकिर्तन का आयोजन श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर सेवा समिति के द्वारा किया गया था। बड़े ही आस्था के साथ लोगों ने अष्टयाम एवं हरिकिर्तन में हिस्सा लिया। सभी महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर भक्तिभाव से भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना की। हरे राम, हरे कृष्ण के जयकारे से सेक्टर 12 का वातावरण भक्तिमय हो गया था। अष्टयाम के शुभारंभ में रविवार को शिव मंदिर परिसर से सैकड़ों श्रद्धालु महिला और युवतियां सेक्टर 12 सी स्थित शिव मंदिर पहुंचीं, जहां से कलश में जल लेकर वापस



अष्टयाम स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई थी। इस शुभ अवसर के मुख्य जजमान विनोद कुमार देव व सबिता देव, बबीता सिंह के साथ आयोजन में सहयोगी के रूप में आज उपस्थित होने वालों में कमलेश राय, उपेंद्र सिंह, बेहतर झारखंड के अजित कुमार, ब्रजेश सिंह, डॉ नरेन्द्र कुमार राय, मनोज कुमार, रीता राय अष्टयाम एवं हरिकिर्तन के आयोजन में श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद सिंह के साथ पुरे शिव परिवार सदस्य प्रमुख रूप से सक्रिय रहे। कलश यात्रा, अष्टयाम एवं हरिकिर्तन में सैकड़ो महिला-पुरूष भक्त की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## विश्व कल्याण के लिए भगवान बुद्ध के उपदेशों को आत्मसात करें : राजेंद्र कामत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी के सभागार में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। जिसका शुभारंभ भगवान बुद्ध के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने भगवान बुद्ध के जीवन चरित्र पर अपने विचार व्यक्त किए एवं उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को अहिंसा और शांति का मार्ग बताया है। जिसके द्वारा यह पूरा विश्व सुरक्षित रह सकता है। द्वेष अनुराग और कलह से कोई भी सुखी नहीं रहा है। अतः हमें भगवान बुद्ध के आदर्श को आत्मसात कर सभी जीव में ईश्वर का वास समझते हुए विश्व कल्याण की दृष्टि से अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य चंदन सरकार ने भी भगवान बुद्ध के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बचपन से ही सिद्धार्थ करुणा और प्रेम के प्रति मूर्ति थे। प्रारंभ से ही उनके अंदर अहिंसा भाव भरा हुआ था। इसके इसे प्रमाणित करने के लिए कई कहानियां हम सबों के बीच है। अतः हमें भगवान बुद्ध का अनुकरण करते हुए आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के परीक्षा प्रमुख हेमंत मंडल, जयंती प्रमुख नंदन कुमार पांडे, प्रचार प्रमुख शिखा सिन्हा, शालिनी कुमारी, विशाल कुमार सहित समस्त आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे।



## श्री अय्यप्पा सेवा संघम का चुनाव सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में रविवार को उपायुक्त की देखरेख में श्री अय्यप्पा सेवा संघम का चुनाव सम्पन हुआ। बोकारो के उप निवार्ची पदाधिकारी, रिटर्निंग पदाधिकारी एवं प्रेक्षक सह चास की अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढांडा की देखरेख में - लोकतांत्रिक तरीके से संघम के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें लगभग 127 मतदाताओं ने भाग लिया। इनमें से 80 से अधिक मतदाता चुनाव में भाग लेने के लिए केरल से बोकारो आए थे। श्री अय्यपा सेवा संघम के सदस्यों ने 2025-28 के लिए नई प्रबंधन समिति का चुनाव किया। पी राज गोपाल अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चयनित किए गए। वहीं ईएस सुशीलन महासचिव, मोहनन आर नायर व शशिंद्र करात उपाध्यक्ष, बाला चंद्रन कोषाध्यक्ष एवं डा. सुरेश बाबू व सुरेश कुमार केए को बोर्ड सदस्य के रूप में चयनित किया गया।

# डैमेज क्वार्टर के मेंटेनेंस को ले लोग आंदोलनरत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 स्थित कई आवासों को डैमेज घोषित कर दिया गया है। इसको लेकर आवास बचाओ संघर्ष समिति बनाकर इसका विरोध शुरू कर दिया गया है। आज सेक्टर 12 एफ में लोगों ने विरोध करते हुए बोकारो स्टील प्रबंधन और क्वार्टर मेंटेनेंस कर रही कंपनी एन बी सी सी के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने आरोप लगाया कि बोकारो स्टील प्रबंधन ने डैमेज क्वार्टरों को रिपेयर करने के लिए एन बी सी सी के साथ एम ओ यू किया था। लेकिन प्रबंधन की मनमानी और ठेका कंपनी की मिली भगत से डैमेज क्वार्टरों को रिपेयर कराया जा रहा है। जबकि जिन क्वार्टरों को रिपेयर किया जा सकता था उनको डैमेज घोषित कर दिया गया है। यह मनमानी और गड़बड़ी का मामला बनता है। लोगों ने कहा कि किसी कीमत पर हम अपने क्वार्टर को नहीं छोड़ेंगे जब-जब हम लोग प्रबंधन के पास क्वार्टर के रिपेयर की बात पिछले 4 वर्षो से करते आ रहे थे तो जल्द उसे ठीक करने का भरोसा दिया जाता था लेकिन आज प्रबंधन और ठेका कंपनी की मिलीभगत से हमारे क्वार्टर को डैमेज घोषित कर दिया गया। जबकि दो महीना पहले ही रिटायर कर्मियों को इस सेक्टर में आवास आवंटित किया गया था। यहां जितने भी लोग रहते हैं सब रिटायर्ड गर्मी है और अपनी जमा पूंजी कोई इन घरों में लगाने का काम किया है। लोगों ने कहा कि अगर प्रबंधन इसे फिर से रिपेयर नहीं करती है तो हम लोग इसी तरह आंदोलन करते रहेंगे।



# सेल एससी एसटी इम्प्लाइज फेडरेशन ने की यूनियन के क्रिया कलापों की समीक्षा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल एससी एसटी इम्पलाइज फेडरेशन बोकारो यूनिट की ओर से फेडरेशन कार्यालय सेक्टर 3 ए में बीते 5 मई और 11 मई को समीक्षा बैठक की गई। पूर्व में हुए कार्यक्रम भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की समीक्षा की गई। जिसमें लोगों ने कहा कि 14 अप्रैल को जो जयंती मनाई गई काफी अच्छा रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग एवं युवा उपस्थित रहे। जयंती से पूर्व 13 अप्रैल को जागरूकता रैली में भी काफी संख्या में लोग भाग लिए और सभी सेक्टर का भ्रमण किया। 15 अप्रैल को बाबा साहेब की जीवनी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी बहुत सफल रहा इसके बाद महिलाओं और बच्चों के बीच प्रतियोगिता भी सराहनीय रहा समीक्षा बैठक में प्रत्येक बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए केंद्रीय कमेटी के संयुक्त सचिव सह सेल रिफ्रैक्ट्री यूनिट के अध्यक्ष जगदीश छुरा सभी पदाधिकारी को तहे दिल से आभार किया। उपाध्यक्ष दिनेश रविदास ने इतनी बारिश में महिलाएं, बच्चे बुजुर्ग डटे रहे उसके लिए उन्होंने सभी को आभार प्रकट किया। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता एमके अभिमन्यु अध्यक्ष सेल एससी एसटी इम्पलाइज फेडरेशन केंद्रीय कमेटी सह बोकारो यूनिट ने की एवं संचालन महासचिव रवींद्र महली ने किया। समझा बैठक में मुख्य रूप से दिनेश रविदास जगदीश छुरा शंभू प्रसाद धर्मा पासवान युगल चौधरी इंदल पासवान, राजेश चौधरी, वीरेंद्र कुमार, सुरेश पासवान, सुनील कुमार रैना, निर्मल दास, सुनील कुमार, संतोष कुमार, मंजी राम, शशिकांत कुमार, ऋषि देव कुमार, ओम प्रकाश, सुशील कुमार, देवेंद्र शेट्टी, रमेश महली, चंद्रदीप भगत उपस्थित रहे।



## दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव संकीर्तन के साथ संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के बाघमारा प्रखंड स्थित विकसित, शिक्षित ग्रामों में अग्रीम पंक्ती में होने वाला गांव धारकिरो में दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव कार्यक्रम में हरिनाम संकीर्तन महोत्सव बड़ी धुमधाम से सम्पन्न हुआ।प्रथम दिन प्रीतम तिवारी ने संकीर्तन गायन किया। दूसरे दिन पश्चिम बंगाल के कीर्तन सम्राट विद्वान शिक्षाविद् मशहूर अंजन उपाध्याय ने अपने गायन से रासलीला में देवों के देव महादेव को गोपिका भेष धारण कर रास लीला का आनंद लेने का आख्यान सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ज्ञात रहे यह कार्यक्रम धारकिरो ग्रामवासियों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्पन्न किया। मौके पर ग्रामीणों ने ब्राह्मणों को राधे राधे पट्टा देकर सम्मानित किया। ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चंद्र तिवारी को ग्रामीणों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पियुष तिवारी ने पट्टा देकर सम्मानित किया। इस अवसर हरिप्रसाद तिवारी, लाडू गोपाल तिवारी, ईसीएल से कार्मिक महाप्रबंधक ध्रुव कुमार को माल्यार्पण तथा ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चंद्र तिवारी ने मोमेंटो कीर्तन सम्राट अंजन उपाध्याय को देकर सम्मानित किया। मौके पर सुशील कुमार तिवारी,अवनी कुमार तिवारी,भानु शंकर तिवारी, विश्व नाथ तिवारी, रुपेश तिवारी उपस्थित थे।

## एक 'नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट से मई 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 39 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से दिनाँक 12 मई को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन- अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया. उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उत्कर्ष बैंक के क्लस्टर हेड चन्दन कुमार अरोड़ा एवं ब्रांच हेड ए के पाण्डेय के टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनों को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. अनीता झा (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया. कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया.






# रामगढ़ में कृषि वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामगढ़ कृषि विज्ञान केन्द्र में आज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना के द्वारा षष्ठम वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना के निदेशक डॉ अनूप दास के साथ डॉ जे ओरांव, डॉ उज्जवल कुमार, डॉ डी वी सिंह के अलावा कृषि कार्य से जुड़े रामगढ़ जिले में संचालित विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख भी उपस्थित थे।

मौके पर किसानों की आमदनी दोगुनी और चौगुनी करने के लिए उपस्थित सभी लोगों ने आपस में विचार विमर्श किया तथा अपने-अपने प्रश्नों के माध्यम से भी विशिष्ट अतिथि का ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ अनूप दास ने बताया कि आज का कार्यक्रम विशेष कर किसानों की आय को बढ़ाने के लिए था। मौके पर कार्यक्रम में पहुंचे एक किसान ने बताया कि इस कार्यक्रम में हमें आलू बैगन की खेती के अलावे ओल, आंवला एवम बिना बीज वाले शरीफा की खेती कर आमदनी को दोगुनी ही नहीं चौगुनी भी कर सकते हैं। मौके पर कार्यक्रम में पहुंची एक महिला किसान ने बताया कि आज के कार्यक्रम में सभी वैज्ञानिकों ने बताया हमें अपनी आमदनी कैसे दोगुनी चौगुनी करनी है।

# बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मत को लेकर वैकल्पिक मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मती को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। ओवरब्रिज बंद रहने की स्थिति में वैकल्पिक मार्गो पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ना तय है। ऐसे में वैकल्पिक मार्गो को सुगम और अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए नगर निगम, आर पी एफ और बैंक मोड़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान हीरापुर से शुरू होकर बरमसिया होते हुए रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर तक चला। इस दौरान सड़कों पर वर्षो से लगे ठेले, खोमचे, फल-सब्जी और कपड़े की अस्थायी दुकानें हटाई गईं। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीन की भी मदद ली गई। स्थानीय दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि दोबारा सड़क पर अतिक्रमण करते पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे एप्रोच रोड के दक्षिणी हिस्से में अवैध रूप से फैली सब्जी मंडी को भी हटाया गया। यह इलाका ओवरब्रिज के बंद होने पर वैकल्पिक मार्ग के तौर पर इस्तेमाल किया जाना है, लेकिन संकरी गलियों और दुकानों के कारण यहां से वाहन निकलना मुश्किल हो रहा था। अभियान के तहत इस मार्ग को खाली कराकर उसे ट्रैफिक के लिए अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया। नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वैकल्पिक मार्गो पर अतिक्रमण हटाना जरूरी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ सड़कें संकरी हैं। उन्होंने कहा ओवरब्रिज के मरम्मत कार्य के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए अतिक्रमण हटाने के बाद नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। साथ ही, स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे सड़क किनारे दुकानों का संचालन न करें। पुलिस और नगर निगम की टीमें लगातार क्षेत्र में गशत करेंगी, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।



## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने मनाई भगवान बुद्ध की जयंती

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था ने बुद्ध पूर्णिमा उमंग, उत्साह और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया।गोल्फ ग्राउंड के समीप संस्था के पदाधिकारियों ने भगवान बुद्ध की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। हर साल वैशाख पूर्णिमा के दिन बुद्ध जयंती मनाई जाती है। इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा यह बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है, इसे बुद्ध जयंती के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस शुभ दिन पर ही गौतम बुद्ध का जन्म और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उनके जीवन में तीन अधिक महत्वपूर्ण घटनाएं रही है, पहला उनका जन्म, दूसरा ज्ञान और तीसरा मोक्ष, यह सभी एक ही तिथि पर आते हैं। इस पावन दिन विधि-विधान से भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।बुद्ध के अनुयायी बुद्ध पूर्णिमा को बुद्ध के जन्म के रूप मनाते हैं. माना जाता है कि इसी दिन बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी. बौद्ध लेखों के अनुसार, गौतम बुद्ध ने बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान लगाया था और वहीं ज्ञान की प्राप्ति की थी। आज के दिन बौद्ध गया में भव्य आयोजन पूजा अर्चना की जाती है,लाखों लाख लोग देश विदेश से बुद्धिस्ट आते है रात भर भगवान बुद्ध की विचारों का गाथा सुनाते है मौके पर जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी, कार्य कारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी, महासचिव बुचू हाड़ी, सूचना मंत्री रंजीत हाड़ी, अजीत राम, के अंसारी, युवा समिति के जिला रक्षा मंत्री बीरेंद्र हाड़ी, संगठन सचिव भरत हाड़ी, दिलीप हाड़ी थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com